Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09




खेल

[बीसीसीआईने आईओए को भेजी 30 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट, सूर्यवंशी को एशियन...]

देश

[सिद्दरमैया से डीके शिवकुमार तक ... कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन से कांग्रेस को क्या हैं उम्मीदें?]




मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 01 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 179 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,43,950 | ₹ 2,80,000 |

## आज का इतिहास

**1930** : भारत की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन बॉम्बे वीटी से पुणे के बीच चली।

**1996** : हरदनहल्ली डोडे गौड़ा देव गौड़ा (एच.डी. देवगौड़ा) भारत के 11वें प्रधानमंत्री बने।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में आज से शुरू होगा खेत बचाओ अभियान

**पटना (नि.स.)** । राज्य में आज से एक माह तक चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' की शुरुआत होगी। यह अभियान आज से 30 जून तक पूरे बिहार में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद और जैविक खेती के प्रति जागरूक बनाना है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा पटना स्थित मीठापुर कृषि भवन से अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य 'कम खाद, सही खाद और सही सलाह' के सिद्धांत को खेत-खेत तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को नियंत्रित करने, खेती की लागत कम करने तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में मृदा स्वास्थ्य सुधार को प्राथमिकता देते हुए किसानों को मिट्टी जांच कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान हरी खाद, जैविक खेती और विभिन्न बायो-प्रोडक्ट्स के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचकर उन्हें व्यावहारिक सलाह देंगे। किसानों को कम पानी में होने वाली फसलों, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी। कृषि विभाग ने अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी की है। इसके लिए सांसदों, विधायकों, मुखियाओं और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गांवों में चौपाल आयोजित कर किसानों को जागरूक करने की अपील की गई है। अभियान के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित पात्र किसानों को भी जोड़ा जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय दलहन-तिलहन मिशन और कृषि यांत्रिकीकरण योजनाओं का लाभ गांव स्तर तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। अभियान के सफल संचालन के लिए सभी जिलों में विशेष टीमों का गठन किया गया है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने निर्माणाधीन बेली ब्रिज और मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण, कहा

# पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित होगा विक्रमशिला सेतु : मुख्यमंत्री

### विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, श्रावणी मेला की तैयारियों की हुई समीक्षा

निज संवाददाता | भागलपुर

• आम लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर दिया।




उपमुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल रहे सम्राट चौधरी रविवार को भागलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने विक्रमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज का निरीक्षण किया तथा जिले में चल रही विकास योजनाओं और आगामी श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसदों और एनडीए कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रविवार दोपहर भागलपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद सम्राट चौधरी सीधे विक्रमशिला सेतु पहुंचे। यहां उन्होंने हाल ही में तैयार किए गए बेली ब्रिज का बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कार्य, संरचनात्मक मजबूती तथा यातायात व्यवस्था से संबंधित जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल पर आवागमन की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुल पर यातायात सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात प्रबंधन को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। हवाई अड्डे से लेकर विक्रमशिला सेतु और समाहरणालय तक सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। विक्रमशिला सेतु के निरीक्षण के बाद सम्राट चौधरी समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचना के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। सम्राट चौधरी का यह दौरा भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज के निरीक्षण, नई विकास योजनाओं के शुभारंभ और श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा से क्षेत्र के विकास तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### मन की बात : पीएम ने समाजसेवी और युवाओं के प्रेरक प्रयासों का किया उल्लेख, समाजहित के कार्यों से जुड़ने का किया आह्वान

# लोगों के प्रेरणादायी कार्यों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा है देश : नरेन्द्र मोदी



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के गांवों और शहरों में अनेक ऐसे प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं, जिनसे यह विश्वास और मजबूत होता है कि भारत अपने लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से समाज के लिए कार्य करने वालों को पहचानने, उनकी सराहना करने तथा उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं भी सकारात्मक कार्यों से जुड़ने की अपील की। रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे कई प्रेरक प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत के हर गांव और हर शहर में कुछ न कुछ ऐसा हो रहा है, जो समाज को नई दिशा और प्रेरणा दे रहा है। कई बार इन प्रयासों की अधिक चर्चा नहीं होती, लेकिन जब लोग इनके बारे में जानते हैं तो देश की सामूहिक शक्ति पर उनका विश्वास और मजबूत होता है।

## गूंजा बिहार का स्वाद, प्रधानमंत्री ने सत्तू और जर्दालु आम का किया उल्लेख

• मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जताया आभार, कहा- बिहार की संस्कृति और उत्पादों को मिला राष्ट्रीय मंच

निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड में बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू और प्रसिद्ध जर्दालु आम का उल्लेख कर राज्यवासियों का गौरव बढ़ाया। प्रधानमंत्री के इस उल्लेख के बाद बिहार में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बन गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इसी क्रम में उन्होंने बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू का जिक्र करते हुए कहा कि यह ऐसा खाद्य पदार्थ है जो पेट भी भरता है और शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने इसे गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को बिहार की पारंपरिक खान-पान संस्कृति के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

आम के मौसम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में मिलने वाली आम की प्रसिद्ध किस्मों का उल्लेख किया। उन्होंने बिहार के जर्दालु आम की विशेषता बताते हुए कहा कि इसकी खुशबू दूर से ही पहचान में आ जाती है। इसके साथ ही उन्होंने चौसा, मालदा, दशहरी, लंगड़ा, अल्फांसो और केसर जैसे लोकप्रिय आमों का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सत्तू और जर्दालु आम का उल्लेख बिहार के किसानों, उद्यमियों और आम लोगों के परिश्रम का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी तथा किसानों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध कृषि परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और लोक जीवन के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। प्रधानमंत्री द्वारा राज्य की इन विशेषताओं को राष्ट्रीय मंच पर स्थान दिए जाने से बिहार के लोगों का उत्साह बढ़ा है और स्थानीय उत्पादों के प्रति लोगों का आकर्षण भी बढ़ेगा।

## जून के पहले सप्ताह में लौट सकती है भीषण गर्मी, बारिश और आंधी का अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक रहने वाली नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में मौसम का मिजाज एक बार फिर तेजी से बदलने वाला है। जहां रविवार को कई जिलों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज आंधी की संभावना जताई गई है, वहीं जून के पहले सप्ताह में भीषण गर्मी और लू की वापसी के संकेत भी मिले हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए भारी बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। इनमें पटना, गया, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सारण, सिवान, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, सुपौल, सहरसा, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय और लखीसराय शामिल हैं।

विभाग के अनुसार इन जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश, 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान बारिश और बादलों का असर समाप्त होने के बाद राज्य में तापमान में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो सकती है।

## सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर घटाया विंडफॉल टैक्स, नई दरें आज से लागू

• पेट्रोल पर कर आधा हुआ, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर भी राहत, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा दरों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल गेन टैक्स में कटौती करने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लागू कर की दरों में कमी की गई है। नई दरें आज से प्रभावी होंगी। सरकार के निर्णय के तहत पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाला विंडफॉल टैक्स आधा कर दिया गया है। पहले जहां इस पर 3 रुपये प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (एसएईडी) लागू थी, वहीं अब इसे घटाकर 1.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

इसी प्रकार डीजल के निर्यात पर एसएईडी को 16.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 13.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाला कर 16 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 9.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर लगने वाला सड़क एवं आधारभूत संरचना उपकर (रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस) शून्य रहेगा। साथ ही घरेलू बाजार में बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर वर्तमान कर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की खुदरा कीमतों पर इस फैसले का तत्काल कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि भारत में पहली बार जुलाई 2022 में विंडफॉल टैक्स लागू किया गया था। उस समय वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से कंपनियों को हो रहे अतिरिक्त लाभ को देखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई थी।

## विधान परिषद चुनाव की तैयारी में जुटी जदयू चार सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर होने वाले आगामी चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, विधान परिषद की जिन 10 सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से चार सीटें जदयू के हिस्से में आने की संभावना है। इन चार सीटों में एक सीट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई है, जबकि तीन अन्य सीटें जदयू के विधान पार्षद गुलाम गौस, भीष्म सहनी और कुमुद वर्मा के कार्यकाल समाप्त होने के कारण खाली हो रही हैं। विधान परिषद चुनाव को लेकर पार्टी की गतिविधियां रविवार सुबह से ही शुरू हो गई थीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबसे पहले उप मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जदयू नेता विजय कुमार चौधरी के आवास पहुंचे।

वहां से दोनों नेता जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा के आवास पर पहुंचे, जहां पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ उम्मीदवारों के चयन पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों के मुताबिक, जदयू को मिलने वाली चार सीटों में से एक सीट के लिए मुख्यमंत्री के पुत्र नीशांत कुमार का नाम लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लिए आज से चार दिवसीय वार्ता, कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

• 25 लाख से अधिक कार्ड फर्जी या निष्क्रिय पाए जा सकते हैं।

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही व्यापार वार्ताओं को अब अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी 1 जून से नई दिल्ली में चार दिवसीय बैठक करेंगे, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते (इंटरिम ट्रेड पैक्ट) को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे की रणनीति तय करने पर चर्चा होगी।

जानकारी के अनुसार, भारत की ओर से वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन वार्ता का नेतृत्व करेंगे, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे। यह बैठक 1 जून से 4 जून तक नई दिल्ली में आयोजित होगी। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते के विभिन्न प्रावधानों को अंतिम रूप देने के साथ-साथ व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ बाधाएं, सीमा शुल्क एवं व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन तथा आर्थिक सुरक्षा सहयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा करेंगे।

भारत और अमेरिका ने फरवरी 2026 में व्यापार संबंधों को नई दिशा देने के लिए एक प्रारंभिक ढांचे पर सहमति जताई थी। इसी ढांचे के आधार पर अंतरिम समझौते की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। दोनों देशों ने व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह अंतरिम समझौता अंतिम रूप लेता है तो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई गति मिलेगी। इससे निर्यात, निवेश और रणनीतिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का रास्ता भी और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। हालांकि, टैरिफ, ऊर्जा आयात, निवेश सहयोग और अन्य संवेदनशील व्यापारिक मुद्दों पर अंतिम सहमति वार्ता के परिणामों पर निर्भर करेगी।

### 10 दिनों में 122 बच्चे मुक्त, 60 नियोजकों पर प्राथमिकी

**पटना(नि.सं.)**। बिहार को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 20 से 30 मई के बीच राज्यभर में व्यापक छापेमारी और निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न जिलों में 222 स्थानों पर छापेमारी कर 122 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया, जबकि बाल श्रम कराने वाले 60 नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। विभाग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि विभागीय मंत्री अरूण शंकर प्रसाद के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन के लिए बहुआयामी रणनीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत बाल श्रमिकों की पहचान कर उन्हें कार्यस्थलों से मुक्त कराया जा रहा है तथा उनके पुनर्वास और शिक्षा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।


BAYC Institute
स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज


गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


### 962 करोड़ रुपये की परियोजना से पटना-कोलकाता रेल मार्ग पर बढ़ेगी रफ्तार

# पटना-कोलकाता रेल मार्ग पर यहां बनेगी 54 किमी की तीसरी लाइन

निज संवाददाता | पटना



बिहार में रेल यात्रियों और माल परिवहन को बड़ी राहत देने की दिशा में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेल मंत्रालय ने पटना-कोलकाता रेल मार्ग के महत्वपूर्ण किऊल-झाझा रेलखंड के बीच लगभग 54 किलोमीटर लंबी तीसरी रेललाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 962 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, किऊल-झाझा रेलखंड वर्तमान में अत्यधिक रेल यातायात का दबाव झेल रहा है। दोहरी रेललाइन पर क्षमता से अधिक ट्रेनों के संचालन के कारण अक्सर परिचालन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में तीसरी लाइन का निर्माण इस मार्ग की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ ट्रेनों के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह रेलखंड देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोरों में शामिल माना जाता है। यह मार्ग पूर्वी भारत को उत्तर भारत तथा नेपाल से जोड़ता है। साथ ही कोलकाता और हल्दिया बंदरगाहों से रक्सौल के रास्ते नेपाल तक माल परिवहन के लिए भी यह रेलखंड बेहद महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि इस रूट पर यात्री और मालगाड़ियों दोनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

रेल अधिकारियों का कहना है कि तीसरी लाइन बनने के बाद एक्सप्रेस ट्रेनों को अधिक आसानी से फ्री ट्रैक उपलब्ध हो सकेगा। वर्तमान में भारी ट्रैफिक के कारण कई बार मालगाड़ियों और लोकल ट्रेनों को लूप लाइन में खड़ा करना पड़ता है, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ता है। नई लाइन के निर्माण से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी और समयबद्धता में भी सुधार आएगा। परियोजना पूरी होने के बाद इस रेलखंड पर नई एक्सप्रेस, पैसेंजर तथा वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों के संचालन की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। इसके अलावा मालगाड़ियों को निर्बाध ट्रैक मिलने से माल ढुलाई की गति बढ़ेगी, जिससे उद्योग और व्यापार क्षेत्र को भी लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 लीटर चुलाई शराब के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिय पुलिस जिला के मझौलिया पुलिस ने रविवार के दिन विभिन्न कांडो में आरोपित पांच शराब कारोबारियों को कुल 21 लीटर चुलाई शराब के साथ मध निषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज एसएचओ अमर कुमार ने बताया कि कांड संख्या 476/26 के नामजद अभियुक्त हरपुर गावं निवासी झगरू पासवान (61) वर्ष को चार लीटर चुलाई शराब के साथ तथा कांड संख्या 477/26 के नामजद अभियुक्त संजय महतो, मन्देश राम, नारद यादव तीनों साकिम बखरिया को 17 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे शराब के एक और धंधेबाज लालसरैया सेंटर बाजार निवासी संतोष पासवान को गिरफ्तार किया गया।एसएचओ ने बताया कि सबों का मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।उन्होंने बताया कि शराब और नशेड़ियों के खिलाफ मुहिम जारी रहेगा।

### 11 दिन से लापता किशोर के साथ अनहोनी की आशंका, महानंदा नदी में तलाश तेज



**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के सफा नगर से 11 दिन पहले लापता हुए 17 वर्षीय किशोर मोहम्मद कैसर आलम के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस जांच के दौरान किशोर के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। मामले को लेकर परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि पुलिस भी हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, लहरा फुलवाड़ी निवासी मोहम्मद कैसर आलम 20 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने 23 मई को सदर थाना में अपहरण एवं गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया कि 20 मई की रात भोजन करने के बाद कैसर घर पर ही था। देर रात करीब दो बजे उसके मोबाइल पर लगातार फोन आने के बाद वह घर से बाहर निकला और फिर वापस नहीं लौटा।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने किशोर के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। परिजनों ने भी तीन युवकों पर किशोर को गायब करने का आरोप लगाया है।

हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ के दौरान एक युवक ने पुलिस को ऐसी जानकारी दी है, जिसके बाद जांच की दिशा बदल गई है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है और सभी तथ्यों का सत्यापन कर रही है। पुलिस ने लापता किशोर की तलाश तेज करते हुए महानंदा नदी के आसपास संभावित स्थानों पर खोज अभियान शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि मोहम्मद कैसर आलम वेल्डिंग का काम करता था और परिवार के साथ रहता था। प्रभारी सदर थानाध्यक्ष निसार अहमद ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा सभी पहलुओं पर जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं परिजन किशोर की सकुशल बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### एसएसबी ने दो मोटरसाइकिल समेत तस्करी के 123 पैकेट चाइनीज सेब बरामद किया



**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56वीं वाहिनी की एफ समवाय फुलकाहा की टीम ने पथरदेवा स्थित चकोरवा गाँव के पास बीती रात तस्करी कर नेपाल से भारत लाये जा रहे 123 कार्टून चाइनीज सेब के साथ दो मोटरसाइकिल जब्त किया। एसएसबी ने यह कार्रवाई भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 186/1के नजदीक भारत साइड में करीबन एक किलोमीटर पर की। सशस्त्र सीमा बल की गश्ती टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गये तस्करों में चकोरवा गांव के वार्ड संख्या 5 के रहने वाले 27 वर्षीय सुरज मेहता और उसी गांव के वार्ड संख्या 6 के रहने वाले 22 वर्षीय प्रशांत कुमार पासवान है।एसएसबी ने आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद गिरफ्तार तस्करों और जब्त तस्करी के सेब और मोटरसाइकिल को रविवार को फारबिसगंज कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया।

### भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न,12 साल बेमिसाल नरेंद्र मोदी का कार्यकाल




**सहरसा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह के संचालन में जिला कार्यालय पटुआहा में रविवार को कार्यकर्ताओ की जिला बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला पदाधिकारी मंच मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मंडल अध्यक्ष बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि मधेपुरा के पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा आयोग के सदस्य स्वदेश कुमार यादव, जिला प्रभारी सुनील कुमार, जिला महामंत्री द्वय भैरवानंद झा अनमोल भगत, जिला मंत्री मुकेश मानस, कूमार गौरव सिंह ने बैठक को संबोधित किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं वंदेमातरम के गायन से बैठक की शुरूआत की गई। जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किए एवं अगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। आज के बैठक के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य स्वदेश कुमार यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए 12 साल बेमिसाल नरेंद्र मोदी का कार्यकाल रहा है। अगामी दिनों में नरेंद्र मोदी के किए हुए कार्यों पर प्रदर्शनी बुद्धिजीवियों की संगोष्ठी एक पेड़ मां के नाम हर कार्यकर्ता को कम से कम एक वृक्ष लगाना है। 4 से 14 जुन तक जन संपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, रिंकी देवी,जिला मंत्री पंकज पाठक, अभिषेक पांडेय, अरविन्द भगत, अभिनंदन कुशवाहा,विपीन कुशवाहा,सुबोध साह, सुरजीत सिंह कुशवाहा, सुगामनी देवी, अखिलेश कुमार वर्मा, दिनेश प्रसाद यादव, अभिलाष कुमार,नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह, आशीष गुप्ता,मनोरंजन चौधरी,अजय कृष्णा साह, रमेश कुमार सिंह, शालिग्राम मिश्र, अभिमन्यु सिंह, संजीव कुमार सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रजौली में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई:
# 594 लीटर महुआ शराब के साथ 3 बाइक जब्त, बस से 2 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में शराब निर्माण व भंडारण के अलावे परिवहन उत्पाद बलों एवं बिहार पुलिस के द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रही है। शराब तस्कर सीमावर्ती क्षेत्र में शराब का निर्माण करते हैं और फिर जंगली क्षेत्रों से होकर ग्रामीण पथ का उपयोग करते हुए शराब का परिवहन करते हैं। बीते शनिवार की देर रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने फुलवरिया डैम के रास्ते से महुआ शराब लदी तीन बाइकों को जब्त किया है। जबकि अंधेरे और जंगली रास्ते का सहारा लेकर शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की जांच की जाती है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में शराब संबंधित गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीते शनिवार की देर रात्रि लगभग 11 बजे गुप्त सूचना मिली कि शराब की खेप फुलवरिया डैम के रास्ते से रजौली की ओर जाने वाली है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर जांच चौकी प्रभारी उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता उत्पाद बलों के साथ छापेमारी किए। उत्पाद बलों को देखकर तीन बाइकों पर सवार लोग बाइक को सड़क पर छोड़कर भाग खड़े हुए। उत्पाद बलों ने बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के तीन बाइकों पर लदे प्लास्टिक के बोरे में रहे 594 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया है। जब्त शराब एवं फरार तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर जांच चौकी पर यात्री बस से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में लखीसराय जिले के बरहिया थाना क्षेत्र के इन्द्रपुर मोहल्ला निवासी राम अशोक सिंह के पुत्र राज कुमार एवं खगड़िया जिले के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के उत्तरी हाजीपुर मोहल्ला निवासी स्व. विजय राम के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जांच के दौरान दो लोगों को शराब के नशे में हिरासत में लिया गया,जिसे रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय में शराबियों द्वारा जुर्माना राशि जमा किए जाने के बाद छोड़ दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद एसआई नागो लकड़ा, एएसआई धर्मेंद्र कुमार व एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह के अलावे गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।



जब्त शराब व बाइक के साथ उत्पाद बल

## रजौली पुलिस की कार्रवाई में तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र से पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में चलाई गई इस विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुम्हरुआ ग्राम निवासी स्वर्गीय बालेश्वर राजवंशी के पुत्र और कुर्की वारंट के आरोपी महेंद्र राजवंशी को उसके घर से दबोच लिया। इसी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पुलिस बल ने महसई निवासी राजू राजवंशी के पुत्र वारंटी सकलदेव राजवंशी और रजौली थाना क्षेत्र के ही एक अन्य वांछित अपराधी, स्वर्गीय परमेश्वर पासवान के पुत्र वारंटी रामबली पासवान उर्फ बलराम पासवान को भी धर दबोचा।

प्रभारी थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व और सटीक सूचना तंत्र के कारण इन तीनों आरोपियों को कानून के शिकंजे में लिया जा सका, जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों को संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## दायबिगहा दोमुहानी पइन से अधेड़ का शव बरामद, चाकू मारकर हत्या की आशंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा):** नरहट थाना क्षेत्र के दायबिगहा गांव स्थित दोमुहानी आहर के पास रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पर कई गंभीर जख्म के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया चाकू मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सुबह ग्रामीण आहर की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर एक शव पर पड़ी। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नरहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव की पहचान दायबिगहा निवासी स्वर्गीय तिलक पासवान के करीब 55 वर्षीय पुत्र सदावृक्ष पासवान के रूप में की गई। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस हत्या के कारणों और अपराधियों की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।



शव के पास रोते बिलखते स्वजन

## एमजीसीयू एवं सीयूएचपी के बीच शैक्षणिक,शोध एवं कौशल विकास मे सहयोग के लिए समझौता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी एवं केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (सीयूएचपी), धर्मशाला के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध सहयोग, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, संकाय आदान-प्रदान तथा ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव तथा केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सत्य प्रकाश बंसल ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए व्यापक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

एमओयू के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालय कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से विकसित एवं संचालित करेंगे। साथ ही सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समर स्कूल, व्याख्यानमाला तथा संकाय विकास कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिससे ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान आवश्यकता एवं विशेषज्ञता के आधार पर संकाय सदस्यों तथा विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करेंगे। इससे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विविध शैक्षणिक दृष्टिकोणों तथा नवीन शोध प्रवृत्तियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालय पुस्तकें, शोध पत्रिकाएँ, शिक्षण-सामग्री, प्रकाशन, रिपोर्ट, ऑडियो-विजुअल संसाधन एवं अन्य अकादमिक सामग्री साझा करेंगे, जिससे दोनों संस्थानों की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग शोध, क्षमता निर्माण तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समग्र विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) सत्य प्रकाश बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मध्य इस प्रकार की साझेदारियां ज्ञान सृजन, नवाचार एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य सार्थक शैक्षणिक संवाद एवं सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेगा। देश में ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस समझौते के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के अपने संकल्प को पुनः दोहराते हैं। एमओयू से दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों में हर्ष व्याप्त है। उनका मानना है कि इससे शैक्षणिक और शोध की दिशा में और भी अधिक बेहतर वातावरण बनेगा।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली भव्य जागरूकता रैली, तंबाकू मुक्त समाज का लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पूर्णिया, रोटरी क्लब पूर्णिया एवं पूर्णिया साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भव्य जागरूकता रैली निकाली गई।

आईएमए भवन से शुरू हुई रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से गुजरते हुए जीएमसीएच पूर्णिया परिसर पहुंची, जहां यह जनसभा में परिवर्तित हो गई। रैली में शामिल लोगों ने तंबाकू निषेध संबंधी संदेशों और नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

रैली का नेतृत्व आईएमए पूर्णिया के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार, सचिव डॉ. प्रिंस पंकज एवं वित्त सचिव डॉ. तारकेश्वर कुमार ने किया। इस दौरान चिकित्सकों ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से तंबाकू और धूम्रपान जैसी घातक आदतों से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी जनजागरूकता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

रैली को सफल बनाने में रोटरी क्लब पूर्णिया और पूर्णिया साइकिलिंग एसोसिएशन के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। साइकिल रैली के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं बड़ी संख्या में युवाओं ने भी इसमें हिस्सा लेकर तंबाकू मुक्त पूर्णिया के निर्माण का संकल्प दोहराया। जीएमसीएच परिसर में आयोजित सभा में उपस्थित सभी लोगों को जीवन में कभी भी तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।




## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री जायसवाल, कहा- पीएम के विचारों से मिलती है नई ऊर्जा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**किशनगंज।** किशनगंज प्रखंड के मोहरमारी स्थित मतदान केंद्र संख्या-200 पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी परंपराओं के संवर्धन तथा समाज सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यक्त विचारों को कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार देशवासियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन को राष्ट्र निर्माण के अभियान से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के संदेशों से समाज सेवा, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी परंपराओं के संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के प्रति नई ऊर्जा एवं जागरूकता का संचार होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के संदेशों को आम लोगों तक पहुंचाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीणा देवी, मनीष सिन्हा, कौशल झा, राम मोहन सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



## हाइवे के किनारे अतिक्रमित जमीन 10 जून तक कराए जायेंगे खाली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, अवैध पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और यातायात को बाधा मुक्त बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्थित परमान सभागार में रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में आयोजित जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक में एसपी जितेंद्र कुमार सहित परिवहन विभाग, एनएचएआई और पथ निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में हाईवे किनारे स्थित पेट्रोल पंप, होटल, ढाबा और धर्मकांटा संचालक भी शमिल हुए,जिसे डीएम के द्वारा सख्त हिदायत दी गई।डीएम ने स्पष्ट रूप से 10 जून तक नेशनल हाईवे किनारे से अतिक्रमण हटाने और अवैध पार्किंग को लेकर सख्त हिदायत दी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जिले के हाईवे किनारे चिह्नित किए गए अतिक्रमित स्थलों की सूची जिला प्रशासन को सौंपी गई।जिस पर डीएम ने सभी सीओ को निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर आगामी 10 जून तक इन सभी अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त कर रिपोर्ट सौंपें। राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि या उसके सुरक्षा क्षेत्र में किसी भी तरह के वाणिज्यिक होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड या अनाधिकृत प्रकाश व्यवस्था लगाने की अनुमति नहीं है। ऐसे बोर्ड लगाने वालों को तुरंत स्वयं हटा लेने, अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की बात डीएम ने कही।




एनएचएआई के परियोजना निदेशक को निर्देश दिया गया है कि हाईवे पर आवश्यकतानुसार ट्रक पार्किंग स्थल और पार्किंग वे विकसित करे। साथ ही जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि अवैध पार्किंग पर रोक लग सके। डीएम ने बैठक में आए पेट्रोल पंप, होटल और ढाबा संचालकों को निर्देशित किया कि उनके प्रतिष्ठानों के सामने किसी भी सूरत में मुख्य सड़क पर ट्रक, बस या अन्य बड़े वाहन खड़े नहीं होने चाहिए।वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से दुर्घटना की संभावना बढ़ती है, इसलिए सभी संचालक अपने परिसर के भीतर ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करवाएं।

बैठक में मौजूद एसपी जितेंद्र कुमार ने सड़क सुरक्षा और विशेषकर रात्रिकालीन सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई को निर्देश दिया कि सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर पर्याप्त संख्या में रोड रिफ्लेक्टर, कैट-आई, चेतावनी संकेतक और साइनेज लगाए।साथ ही एसपी ने धर्मकांटा संचालकों को भी स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार ही वाहनों को परिसर में प्रवेश दें। यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए कि वजन कराने के लिए आने वाले वाहनों की कतार मुख्य हाईवे तक न पहुंचे, क्योंकि इससे यातायात बाधित होता है और गंभीर सड़क हादसे होने का खतरा बना रहता है। बैठक के अंत में डीएम विनोद दूहन ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन और इंसानी जान की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने हाईवे पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। डीएम ने सभी संबंधित विभागों, थानाध्यक्षों और सरकारी एजेंसियों को आपसी तालमेल के साथ काम करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक कदम उठाने का सख्त निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### समझौता कराने गए अधेड़ की हत्या, सिर पर लाठी लगने से हुए थे घायल, पटना में चल रहा था इलाज



**नालन्दा**। नालंदा में मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। 15 दिन पहले गोनावां गांव में बच्चों के बीच विवाद हुआ था। झगड़ा शांत कराने के दौरान लाठी-डंडे से पिटाई की गई थी। मृतक की पहचान दुखीराम(58) के तौर पर हुई है। घटना हरनौत थाना क्षेत्र की है।

**झगड़ा सुलझाने गए थे:** मृतक के पुत्र रूपेश कुमार ने बताया कि 16 मई को गांव में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पिताजी बेहद शांत और सीधे स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने बच्चे को वहां से वापस लाने और मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए गए थे। उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उन पर हमला हो जाएगा। जब उनके पिता वहां पहुंचे, तो गांव के ही मुन्नी राम और उसके परिजनों ने एकजुट होकर अचानक हमला कर दिया। इसी दौरान किसी ने सिर पर लाठी से जोरदार वार कर दिया, जिससे वे वहीं अचेत होकर गिर पड़े। आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। वहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। काफी कोशिश के बाद भी जान नहीं बची।

**हलवाई का काम करते थे:** ग्रामीणों के अनुसार, दुखीराम पेशे से हलवाई थे। मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे 7 बच्चों समेत एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी:** हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि मारपीट की घटना अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिला है। केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सांसद के सामने भिड़े जदयू विधायक जिलाध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के कांटी स्थित कपरपुरा रेलवे गुमटी संख्या-107 को महीनों बाद फिर से खोल दिया गया, लेकिन इसका श्रेय लेने को लेकर राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला, जिसकी चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। गुमटी खुलने के कार्यक्रम के दौरान वैशाली सांसद वीणा देवी की मौजूदगी में कांटी के जदयू विधायक अजीत कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही के बीच तीखी बहस हो गई। दोनों नेताओं के बीच हुई नोकझोंक का वीडियो भी सामने आया है। दरअसरल मामला शनिवार दोपहर का है। कपरपुरा रेलवे गुमटी को औपचारिक रूप से खोले जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लंबे समय से बंद इस रेलवे गुमटी के खुलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल था। इसका श्रेय लेने के लिए दो नेता आपस में भिड़ गए। जिलाध्यक्ष ने सांसद वीणा देवी से कहा कि आप आगे आईं। आप जनकप्रतिनिधि हैं। बाकि सब अल्लू झल्लू है। इस पर जदयू विधायक भी गुस्सा में आ गए। उन्होंने कहा कि मेरे कारण ही तुम आज यहां खड़े हो। इस पर चिराग की पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि, चल ना तू अपना काम कर। जदयू विधायक और नाराज हो गए। इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि, तुम ज्यादा हल्ला करेगा। ये सब सांसद वीणा देवी की मौजूदगी में होता रहा। वहां मौजूद लोगों ने जदयू विधायक और चिराग की पार्टी की जिलाध्यक्ष को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया। लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही ने कहा कि कपरपुरा रेलवे गुमटी को खुलवाने के लिए लंबे समय से आंदोलन चल रहा था। उन्होंने दावा किया कि वैशाली सांसद वीणा देवी ने कई बार रेल मंत्री और रेलवे अधिकारियों से बातचीत की थी, जिसके बाद रेलवे ने गुमटी खोलने का निर्णय लिया।

### राष्ट्रपति, पीएम और अमित शाह चखेंगे शाही लीची का स्वाद, एक महीने तक रहेगी ताजी

**मुजफ्फरपुर**। दुनिया भर में अपनी खास मिठास और सुगंध के लिए मशहूर मुजफ्फरपुर की शाही लीची एक बार फिर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे गणमान्य लोगों तक पहुंचने जा रही है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और अन्य विशिष्ट अतिथियों को उपहार स्वरूप भेजी जाने वाली शाही लीची की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को विशेष रेफ्रिजरेटेड वैन के जरिए करीब 2000 पैकेट शाही लीची दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों के लिए रवाना किए जाएंगे। जिला प्रशासन की देखरेख में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस बार भी मुजफ्फरपुर की जीआई टैग प्राप्त शाही लीची देश के गणमान्य लोगों तक पहुंचेगी। इसके लिए लीची की तुड़ाई, चयन, प्रोसेसिंग और पैकिंग का काम कई दिनों से चल रहा था, जिसे अब अंतिम रूप दे दिया गया है। मुजफ्फरपुर की पहचान बन चुकी शाही लीची को हर वर्ष देश के प्रमुख संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों को भेजा जाता है। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य न केवल इस विशेष फल का प्रचार-प्रसार करना है, बल्कि मुजफ्फरपुर की कृषि विरासत और वैश्विक पहचान को भी मजबूत करना है। इस वर्ष दो-दो किलो के करीब 2000 विशेष पैकेट तैयार किए गए हैं। शाही लीची को सीधे बागानों से चुनने के बाद उसकी गुणवत्ता और आकार के आधार पर चयन किया जाता है। इसके बाद लीची की सफाई, धुलाई और विशेष तापमान पर प्री-कूलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाती है। फिर अत्याधुनिक कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखने के बाद विशेष पैकेजिंग की जाती है ताकि लीची की ताजगी और स्वाद बरकरार रहे। पूरी प्रक्रिया नियंत्रित तापमान वाले कूलिंग रूम में की जाती है। इसके बाद पैकेटों को उपहार स्वरूप आकर्षक तरीके से तैयार कर रेफ्रिजरेटेड वैन में लोड किया जाता है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य लोगों तक शाही लीची पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया जिला प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानी जाती है।

# 2 करोड़ के बजट में 'द इंडियन लेनिन बाबू जगदेव'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**◆ गयाजी में डायरेक्टर बोले- सेंसर के 16 कट्स भी नहीं रोक पाई पब्लिसिटी**

**गयाजी**। शोषितों और वंचितों की आवाज को बुलंद करने वाले अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद के विचारों पर बनी फिल्म 'द इंडियन लेनिन बाबू जगदेव' ने देश के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही तहलका मचा दिया है। गया के 'अयूज़ एरीना सिनेमाज़' से लेकर पटना के ऐतिहासिक 'वीना सिनेमा हॉल' तक, फिल्म को देखने के लिए दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा है। आलम यह है कि शो लगातार हाउसफुल चल रहे हैं और टिकट न मिलने पर लोग दूसरे सिनेमाघरों का रुख करने को मजबूर हैं। 29 मई को पूरे भारत में रिलीज हुई इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी दर्शकों का अभूतपूर्व समर्थन और प्यार मिल रहा है। यह बातें फ़िल्म के डायरेक्टर प्रेम कुमार विद्यार्थी ने मीडिया के सामने कहीं।

**2 करोड़ का बजट, 200 करोड़ की फिल्मों को मात:** फिल्म की इस ऐतिहासिक कामयाबी के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए फिल्म की टीम ने अपने संघर्षों को साझा किया। विद्यार्थी ने बताया कि यह फिल्म महज 2 करोड़ के सीमित बजट में बनाई गई है। लेकिन अपनी बेजोड़ कहानी, गहन शोध अनुसंधान और जमीनी हकीकत के दम पर यह बॉलीवुड की 200 करोड़ की बड़ी-बड़ी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रही है। विद्यार्थी का कहना है कि यह निवेश किसी व्यावसायिक लाभ या आर्थिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव और वैचारिक चेतना जगाने के उद्देश्य से किया गया है।

**4 साल का लंबा इंतजार, तानें और सेंसर बोर्ड का कड़ा पहरा:** विद्यार्थी ने बताया कि इस फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने का सफर कांटों भरा रहा है। फिल्म निर्माण की राह में आई चुनौतियों का जिक्र करते हुए डायरेक्टर प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि फिल्म को पूरे 4 साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। यह फिल्म लंबे समय तक रिसर्च और सेंसर बोर्ड की पेचीदा प्रक्रियाओं में फंसी रही। इस देरी की वजह से टीम को भारी मानसिक और आर्थिक तनाव का सामना करना पड़ा। समाज के कुछ हिस्सों की ओर से झूठे प्रोपगेंडा फैलाए गए और निर्माताओं पर पैसे खाकर भागने जैसे बेबुनियाद आरोप भी लगे। लेकिन सच्चाई यह है कि फिल्म के सभी मुख्य निर्माताओं (जैसे आर्किटेक्ट सिद्धार्थ जी, सुभाष दांगी और मनोरंजन) ने एकजुट होकर टीम का साथ दिया। सेंसर बोर्ड की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। फिल्म को पहले 'UA 16+' सर्टिफिकेट दिया गया था, जिसे बाद में रिव्यू कमेटी ने रद्द कर दिया। इसके बाद फिल्म में 16 प्रमुख दृश्यों पर कट्स लगाए गए। इनमें एक ऐसा झकझोर देने वाला दृश्य भी शामिल था, जहां एक दलित बच्चे की परछाई पंडित जी पर पड़ने के कारण उसे प्रताड़ित किया जाता है। टीम ने सवाल उठाया कि देश का आम चुनाव खत्म होने के बाद ही फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट क्यों मिला? यह पूरी व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल है।





**स्थानीय प्रतिभाओं को मिला एक मंच:** विद्यार्थी ने दावा किया कि इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके 80% कलाकार स्थानीय स्तर (बिहार) से लिए गए हैं, ताकि राज्य की छिपी हुई प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच मिल सके। बाबू जगदेव प्रसाद के बचपन का मुख्य किरदार निभाने वाले बाल कलाकार सचिन तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपने ग्रामीण और शहरी परिवेश में आज भी जाति के नाम पर होने वाले भेदभाव और शोषण को महसूस किया है, जिससे उन्हें इस भूमिका को जीवंत करने में मदद मिली। हालांकि, 4 साल की देरी के कारण बचपन का वो किरदार आज बड़ा हो चुका है।

**'90 बनाम 10' की गूंज- वैचारिक क्रांति का प्रतीक:** उन्होंने बताया कि यह फिल्म बाबू जगदेव प्रसाद के जीवन की 95% सच्चाइयों को हूबहू पर्दे पर उतारती है। फिल्म अंधविश्वास, रूढ़िवादिता, पाखंड और सामाजिक असमानता पर करारा प्रहार करती है। फिल्म में उनके ऐतिहासिक नारों को प्रमुखता से दिखाया गया है। विद्यार्थी ने दावा किया कि फिल्म देखकर निकलने वाले हर दर्शक का कहना है कि यह फिल्म हर एक मिनट बांधकर रखती है और समाज को अपनी मानसिकता बदलने पर मजबूर करती है। इस मौके पर फिल्म जगत व सामाजिक बुद्धिजीवियों ने देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों से इस क्रांतिकारी फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर देखने की अपील भी विद्यार्थी ने की।

## युवक ने लहराया पिस्टल, वीडियो वायरल, थानाध्यक्ष बोले- कार्रवाई होगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र में एक युवक का पिस्टल लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में एक भोजपुरी गाना "हथियार न लहराव बाहुबली..." बजता सुनाई दे रहा है। वीडियो में युवक हाथ में पिस्टल लेकर उसे लहराता दिख रहा है। वह तीन अन्य बैठे व्यक्तियों की ओर भी हथियार तानता हुआ भी नजर आ रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वीडियो में दिख रहा युवक रोहित कुमार उर्फ बौना (19 ) है। सूत्रों का यह भी कहना है कि वह अवैध शराब की तस्करी से जुड़ा हुआ है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



**पुलिस कर रही मामले की छानबीन:** वीडियो वायरल होने के बाद डेल्हा थाना पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो कब और कहां बनाया गया और उसमें दिखाई दे रहा हथियार असली है या नकली। डेल्हा थानाध्यक्ष देवराज इंद्र ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि युवक की गिरफ्तारी के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पिस्टल असली है या नकली। पुलिस फिलहाल वीडियो की सत्यता, उसमें शामिल लोगों की पहचान और अन्य तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि जांच में यदि हथियार के अवैध प्रदर्शन या अन्य आपराधिक गतिविधि की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 8 दिनों से ससुराल में रह रहा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालन्दा के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुआरा गांव निवासी 25 साल के अमित कुमार उर्फ मीठू की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अमित पिछले आठ दिनों से चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता चरित्र प्रसाद ने बताया कि अमित की पत्नी ने उसे ससुराल बुलाया था। वहां जाने से पहले अमित ने पच्चीस हजार रुपये की मांग की थी। गेहूं की फसल बेचकर उसे यह रकम दी गई थी, जिसके बाद वह नरसंडा गया था।

मृतक के पिता ने कहा कि उनके बेटे को एक पांच साल की छोटी बच्ची भी है। पति-पत्नी के बीच

**पिता ने जताई हत्या की आशंका**



किसी संभावित विवाद के सवाल पर उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उन दोनों के बीच क्या चल रहा था, इस बारे में उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह करीब 10 बजे उन्हें फोन पर सूचना दी गई कि उनके बेटे की तबीयत खराब हो गई है और उसे एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। यह खबर मिलते ही उन्होंने अमित के छोटे भाई मिथिलेश को तुरंत अस्पताल के लिए रवाना किया। पिता ने इस पूरे मामले में गहरी साजिश की आशंका जताते हुए कहा है कि उनके बेटे को या तो कुछ दिन पहले जहर दिया गया है, या उसने खा लिया था। उनका आरोप है कि जब शरीर में जहर पूरी तरह से फैल गया और अमित की हालत बेकाबू हो गई, तब जाकर ससुराल वालों ने उन्हें इसकी सूचना दी।

इस पूरे प्रकरण पर लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि निजी क्लीनिक में एक युवक की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद क्लियर होगा कारण:** पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि फिलहाल मृतक के परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई लिखित शिकायत या आरोप दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से छानबीन कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों से पर्दा उठ सकेगा।

# मलमास मेला, दूसरा शाही स्नान संपन्न, 14 अखाड़ों के साधु-संत समेत 2 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। विश्व प्रसिद्ध राजगीर मलमास मेले में साधु-संतों का दूसरा शाही स्नान संपन्न हो गया। शाही स्नान की शुरुआत रात 2 बजे से हुई थी। 14 अखाड़ों के साधु-संतों के साथ करीब 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में आस्था की डुबकी लगाई। हालांकि श्रद्धालुओं का स्नान अभी जारी है, जो पूरे दिन चलेगा। पंच दशनाम जूना अखाड़ा (दशरथ किला पुरानी लंका, अखिल भारतीय धर्म महासभा) के संत जितेंद्रानंद गिरी ने प्रशासन की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कुंड की पवित्रता और सफाई के मुद्दे पर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। कहा कि सरकार की व्यवस्था थोड़ी सी गड़बड़ है। सरस्वती कुंड बिल्कुल भी साफ नहीं है और ना ही उसका पानी बदला गया है।

वहीं, 'मघड़ा कांड' के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्म कुंड बंद रहा। ऐतिहासिक परंपरा टूटने पर पंडा समिति ने नाराजगी जताई है। राजगीर पंडा समिति के प्रवक्ता सुधीर उपाध्याय ने कहा कि आज तक के इतिहास में ऐसी परंपरा कभी नहीं थी। मेरी उम्र 63 वर्ष हो चुकी है। मैंने आज तक पुरुषोत्तम मलमास मेले में ऐसा कभी नहीं देखा कि

**जूना अखाड़े ने व्यवस्था पर उठाए सवाल**



शाही स्नान के दिन ब्रह्म कुंड को बंद कर दिया गया हो। इस फैसले से हम लोग काफी दुखी हैं।

**आस्था का सैलाब देखने को मिला:** शाही स्नान को लेकर आस्था का सैलाब देखने को मिला। जहहां आम श्रद्धालुओं को जिग जैग से एंट्री दी गई, वहीं साधु-संतों को मुख्य द्वार से डायरेक्ट ब्रह्म कुंड परिसर में इंट्री मिली। भारी भीड़ को देखते हुए ब्रह्म कुंड को आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया था। जिग जैग और मुख्य सड़क मिलाकर करीब दो किलोमीटर लंबी लाइन लगी थी। कोई सुबह 4:00 बजे से तो कोई 2:00 बजे से ही कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। शाही स्नान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, वीडियोग्राफी से रखी जाएगी नजर:** शाही स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए एक मजबूत सुरक्षा खाका तैयार किया गया था। प्रत्येक अखाड़े और आश्रम के जत्थे के साथ एक प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आपातकालीन सेवाओं को भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रखा गया। पूरे परिसर और मेला क्षेत्र में सीसीटीवी, ड्रोन से नजर रखी जा रही है।

## नालंदा में दो गुटों के बीच झड़प, 6 लोग जख्मी, पुलिस गांव में कर रही कैंप



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित पेढ़का गांव में आज शाम दो गुटों के बीच झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष के 6 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के भी कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद से ही गांव में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है।

**कोल्ड ड्रिंक के पैसे मांगने पर भड़का विवाद:** घायलों और चश्मदीदों राज कुमार और अनिता देवी ने बताया कि विवाद की शुरुआत लड्डू कुमार की गुमटी से हुई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के अरशद, असलम सहित अन्य युवक वहां आए और कोल्ड ड्रिंक ली। जब दुकानदार ने उनसे पैसे मांगे, तो उन्होंने इनकार कर दिया और कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। हल्ला होने पर जब अन्य लोग बीच-बचाव करने पहुंचे, तो दूसरे गुट के लोग लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और साइकिल के चेन स्टैंड आदि हथियारों से लैस होकर आ गए और हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों के हाथों में कट्टा और पिस्तौल भी थे और वे जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। हालांकि, पीड़ित पक्ष के लोग किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे, जिससे फायरिंग की नौबत नहीं आई।

**घायलों की स्थिति और इलाज:** आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान गौरा देवी, मंगल, लड्डू कुमार, राजकुमार, अनीता देवी और रिंकू देवी के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद मंगल और लड्डू की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। दूसरे गुट के घायल लोगों का इलाज क्षेत्र के विभिन्न निजी अस्पतालों में गुप्त रूप से चल रहा है।

**पुरानी रंजिश का है नतीजा:** पीड़ितों ने बताया कि यह घटना अचानक नहीं हुई है, बल्कि दोनों गुटों के बीच पहले से ही विवाद चला आ रहा था। हाल ही में अखंड पूजा के दौरान गेट खोलने की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। उसी पुरानी रंजिश के कारण शनिवार की सुबह भी दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हुई थी, जिसने शाम होते-होते इस बड़े हिंसक संघर्ष का रूप ले लिया। शाम के वक्त जब पीड़ित पक्ष के कुछ युवक क्रिकेट खेलकर बैठे हुए थे, तभी यह सुनियोजित हमला किया गया।

**छावनी में तब्दील हुआ गांव, पुलिस कर रही कैंप:** मारपीट और बवाल की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को बेकाबू होने से बचाया। सदर डीएसपी संकेत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है, जिसमें दोनों तरफ के लोग जख्मी हुए हैं। एहतियात के तौर पर पूरे गांव में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और पुलिस गांव में कैंप कर रही है। फिलहाल स्थिति पुलिस के नियंत्रण में है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली, 'तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो' का दिया संदेश, युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) शाखा और ब्रह्माकुमारी संस्था ने शहर में एक जन-जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त, स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। जागरूकता रैली आईएमए शाखा परिसर से शुरू हुई। सरकारी बस स्टैंड, गेवाल बीघा मोड़, जयप्रकाश झरना होते हुए गांधी मैदान तक गई। जिसमें डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता और ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्य शामिल थे। उन्होंने हाथों में तंबाकू विरोधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। पूरे मार्ग में 'तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'स्वस्थ भारत का सपना, तंबाकू मुक्त हो अपना' जैसे नारों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व आईएमए गयाजी शाखा के अध्यक्ष डॉ. बी.बी. सिंह और सचिव डॉ. विमलेंदु विमल ने किया।







**रैली के जरिए युवाओं से अपील:** इस अवसर पर डॉ. बी.बी. सिंह ने कहा कि तंबाकू दुनिया भर में लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन रहा है। धूम्रपान और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियां, स्ट्रोक और अन्य घातक रोगों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्वस्थ समाज के लिए तंबाकू के खिलाफ सामूहिक अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। रैली के दौरान डॉक्टरों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तंबाकू उत्पादों का सेवन न करें। अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

इस मौके पर डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रांशु कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. राहुल सहाय, डॉ. दीप शिखा, डॉ. ऋषिकेश कुमार, डॉ. ए.एन. राय, डॉ. उमेश कुमार वर्मा, डॉ. विनय कुमार जैन, डॉ. रतन कुमार, डॉ. शिवबचन सिंह सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में एक देशी कट्टा व चाकू के साथ 65 वर्षीय वृद्ध गिरफ्तार

**काराकाट /रोहतास** । कछवां थाना क्षेत्र के गुजरू गांव से पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के असफल प्रयास को समय रहते विफल किया.थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उक्त 65 वर्षीय व्यक्ति लालबाबू राय को 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया.किशोरी बाजार के दुकान में कुछ सामान लाने जा रही थी उसी क्रम में सन्नाटा देख उसने किशोरी को उठा कर अपने कमरे में ले गया और गलत कुकृत्य करने के फिराक में था कि ग्रामीण पहुंच गये और किशोरी को मुक्त करा कर उसके रूम में ही बन्द कर पुलिस को सूचना दिया.सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम व थाना की पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया.उक्त किशोरी अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई करती थी.पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति के कमरे की तलाशी लेने के क्रम में एक अवैध देशी कट्टा व लोहे का बना एक चाकू भी बरामद किया.पुलिस उक्त व्यक्ति की आपराधिक स्थिति खंगाल रही है.किशोरी के परिजनों ने अभी आवेदन नहीं दिया है.पुलिस पूरे घटना क्रम की गहन जांच में जुट गई है और आगे की कारवाई कर रही है.

### अंतरजिला महिला चोर गिरोह के चार गिरफ्तार चोरी का आभूषण बेचते रंगे हाथ हुई गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण**। जिले के अरेराज थाना क्षेत्र में चार अंतरजिला महिला चोर को पुलिस ने चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया है। इनकी तलाशी के दौरान 29 सोने जैसे दिखने वाले गहने को बरामद किया गया। बताया गया है कि पुलिस को एक आभूषण की दुकान में कुछ महिलाओं द्वारा गहने बेचने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया। महिलाओ के पास से प्राप्त ज्वेलरी के सम्बंध में कोई कागजात या उचित जवाब नहीं पाया गया। बरामद किए गए आभूषणों में 10 हनुमान जी का लॉकेट ,15 कान का टॉप्स और 2 बाली शामिल है। पकडी गई महिला में सपना देवी पति संतोष साह,सोनी देवी पति कुंदन राज , पूनम देवी पति अनिल साह तीनों ग्राम बाघा थाना-मुफ़्सील जिला बेगूसराय एवं रिंकू देवी पति शामबाबु साह ग्राम बिजबनी थाना घोड़ासहन जिला पूर्वी चंपारण शामिल है। प्राप्त ज्वेलरी के संबंध में कोई संतुष्ट जनक उत्तर नहीं दिया गया जिसके बाद उक्त महिलाओं से पूछताछ में प्रतीत हुआ कि मामला ठग एवं चोरी से जुड़ा है। महिलाओं को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कारवाई की जा रहीं हैं। वही बताया गया है कि उक्त महिलाएं कई और शहरों में भी चोरी की घटना को अंजाम दिए है , इस संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है।

### दधीचि देहदान समिति कटिहार शाखा की बैठक जैन अतिथि भवन में आयोजित

**कटिहार**। दधीचि देहदान समिति कटिहार शाखा की बैठक जैन अतिथि भवन में अध्यक्षा ऊषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 7 जून को पूर्णिया में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में कटिहार शाखा की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि नेत्रदान अंगदान के लिए समाज में जागरूकता की कमी से लोग समय पर नेत्रदान नहीं कर पाते है। इसके लिए समिति तत्पर है कि वैसे नेत्रदानी परिवार को हर तरह की मदद पहुंचाई जाय ताकि नेत्रदान उपरांत औरों को नेत्र ज्योति प्रदान किया जा सके। समिति की सचिव एवं पंकज कुमार पूर्वे ने कहा कि लोगो में नेत्रदान अंगदान को प्रोत्साहित करने हेतु आगामी 4 जून गुरुवार को प्रातः 7 बजे एक जागरूकता रैली का आयोजन सदर अस्पताल कटिहार से निकली जाएगी। बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष एवं मंजू श्री साह ने बताया कि मरणोपरांत शरीर एवं आत्मा को अमर बनाए रखने के लिए नेत्रदान अंगदान करना चाहिए। बिमल सिंह बेगानी ने इस अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोगों के बीच कई तरह की मिथ्या है जिसे जनसंपर्क कर दूर किया जा सकता है। माधवी लता ने बताया कि जागरूकता रैली सदर अस्पताल से प्रारंभ होकर बाटा चौक गर्ल्स स्कूल रोड होते हुए शहीद चौक पर समाप्त होगी जहां नेत्रदान अंगदान के इच्छुक लोगों के लिए सहमति पत्र उपलब्ध रहेगा।

बैठक में विकास खंडेलिया ने बताया कि इस आयोजन में शहर के अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वास्थ्यकर्मी,ए एन एम स्कूल की नर्सिंग छात्र छात्राओं,डॉक्टर,व्यवसायियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ प्रातः 7 बजे सदर अस्पताल से बाटा चौक, गर्ल्स स्कूल रोड होते हुए शहीद चौक तक एक जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया। जागरूकता रैली में शामिल करने हेतु नर्सिंग स्कूल,स्वास्थ्यकर्मी एवं प्रजापति ईश्वरीय ब्रह्मकुमारी के दीदी से भी संपर्क किया जा रहा है। बैठक में पूर्णिया क्षेत्रीय सम्मेलन कार्यक्रम के समन्वयक श्री रविन्द्र साह जी द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में कटिहार मेडिकल कॉलेज में आई संग्रहण केंद्र स्थापित है।अब पूर्णिया में जल्द ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पूर्णिया में आई बैंक की स्थापना के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर भुवन अग्रवाल,प्रभंजन कुमार,हर्ष कुमार अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच कटिहार ने पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों को किया सम्मानित

**कटिहा**। मारवाड़ी युवा मंच, कटिहार शाखा द्वारा पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मिरचाईबारी स्थित विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं उषा देवी अग्रवाल के निज निवास पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच एवं पत्रकारिता की कई कहानियों पर चर्चा की गई एवं सामूहिक रूप से केक काटकर की गई।

इस अवसर पर समाज के सजग प्रहरी और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी स्थानीय पत्रकारों को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) और गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में कटिहार जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार झा को विधान पार्षद अशोक अग्रवाल ने फूल देकर सम्मानित किया। नगर निगम के महापौर उषा देवी अग्रवाल ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जब सम्मानित किया जा रहा था,तो उस समय समारोह स्थल पर ताली की गड़गड़ाहट की गूंज कुछ देर गुजते रहा। मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारी में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार झा को सम्मानित करने के पश्चात बधाई दिया। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी ने कहा कि कटिहार जिले के सबसे पुराने एवं अनुभवी, कार्य के प्रति वफादार, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार झा समाज के लिए आईने के रूप में कार्य पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। इनके कार्य करने का तौर तरीका समाज के प्रत्येक तपके के लोगों को पसंद आता है।इनका व्यवहार से सभी लोग खुश रहते हैं। जिनके कारण सभी लोग इसे अपने पारिवारिक सदस्य के तरह मानते हैं। पत्रकार प्रवीण झा एक बुद्धि जीवी ही नहीं बल्कि एक विद्वान पत्रकार है। जो व्यवहार कुशल व्यक्ति है। इनके व्यवहार की कृति जिले से बाहर तक फैली हुई है।ऐसे व्यक्ति को मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर पत्रकार प्रवीण कुमार झा ने मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन करने से तथा पत्रकार को सम्मानित करने से पत्रकारों का मनोबल ऊंचा होता है। इस अवसर पर विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है और कटिहार के सभी पत्रकार समाज के हित में कार्य करते हैं। और भाईचारा के साथ सच्चाई को आम लोगों के बीच रखने का कार्य करते आ रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर उषा देवी अग्रवाल में सभी पत्रकारों का अभिवादन करते हुए कहा कि कटिहार जिले के पत्रकार निर्भीक और स्वतंत्र रूप से अपने कार्य को अमली जामा पहनाने का कार्य करते हैं। समाज में भाईचारा को स्थापित करने में कटिहार जिले का पत्रकारिता एक मिसाल के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने सभी पत्रकारों को गले में अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया और सभी पत्रकारों का अभिनंदन करते हुए बधाई दिया है। समारोह का मंच संचालन निगम पार्षद हर्ष अग्रवाल ने किया। मंच के पदाधिकारियों ने पत्रकारों की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष युवा दीपक अग्रवाल, शाखा सचिव युवा मयंक शेखर पूरनमलका, शाखा कोषाध्यक्ष युवा यश कुमार गोयल, मंच सदस्य युवा रितेश अग्रवाल, मंच सदस्य युवा सुरेश जैजानी,मंच सदस्य युवा बिकास अग्रवाल,मंच सदस्य सुमित मुकीमआदि ने उपस्थित सभी पत्रकारों को बधाई दिया।

# गोडारी के माइंड स्क्वायर संस्थान से 5 बिहार पुलिस व 1 अग्निवीर का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर


प्रमोद कुमार, अग्निवीर में चयनित


खुश्बू कुमारी, बिहार पुलिस में चयनित


गोलू कुमार, बिहार पुलिस में चयनित


श्रेया कुमारी, बिहार पुलिस में चयनित


सुनीता कुमारी, बिहार पुलिस में चयनित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। प्रखंड के गोडारी स्थित माइंड स्क्वायर कोचिंग ने एक बार फिर तारीफें बटोरी हैं। संस्थान से तैयारी करने वाले कुल छह अभ्यर्थियों ने सरकारी सेवा में जगह बनाई है खुशबू कुमारी, श्रेया कुमारी, सुनीता कुमारी, रिया कुमारी और गोलू कुमार का अंतिम चयन बिहार पुलिस में हुआ है, जबकि प्रमोद कुमार अग्निवीर के रूप में चुने गए हैं। इस सफलता से गोडारी और आसपास के गांवों में खुशी और गर्व का माहौल है। संस्थान के निदेशक व मैथ-रीजनिंग शिक्षक अमित कुमार एवं जीके/जीएस शिक्षक अरविंद कुमार ने सभी चयनितों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक अमित कुमार ने बताया कि संस्थान से अब तक लगभग 60-70 छात्र विभिन्न सरकारी नौकरियों में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस की लिखित परीक्षा में 19 छात्र कामयाब रहे थे, जिनमें से पांच अभ्यर्थियों ने फाइनल दौर पार कर पक्का चयन प्राप्त किया। माइंड स्क्वायर कोचिंग का मानना है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी है। संस्थान हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित करता है और स्थानीय स्तर पर इसे अग्रणी शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है। चयनित अभ्यर्थियों के परिजन और शिक्षक उत्साह में हैं तथा आने वाले दिनों में और अधिक छात्र-छात्राओं को सफलता दिलाने की उम्मीद जता रहे हैं।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर मिले जदयू नेता आशुतोष सिंह



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

सासाराम के रहने वाले प्रदेश जदयू नेता आशुतोष सिंह अधिवक्ता पटना में जानता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार के आवास पर मिलकर रोहतास और बिहार के तरक्की विकास हेतु चर्चा किये तथा जनता दल यूनाइटेड को और मजबूती प्रदान करने पर भी चर्चा किये,जदयू नेता आशुतोष सिंह ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का मुख्यमंत्री का कार्यकाल सदियों याद किया जायेगा चाहे जंगल राज के खत्मा किये,चाहे गाँव गांव सड़के बनवाये,चाहे 24 घंटे बिजली दिये और 125 यूनिट फ्री किये,चाहे बिहार में सरकारी नौकरी रोजगार दिये चाहे सरकारी अस्पतालों में गरीबों के ईलाज कराये फ्री दवाई दिये,सभी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का देन है।

# चिकित्सा स्नातक छात्रों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**रोहतास**। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में चिकित्सा स्नातक छात्रों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोहतास जिले के अंकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बराढ़ी के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आसपास के समुदाय को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर ,हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। स्नातक चिकित्सा छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और किशोरों को विशेष रूप से तंबाकू की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया ।उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवान ना केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है ,बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाएं तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें ।यह कार्यक्रम सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर भारत तंवर (सहायक प्राध्यापक),डॉ अमरजीत ,संतोष कुमार मिश्रा ,शिवबचन प्रसाद प्रधानाध्यापक, रवि प्रकाश, श्रीमती प्रीति कुमारी शाह ,राजेश कुमार ,सरिता कुमारी ,रितु कुमारी ,रिंकू कुमारी ,ओम प्रकाश चौधरी ने सक्रिय सहभागिता निभाई ।कार्यक्रम में तंबाकू निषेध को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।इसमें आसपास के बच्चे और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभाग के इंटर्न्स के द्वारा किया गया। इस टीम का नेतृत्व डॉक्टर कुमारी पूजा ने किया जबकि टीम में डॉक्टर संतोष रंजन, डॉक्टर प्रिया मिश्रा, डॉक्टर एकता शर्मा, डॉक्टर राजेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर आर्यन ठाकुर ,डॉक्टर शिखा स्वरूप देवांसी आदि शामिल थे।

# गड़हनी-आयर बलिगांव मार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

## कुरूर लौटे मृतक बसंत का अंतिम संस्कार, परिजनों में मचा कोहराम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुरूर गांव के 30 वर्षीय बसंत कुमार की शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में मौत के बाद रविवार को पारिवारिक गांव कुरूर बाजार में उनका शव पहुंचते ही मातम छा गया । सूचना के अनुसार बसंत बाइक से आरा लौट रहे थे,कि गड़हनी-आयर बलिगांव मार्ग समीप पीछे से एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मारते हुए कुचल दिया । घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई । चालक मौके से फरार हो गया,जबकि गड़हनी पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है । परिजनों ने बताया कि बसंत आरा के एक निजी मॉल में काम करते थे और कंपनी का कार्य निपटा कर सासाराम से आरा लौट रहे थे । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेजा था । रविवार सुबह पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया और आखिरकार गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । बसंत की पत्नी अनीता देवी (25),माता सुनैना देवी और पिता विजय कहार (65) का रो-रोकर बुरा हाल है । परिवार के अन्य सदस्य में दो भाई राजकुमार (32) व सूरज (20) और दो शादीशुदा बहनें शामिल हैं । घटना के बाद गांव में लोगों और परिचितों ने गहरा शोक जताया और कुरूर बाजार में मातम का माहौल रहा । पुलिस ने दुर्घटना के कारणों और सम्भावित लापरवाही की जांच शुरू कर दी है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।

गड़हनी थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है । आगे की कार्रवाई और रिपोर्टिंग के लिए मामले की जांच जारी है । परिजन ने रोते बिलखते बताया कि बसंत के हीं कमाई पर परिवार का खर्चा चलता था आज वही नहीं रहा अब परिवार का बोझ कौन उठाएगा ।

# कोचस मे भारतीय जीवन बीमा कार्यालय हुआ उद्घाटन

## क्षेत्रीय ग्रामीणों को मिलेगी विशेष लाभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय जीवन बीमा के कार्यालय खोलने से ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों, अभिकर्ताओं और निगम, तीनों को व्यापक लाभ मिलते हैं।उक्त बातें रविवार को कोचस पूर्वी के जिला पार्षद नीलम पटेल ने एक भारतीय जीवन बीमा का निजी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर भारतीय जीवन बीमा के विकास अधिकारी सासाराम प्रमोद रंजन ने कहा कि कहा कि कार्यालय का मुख्य उद्देश्य बीमा सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाना है।ग्रामीणों को छोटी-छोटी सेवाओं (जैसे प्रीमियम जमा करना, पता बदलना, या पॉलिसी लोन) के लिए शहरों की मुख्य शाखाओं में नहीं जाना पड़ता है. इस कार्यालय को खोलने के लिए आशुतोष कुमार को धन्यवाद व साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यालय होने से ग्राहकों के यात्रा समय और धन की बचत होती है तथा मैच्योरिटी और डेथ क्लेम से जुड़े दस्तावेज स्थानीय कार्यालय में ही आसानी से जमा हो जाते हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद पटेल ने कहा कि स्थानीय कार्यालय होने से ग्रामीण इलाकों के लोगों का बीमा योजनाओं और कंपनी में भरोसा बढ़ता एक्स है। कार्यालय में पहला प्रीमियम जमा करने के लिये अमरजीत कुमार को कम्पनी के तरफ से सम्मानित किया गया।मौके पर संजय सिंह, रौशन पटेल, विनोद सिंह, भारतीय जीवन बीमा के कर्मचारी अमृत कुमार , अमित राज,,मुकेश चौधरी, मेराज राइन मंटू गुप्ता,समेत अन्य काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य को ले मुखिया को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

## पंचायत के लोगो मे हर्ष व्याप्त, मुखिया को लोगो ने दी बधाईयां



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** प्रखंड के चितांव पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार सिंह को पंचायत मे उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर दिल्ली मे राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होंगे.उन्हें यह सम्मान पंचायत स्तर पर किए गये उत्कृष्ट कार्यों और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा.जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में देशभर के चयनित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा.इसमें चितांव पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार सिंह को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होगा.उनकी इस उपलब्धि से कोचस प्रखंड सहित जिले में खुशी का माहौल है. अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इसे पंचायत और जिले के लिए गौरव की बात कहते हुए उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किया है. पंचायत के ग्रामीण मदन सिंह, उत्तम सिंह, पंकज सिंह, मनोज सिंह, सुमन यादव, पर्मेन्द्र सिंह, सहित अन्य लोगो ने कहा मुखिया के द्वारा अपने पंचायत में बहुत सारा बिकास का काम कराया गया है, नल जल पीसीसी सड़क नाली गली निर्माण के साथ शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े भी काम मुखिया के द्वारा किया गया है। गरीब गुरबों को छत के नीचे सोने के लिए आवास भी मिला है. जबकि मुखिया ने गरीब घर की बेटियों के शादी मे निजी फंड से सहयोग राशि भी प्रदान किया है. ऐसे बहुत सारे कार्य है जो मुखिया के द्वारा किया गया है. आज उसी का परिणाम है कि उनको दिल्ली मे राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ की बैठक संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट क्षेत्र अंतर्गत शान्यडील्ल कुटीर मानवता सेवा संघ कार्यालय काराकाट में राष्ट्रीय महासचिव दशरथ मिश्र के अध्यक्षता में एवं संचालन रविकांत तिवारी के संचालन में संपन्न हुई। मानवता सेवा संघ के बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपना विचार रखा । समाज सेवा के उद्देश्यों को लेकर मानवता सेवा संघ अक्सर ये मुख्य मांगें उठाता रहा हैः जो आज प्राथमिकता से उठाया गया।

**शिक्षा से जुड़ी मांग**

गरीब मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग/छात्रवृत्ति की व्यवस्था हो,

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद तुरंत भरे जाएं,

ब्राह्मण सभी गरीब बच्चों को किताब-कॉपी मुफ्त मिले ।

**स्वास्थ्य से जुड़ी मांग**

काराकाट CHC में 24 घंटे डॉक्टर और जरूरी दवाइयां उपलब्ध हों,

गंभीर मरीजों के लिए रोहतास से पटना रेफर करने में एंबुलेंस फ्री हो,

हर पंचायत में महीने में 1 बार मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगे,

**सामाजिक न्याय की मांग**

झूठे SC/ST एक्ट के मुकदमों की निष्पक्ष जांच हो, निर्दोष न फंसे,

गरीब परिवारों को कानूनी सहायता के लिए सरकारी वकील तुरंत मिले,

आपसी विवाद के लिए हर थाना स्तर पर "समाधान समिति" बने,

**प्रशासनिक मांग**

DGP बिहार अपने "चंदन-टीका" वाले बयान को वापस लें और माफी मांगें,

सभी धर्मों के प्रतीकों का सम्मान हो, किसी एक को टारगेट न किया जाए,

काराकाट थाने में लंबित केसों का 3 महीने में निष्पादन हो

**ब्राह्मण समाज की मांग**

आर्थिक आधार पर आरक्षण में EWS कोटा का सही क्रियान्वयन हो, गरीब ब्राह्मण परिवारों को भी आवास योजना, राशन कार्ड में प्राथमिकता मिले,

पुजारी-पुरोहित के लिए सरकारी मानदेय/पेंशन योजना लागू हो,

मानवता सेवा संघ की बैठक में भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वस्ति वाचन से विद्वत पूजा पाठ के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे ,राष्ट्रीय महासचिव दशरथ मिश्रा ,उपाध्यक्ष गुड्डु उपाध्याय , सचिव अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष संध्या देवी ,संस्थापक सदस्य रजनी कान्त पाण्डेय रिपोर्टर, संस्थापक सदस्य योगेंद्र तिवारी, शिक्षक रविकांत तिवारी , संरक्षक सनातनी चंदन बाबा, पप्पू तिवारी,कौशल किशोर पांडेय,दीपक कुमार पांडेय उर्फ कुंदन पाण्डेय , कमल किशोर पांडेय, ददन पाण्डेय ,सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात को करार दिया भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया**। मन की बात में पीएम का संवाद सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब के साथ सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति भी कराता है।उक्त बातें भाजपा नेता प्रवीण कुमार ने कही। भाजपा फारबिसगंज नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद मिंटू की अगुवाई में विभिन्न बूथों और शक्ति केंद्रों पर उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,पूर्व उपमुख्य पार्षद मोती खान,विधानसभा प्रभारी रंजीत मिश्रा,बूथ अध्यक्ष श्यामसुंदर मंडल,नगर उपाध्यक्ष शिवराम शर्मा,अम्ल ओझा,नगर महामंत्री संदीप कुमार, विपिन जायसवाल,आयुष कुमार,शुभम राय, सुनील साह, संजय रजक, आदर्श गोयल,रामनाथ साह, गणेश गुप्ता,किशोर कुमार, पप्पू गुप्ता,अभिषेक गुप्ता, राजेश गुप्ता,सूरज ठाकुर,विनय पटेल,अंकुर कुमार,गोपाल गुप्ता धीरज पासवान आदि कार्यकर्ताओ ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम के 134वें कड़ी को बूथ संख्या 171-72 में रेडियो पर श्रवण किया।

भाजपा नेता ने पीएम के संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम ने एथलेटिक्स में भारत के बढ़ते दमखम की चर्चा की।उन्होंने ज्ञान भारतम अभियान, खगोल विज्ञान,गंगा डॉल्फिन, स्वच्छता और दान के महत्व जैसे कई अहम विषयों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में पीएम ने नीदरलैंड से वापस लाई गई चोल ताम्रपट्टिकाओं पर जहां विस्तार पूर्वक बात की।वही देशवासियों से गर्मी से बचाव के टिप्स साझा करते हुए लोगों को हाइड्रेटेड रहने के लिए स्वदेशी पेय पदार्थ का उपयोग करने पर जोर दिया।इस दौरान उन्होंने गिरिजा अम्मा द्वारा तमिलनाडु में संचालित एक दर्जन से अधिक स्कूलों में प्रेरक रूप से देश के वीर जवानों के लिए फंड जुटाने की चर्चा की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वन स्टॉप सेंटर के संचालन में देरी

**अररिया** । अररिया में वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की समीक्षा की गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर महिला विकास निगम की नोडल पदाधिकारी सह आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी ने यह समीक्षा की। इसमें पाया गया कि जिला परियोजना प्रबंधक अपने अधीनस्थ कर्मियों से समन्वय स्थापित नहीं कर रहे हैं, जिससे कई फाइलें लंबित हैं। इस लापरवाही के कारण बालिकाओं और पीड़ित महिलाओं को अल्प अवसान (अस्थायी आवास) में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता की कमी है। समीक्षा के बाद, आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने कार्यालय आदेश जारी कर जिला परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया है। उन्हें संबंधित कर्मियों से समन्वय स्थापित कर वन स्टॉप सेंटर अररिया से संबंधित कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस कार्य के लिए जिला परियोजना प्रबंधक अररिया को पूर्ण रूप से जवाबदेह ठहराया गया है। इसके अतिरिक्त, सीपी बालिकाओं और पीड़ित महिलाओं के अल्प अवसान से संबंधित संपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी भी जिला परियोजना प्रबंधक को सौंपी गई है। इस बीच, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में बालिका एवं महिलाओं के लिए अधिकतम पांच दिनों तक के अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। नोडल पदाधिकारी के आदेश के बाद, 06 वर्ष से ऊपर की सभी पीड़ित महिलाओं और सीएनसीपी बालिकाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर में अधिकतम 05 दिनों तक रात्रि आवासन यानी अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वन स्टॉप सेंटर-सह-महिला हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, लैंगिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक या आर्थिक हिंसा की शिकार महिलाओं को एक छत के नीचे मनोवैज्ञानिक एवं विधिक परामर्श, चिकित्सीय सेवा, प्राथमिकी दर्ज कराने में सहयोग और अल्पाश्रय प्रदान करते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### भागलपुर-कटिहार स्पेशल ट्रेन 4 जून तक चलेगी

**भागलपुर** । रेलवे ने भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित विशेष ट्रेन (03407/03408) की सेवा 4 जून तक बढ़ा दी है। यह ट्रेन दक्षिण और उत्तर-पूर्व बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है। ट्रेन अपने वर्तमान मार्ग, समय-सारिणी और निर्धारित ठहरावों के साथ संचालित होती रहेगी। पूर्व रेलवे की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विशेष ट्रेन सेवा की शुरुआत गंगा नदी पर स्थित विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद की गई थी। सेतु को हुए नुकसान के कारण भागलपुर और सीमांचल क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क गंभीर रूप से प्रभावित हो गया था, जिससे प्रत्यक्ष सड़क यातायात लगभग बंद हो गया था। सड़क संपर्क बाधित होने से रोजाना यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने पहले इस विशेष ट्रेन का परिचालन 1 जून 2026 तक बढ़ाया था। यात्रियों की लगातार आवश्यकता और मांग को देखते हुए, अब इसकी अवधि बढ़ाकर 4 जून 2026 तक कर दी गई है। रेलवे के इस निर्णय से भागलपुर, कटिहार और सीमांचल क्षेत्र के हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### ऑटो के धक्के से सात साल के मासूम की मौत

**भागलपुर** । भागलपुर के कजरैली थाना क्षेत्र के कुमरत गांव में सड़क हादसे में घायल सात साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान घोघा थाना क्षेत्र के उदयरामपुर निवासी निरंजन कुमार सिंह के बेटे विशु कुमार के रूप में हुई है। विशु अपनी मां और छोटे भाई के साथ ननिहाल कुमरत गांव में रहकर पढ़ाई करता था। शनिवार दोपहर करीब दो बजे वह गांव के पास सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चे को आनन-फानन में जेएलएनएमसीएच मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि विशु पांचवीं कक्षा का छात्र था और पढ़ाई में काफी होनहार था। वह अक्सर अपनी क्लास में पहला स्थान हासिल करता था। मां नीलम देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता निरंजन कुमार सिंह कोलकाता में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कजरैली थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ऑटो को जब्त कर लिया गया है। ड्राइवर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार गाड़ी पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### सरकारी दावे फेल मुसहरी घाट पर कचरे का अंबार

**भागलपुर**। गंगा को प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए सरकार पानी की तरह पैसे बहा रही है और लाखों रुपये खर्च करने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल जुदा है। मायागंज के मुसहरी घाट पर आज भी प्रशासनिक अनदेखी के कारण सरेआम गंगा के किनारे कचरा गिराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाट पर गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिससे न केवल पवित्र नदी का पानी दूषित हो रहा है, बल्कि महामारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। बड़ा सवालः लाखों के बजट और नमामी गंगे जैसी योजनाओं के बावजूद इस घाट की सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रशासन की यह सुस्ती पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों पर भारी पड़ रही है।

### जीरोमाइल से मिर्जाचौकी तक एनएच 80 की 44 किमी सड़क हुई तैयार

**भागलपुर** । भागलपुर के जीरोमाइल से मिर्जाचौकी तक बन रहे 47.815 किलोमीटर लंबे एनएच-80 के निर्माण कार्य को आखिरकार जून 2026 तक पूरा करने की अंतिम डेडलाइन तय कर दी गई है। परियोजना का अधिकांश काम पूरा हो चुका है और अब केवल कुछ पुल-पुलियों व एप्रोच रोड का निर्माण बाकी है। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक 44 किलोमीटर से अधिक हिस्से में सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष भागों पर तेजी से काम चल रहा है। एनएच अधिकारी के अनुसार, कहलगांव के बभनगामा के पास एक पुलिया, शिवनारायणपुर क्षेत्र में दो पुलिया का निर्माण अंतिम चरण में है। जबकि मिर्जाचौकी के पास एक पुलिया का निर्माण शुरू होने वाला है। इन पुल-पुलिया के एप्रोच रोड बनाने का काम भी जारी है। जैसे ही ये कार्य पूरे होंगे, पूरे मार्ग पर निर्बाध आवाजाही शुरू हो जाएगी। बता दें कि एनएच-80 का निर्माण कार्य पूरा होने से भागलपुर से साहिबगंज की ओर सफर करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक खराब सड़क और अधूरे निर्माण कार्य के कारण लोगों को जाम, धूल और लंबी यात्रा का सामना करना पड़ रहा है। नई सड़क बनने के बाद यात्रा समय में भारी कमी आएगी और मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी सुगम होगी। एनएच 80 पर पुल का ढांचा हो रहा तैयार। 4 नवंबर 2022 में शुरू हुआ था निर्माण, कई बार बढ़ी समयसीमा जीरोमाइल से मिर्जाचौकी एनएच-80 का निर्माण कार्य 4 नवंबर 2022 को शुरू हुआ था। निर्माण एजेंसी को नवंबर 2024 तक काम पूरा करना था, लेकिन तय समय पर प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो सका। देरी पर मंत्रालय और एनएच अधिकारियों ने एजेंसी से जवाब मांगा था। एजेंसी ने फ्लाई ऐश की कमी, बाढ़ और वन विभाग से अनुमति में देरी को वजह बताया था। इसके बाद विभाग ने जांच कर एजेंसी के दावों को सही माना और डेडलाइन बढ़ाकर 25 सितंबर 2025 कर दी। फिर भी काम अधूरा रहने पर फरवरी 2026 तक का समय दिया गया, लेकिन निर्माण पूरा नहीं हो सका। अब विभाग ने जून 2026 को अंतिम समयसीमा घोषित करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी स्थिति में इसी अवधि तक परियोजना पूरी करनी होगी।

# जिला न्यायमंडल जज ने दिलाई तंबाकू के खिलाफ शपथ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बेगूसराय** । बेगूसराय में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर आज एक कार्यक्रम हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एडीआर भवन में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया । दूसरी ओर एनसीसी कैडेट्स ने भी तंबाकू के खिलाफ अभियान चलाया। बेगूसराय न्यायमंडल के जज, वकील, न्यायालय कर्मी, एलएडीसी के सदस्य और अधिकार मित्र (पीएलभी) को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने इस पर चर्चा की।

**तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करेंगे** : ऋषिकांत ने कहा कि आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हम सभी यह शपथ लें कि किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करेंगे। हम सभी को अपने परिवार, परिजन अपने आसपास के लोगो को भी तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ दिलानी होगी, उन्हें इसके लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को न्यायालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखने होगा। हमारे आसपास जो भी लोग तंबाकू का सेवन कर रहे हैं, उन लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक करना होगा। उन्हें बताना होगा कि किस प्रकार तंबाकू हमारे जीवन को प्रभावित करता है। तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर भी होता है।

**आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर बनाता तंबाकू** : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने कहा कि हम सभी ने तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ ली है। हम सबके लिए यह प्रेरणा का दिन है कि अपने आप और अपने समाज को तंबाकू से मुक्त करें। यह हमें मानसिक आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर बनाता है। इसके सेवन से हमें कैंसर होने की संभावना प्रबल रहती है। यदि कैंसर हो गया तो पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। मौके पर न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, पोक्सो न्यायालय के स्पेशल जज दिव्या, न्यायाधीश राम झा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविता कुमारी सहित सभी जज एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

**जागरूकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन** : नेशनल कैडेट कोर के 35 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित 10-दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-V) के तीसरे दिन आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## धौनी स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस के ठहराव का आश्वासन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका** । बांका के धौनी रेलवे स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर चल रहे संघर्ष को सफलता मिली है। सांसद गिरधारी यादव की पहल पर रेलवे अधिकारियों ने 15 जून तक ट्रेन के ठहराव की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है। धौनी रेलवे संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार शाम बांका सर्किट हाउस में सांसद से मुलाकात कर यह मांग उठाई थी। समिति के अध्यक्ष सिकंदर यादव, जीवन प्रसाद सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह और प्रमोद सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सांसद का स्वागत किया। उन्होंने सांसद को बताया कि धौनी रेलवे स्टेशन पर कविगुरु एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से लंबित है। पूर्व में भी रेलवे प्रशासन से इस संबंध में आश्वासन मिला था, लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी ठहराव शुरू नहीं हो सका, जिससे स्थानीय लोगों, व्यवसायियों और यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

**15 जून तक आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन** : सांसद गिरधारी यादव ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल रेलवे के उच्च अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने धौनी रेलवे स्टेशन पर जल्द से जल्द कविगुरु एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की।

# हरियाणा का ड्राइवर भागलपुर में कर रहा था शराब तस्करी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने आज एक कार से अवैध विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई सबौर थाना क्षेत्र के खानकीतता के पास की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने एक संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें एक ब्रांड की कुल 1536 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। मौके से गाड़ी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। ड्राइवर की पहचान हरियाणा के अजय कौशिक के तौर पर की गई है। उत्पाद विभाग के निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप गाड़ी के माध्यम से भागलपुर होकर दूसरे जिले में पहुंचाई जाने वाली है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने खानकीतता के पास घेराबंदी कर संदिग्ध कार को पकड़ा।



**ड्राइवर बोले- दूसरे साथियों के बारे में जानकारी नहीं** : तलाशी के दौरान विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि उसे घोंघा बायपास के पास एक व्यक्ति ने मास्क लगाकर गाड़ी सौंपा था। चालक का कहना है कि वह उस व्यक्ति को नहीं जानता और उसे केवल गाड़ी को मुजफ्फरपुर तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया था। उसने यह भी बताया कि उसके साथियों ने गाड़ी सौंपा था, लेकिन उनकी पहचान और भूमिका के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक गौतम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार, सिपाही शुभम कुमार समेत उत्पाद विभाग के अन्य जवान और गृहरक्षक शामिल थे।

# सांसद फंड से नवनिर्मित मॉडल भवन पर चला बुलडोजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय** । बेगूसराय के भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन के सामने राज्यसभा के तत्कालीन सांसद राकेश सिन्हा के फंड से बने निर्मित सांस्कृतिक सह वाचनालय मॉडल भवन को तोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ा गया है। जिससे भारी आक्रोश है। 10 लाख रुपए की लागत से तैयार इस भवन को अचानक तोड़े जाने को लेकर ग्रामीणों ने इसे सरकारी राशि का खुला दुरुपयोग बताया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किसी भी सरकारी भवन को ध्वस्त करने के लिए तय गाइडलाइन और नीलामी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में आधुनिक प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन



निर्माण के लिए चिह्नित भूमि पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। इस मामले में तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग द्वारा निलामी प्रक्रिया किया जाता है। अधिकारियों से बात कर आगे की प्रक्रिया किया जाएगा।

**नियमों के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप** : भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत चौधरी, पंसस हरिओम शर्मा, स्थानीय प्रदीप कुमार, आलोक कुमार, प्रवीण शेखर, रूपेश कुमार का कहना है कि नियमों के खिलाफ जाकर बिना ग्रामीण स्तर पर जानकारी साझा किए या नीलामी प्रक्रिया अपनाए भवन को मलबे में तब्दील कर दिया गया। नियम के खिलाफ कार्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। तोड़े गए नवनिर्मित भवन के बदले क्षेत्र के युवाओं के लिए एक वैकल्पिक भवन उपलब्ध कराया जाए।

**रातों-रात बुलडोजर चला दिया** : वहीं, पूर्व सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा है कि राज्यसभा में रहते हुए मेरी प्राथमिकता पुस्तकालय-वाचनालय का निर्माण था। अभी भी कुछ तैयार हो रहा है। उसी दौरान भगवानपुर के बच्चों-अभिभावकों का आग्रह एक वाचनालय बनाने का था। मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय था, अनुशंसा किया।

# श्राद्ध में भजन की जगह लौंडा डांस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय** । हिंदू सनातन धर्म में मृत्यु के बाद होने वाले श्राद्धकर्म और श्रद्धांजलि सभा को एक बेहद गंभीर, शांत और शोक संतप्त माहौल का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर भक्ति, भजन-कीर्तन या गरुड़ पुराण के पाठ का आयोजन किया जाता है। बदलते दौर में कुछ ऐसी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो सामाजिक परंपराओं और मर्यादाओं पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ऐसा ही एक मामला मामला बेगूसराय के दियारा इलाके बलिया थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव से सामने आया है। जहां मां के श्राद्धकर्म में बेटा ने भजन की जगह पूरी रात लौंडा डांस का आयोजन किया।

पूरी रात चला नाच-गान का कार्यक्रम

मैना देवी उर्फ जानकी का निधन 19 मई को हो गया था। इसके बाद 30 मई को द्वादशा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। श्राद्धकर्म में मृतका के पुत्र महाराणा प्रताप पासवान ने पारंपरिक भजन-मंडली या साधु-संतों को बुलाने के बजाय डांसर्स को आमंत्रित



किया। मंच पर बकायदा भावपूर्ण श्रद्धांजलि का एक बड़ा बैनर टंगा हुआ था, जिस पर मृतका की तस्वीर लगी थी। उसी तस्वीर और बैनर के ठीक आगे रात भर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजते रहे। लौंडा डांसर ठुमके लगाते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत तो सामान्य हुई, लेकिन रात ढलते ही पूरा माहौल किसी शादी-ब्याह के जश्न या ऑर्केस्ट्रा प्रोग्राम में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में बुलाए गए डांसर्स ने हिंदी और भोजपुरी के कई लोक प्रचलित और फूहड़ गानों पर जमकर डांस किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों और मेहमानों ने भी शालीनता की हदें पार कर दी। मृतका के परिजन जश्न में डूबे रहे।

लोगों ने शर्मनाक बताया

गमगीन माहौल के लिए रखे गए इस कार्यक्रम में लोग पूरी रात झूमते और आनंद लेते नजर आए, जिसे देख हर कोई हैरान है। अब इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसे कलयुग की पराकाष्ठा बता रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि इस तरह का फूहड़ प्रदर्शन करना बेहद शर्मनाक है।

ग्रामीणों ने भी जताई नाराजगी

गांव के लोग कहते हैं कि श्राद्ध जैसे पवित्र और गंभीर कर्मकांड में इस तरह के अश्लील आयोजनों का होना समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं के लगातार हो रहे पतन को दर्शाता है। श्राद्धकर्म दिवंगत आत्मा की सद्गति की प्रार्थना के लिए होता है, न कि मनोरंजन और जश्न मनाने के लिए। आधुनिकता और मनोरंजन की अंधी दौड़ में हम अपनी मूल संवेदनाओं और संस्कारों को किस हद तक पीछे छोड़ते जा रहे हैं।

## बांग्लादेशी नवाब का ससुर अररिया में गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया** । अररिया में बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल हकीम उर्फ नवाब के ससुर मोहम्मद मुस्ताक को गिरफ्तार किया गया है। मुस्ताक पर नवाब को शरण देने और फर्जी दस्तावेज बनाने में सहयोग करने का आरोप है। पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल हकीम कई वर्षों से अररिया के रामपुर कोदरकट्टी पंचायत के मरंगी टोला में रह रहा था। उसने स्थानीय निवासी मोहम्मद मुस्ताक की बेटी से शादी की थी। शादी के बाद उसने 'नवाब' नाम से आधार कार्ड और वोटर आईडी भी बनवा ली थी। अक्टूबर 2024 में पासपोर्ट सत्यापन के दौरान उसकी बांग्लादेशी नागरिकता का खुलासा हुआ था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में मोहम्मद मुस्ताक पर मुख्य आरोपी अब्दुल हकीम को फर्जी दस्तावेज




बनाने में मदद करने का आरोप है। नगर थानेदार मनीष कुमार रजक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मुस्ताक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अब्दुल हकीम लंबे समय से इस इलाके में छिपा हुआ था और शादी के बाद स्थानीय पहचान बनाने में सफल रहा। उसके फर्जी दस्तावेजों में स्थानीय लोगों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है कि क्या इस क्षेत्र में और भी बांग्लादेशी नागरिक छिपे हुए हैं या अन्य लोगों ने भी ऐसे दस्तावेज बनाने में मदद की है।

## टैंकर की चपेट में आने से 2 युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका** । बांका में शनिवार रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना धोरैया थाना क्षेत्र में धोरैया-पंजवारा मुख्य मार्ग पर चलना मोड़ के पास हुई। दोनों युवक बाइक से भोज खाकर घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार दूध टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। रविवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान पंजवारा थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी भदो हरिजन के बेटे सुमृत दास (24) और गोवर्धन दास के बेटे पप्पू दास के रूप में हुई है।




**भोज से लौटने के दौरान हादसा** : मृतक सुमृत के बड़े भाई रमन कुमार दास ने बताया कि दोनों युवक बाइक से दूधसिमर गांव भोज खाने गए थे। भोज से लौटने के दौरान चलना मोड़ के पास चतुर्भुज मोड़ पर यह हादसा हुआ, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धोरैया ले गई। वहां चिकित्सकों ने सुमृत दास को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पप्पू दास को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में मातम छा गया है और गांव में भी शोक का माहौल है। घटना के बाद दोंनो के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

**दूध टैंकर और बाइक जब्त** : प्रभारी थानाध्यक्ष सूरज कुमार वैभव ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दूध टैंकर और बाइक को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गिरीश पासवान ने मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# राजमार्गों से अतिक्रमण हटेगा, नई दुकानों को अनुमति नहीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया** । अररिया के जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को मजबूत करना, दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना रहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे किसी भी प्रकार की अनाधिकृत खान-पान की दुकान, ढाबा अथवा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित नहीं किए जाएंगे। साथ ही, भविष्य में सड़क



किनारे इस प्रकार के प्रतिष्ठानों को किसी भी प्रकार की लाइसेंस अथवा अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

**10 जून तक हटाया जाएगा अतिक्रमण** : सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं सर्विस रोड पर स्थित अतिक्रमणों को चिन्हित कर 10 जून तक पूर्णतः हटाना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से दुर्घटना संभावित एवं अति संवेदनशील स्थलों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। बैठक में सड़कों पर अनावश्यक वाहन पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी निर्देश दिया गया। सड़क किनारे अथवा यातायात बाधित करने वाले वाहनों को पेट्रोलिंग टीम द्वारा तत्काल हटवाया जाएगा। निर्देशों की अवहेलना करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में पूर्व छात्र नेता की ट्रेन से कटकर मौत

**आरा ।** धनबाद में पूर्व छात्र नेता की ट्रेन से कटकर मौत, आरा के थे झारखंड के धनबाद जिला में कुमारधुबी स्टेशन के पश्चिम बीसीएल कांटा के समीप ट्रेन से कटकर पूर्व छात्र नेता प्रमोद सिंह की मौत हो गई। घटना शनिवार को सुबह डाउन रेल लाइन पर हुई। प्रमोद सिंह, उम्र-52, मैथन क्षेत्र में रांची कॉलोनी के निवासी थे। इनका पैतृक गांव आरा (भोजपुर) के मसाढ़ गांव में था। वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय में हुए प्रथम छात्र संघ चुनाव में बीएसके कॉलेज, मैथन में सचिव निर्वाचित हुए थे। परिजनों के अनुसार प्रमोद पूजा करने घर से निकले थे। लेकिन कुमारधुबी स्टेशन कैसे पहुंचे, यह स्पष्ट नहीं हो सका। प्रमोद सिंह छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े थे। वर्ष 1997 में बीएसके कॉलेज मैथन में छात्र संघ चुनाव में वे सचिव चुने गए थे। बाद में वे अच्छे व्यवसायी के रूप में भी जाने गए। उनके एक पुत्र और एक पुत्री है। कुमारधुबी जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। परिजनों ने बताया कि, अंतिम संस्कार पैतृक गांव महाड़ में किया जाएगा।धनबाद में ट्रेन से कटकर हुई प्रमोद सिंह की मौत ने उनके परिचितों और समर्थकों को स्तब्ध कर दिया है। छात्र जीवन में सक्रिय राजनीति से अपनी पहचान बनाने वाले प्रमोद सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पहले छात्र संघ चुनाव में सचिव निर्वाचित हुए थे। बाद के वर्षों में उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई।वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय में हुए प्रथम छात्र संघ चुनाव में बीएसके कॉलेज, मैथन में सचिव निर्वाचित हुए थे। उनके निधन की खबर मिलते ही झारखंड और भोजपुर के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।बाद के वर्षों में उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई।वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय में हुए प्रथम छात्र संघ चुनाव में बीएसके कॉलेज, मैथन में सचिव निर्वाचित हुए थे। हालांकि घटना दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसे लेकर अभी स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है। परिजनों के अनुसार वह घर से पूजा के लिए निकले थे, लेकिन कुमारधुबी स्टेशन तक कैसे पहुंचे, यह सवाल बना हुआ है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की परिस्थितियों पर तस्वीर साफ हो सकेगी।

### बीयर व देसी शराब जब्त

**कोईलवर**। गीधा थाना पुलिस ने शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। हालांकि दोनों मामलों में आरोपित पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गए। पुलिस के अनुसार ज्ञानपुर गांव में छापेमारी के दौरान एक बाइक से करीब 50 लीटर देशी शराब बरामद की गई। मामले में ज्ञानपुर निवासी सरजू कुमार, पिता नंद किशोर राय को आरोपित बनाया गया है। पुलिस के पहुंचने से पहले वह मौके से फरार हो गया। बाइक को जब्त कर लिया गया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने बीरमपुर गांव अवस्थित एक घर में छापेमारी कर फ्रिज में रखी किंगफिशर बीयर की 500 एमएल की 30 बोतलें बरामद कीं।

### अंचल कार्यालय में में कागजात जमा करने में परेशानी

**गड़हनी ।** पटना-आरा-सासाराम फोरलेन सड़क परियोजना (एनएच-119ए) के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत किसानों को भू-अर्जन विभाग की ओर से नोटिस भेजा गया है।जिसको एलपीजी, लगान रसीद, वंशावली, शपथ पत्र, सहमति पत्र सहित कई कागजात है। किसानों ने इसमें कई कागजात तो बना लिया है, लेकिन दादा या पूर्वज के नाम जमीन होने से लगान का रसीद नहीं है। जिसके चलते आवश्यक दस्तावेज जमा करने में किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण के लिए एलपीसी, वंशावली एवं अन्य राजस्व संबंधी दस्तावेज जमा करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन सरकारी कर्मियों की हड़ताल के कारण अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में कई महीनों से रैयती भूमि का परिमार्जन और एलपीसी निर्गत नहीं हो पा रहा है। ऐसे में किसान समय पर आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं।

**मुआवजा नहीं मिलने से किसानों ने निर्माण पर लगाया रोक :** इस संबंध में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल कई बार अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कर चुका है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। किसानों का आरोप है कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के बावजूद सड़क निर्माण के लिए ले आउट कार्य कराया जा रहा है। जिसका विरोध बगवां सहित कई स्थानों पर किया जा रहा है। कागजात जामा नहीं होने से बहुत किसानों को जमीन का मुआवजा भी नहीं मिला है जिसके कारण निर्माण कार्य का किसानों ने विरोध किया है।

**कागजात जमा करने के लिये वैकल्पिक व्यस्था का किसानों ने किया मांग :** किसान नेता बबन प्रसाद मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि सरपंच द्वारा निर्गत वंशावली को स्वीकार किया जाए और एलपीसी के अभाव में भी किसानों के भू-अर्जन संबंधी आवेदन स्वीकार करने का निर्देश जारी किया जाए, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया बाधित न हो और किसानों को मुआवजा प्राप्त करने में परेशानी न हो। मांग करने वालों में अरुण सिंह, सियाराम सिंह, राजेश्वर सिंह समेत सैकड़ों किसान शामिल हैं।किसानों ने चेतावनी दी है।

### सीएचसी में गंदगी से मरीज परेशान

**ब्रह्मपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। अस्पताल परिसर में फैली गंदगी तथा सामुदायिक शौचालय की नियमित सफाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आने के बावजूद उन्हें अस्वच्छ वातावरण का सामना करना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। अस्पताल पहुंचे मरीज सोनू कुमार और दुलारी देवी ने बताया कि सामुदायिक शौचालय में लंबे समय से समुचित सफाई नहीं हो रही है। शौचालय से लगातार दुर्गंध आती रहती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी असुविधा होती है।

### बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को गांव तक पहुंचाने का आह्वान

**बक्सर ।** जन सुराज के पटना स्थित केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को जिला इकाई के पदाधिकारियों ने आयोजित बैठक में संगठन के सूत्रधार प्रशांत किशोर और प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती से मुलाकात की। इस दौरान जन सुराज के जिला अध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने प्रशांत किशोर और मनोज भारती को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी सदस्यों की आधिकारिक सूची भी नेतृत्व को सौंपी।मौके पर बक्सर विधानसभा के प्रत्याशी तथागत हर्षवर्धन, शाहाबाद प्रभारी रवीन्द्र द्विवेदी, जन सुराज के वरिष्ठ नेता धनजी पांडेय, अरविंद पांडेय और युवा जिला अध्यक्ष अजित सम्राट मुख्य रूप से शामिल रहे। वरिष्ठ नेताओं ने संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। प्रशांत किशोर ने बक्सर टीम के प्रयासों की सराहना की और बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### ज्ञान भारतम मिशन में योगदान के लिए पूर्णानंद मिश्रा और नरोत्तम द्विवेदी को डीएम ने किया सम्मानित

**बक्सर**। शनिवार को ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण में उल्लेखनीय सहयोग के लिए पूर्णानंद मिश्रा एवं नरोत्तम द्विवेदी को को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम साहिला ने दोनों को सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन भारत की समृद्ध ज्ञान-संपदा, ऐतिहासिक दस्तावेजों और दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण तथा उनके व्यापक प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों, विद्वानों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। सम्मान प्राप्त करने के बाद पूर्णानंद मिश्रा एवं नरोत्तम द्विवेदी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दुबई से चल रहा था ऑनलाइन ठगी का नेटवर्क

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा ।** आरा साइबर पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पटना जिले के दानापुर स्थित आरकेपुरम इलाके में छापेमारी कर गिरोह से जुड़े नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के ठिकाने से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज और फर्जी पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। जांच में बिहार ग्रामीण बैंक के तीन संदिग्ध खातों में पिछले पांच से छह महीनों के दौरान करीब 7 करोड़ 85 लाख रुपए से अधिक के लेन-देन का खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि गिरोह का संचालन दुबई से किया जा रहा था और ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा था।

**कॉल डिटेल खंगाला गया :** साइबर डीएसपी स्नेह सेतु ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले नौ युवक शामिल है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार ग्रामीण बैंक के कुछ खातों के माध्यम से संदिग्ध तरीके से करोड़ों रुपए का लेन-देन किया जा रहा है। जांच के दौरान इन खातों के खिलाफ बिहार के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत कई राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली। इसके बाद खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) खंगाले गए।

**किराए के फ्लैट से चल रहा था खेल :** जांच में दो मोबाइल नंबरों की लोकेशन दानापुर के आरकेपुरम क्षेत्र में मिली। इसके आधार पर साइबर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने किराए के फ्लैट पर छापेमारी कर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पिछले छह महीने से फ्लैट में रहकर साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 46 मोबाइल फोन, 7 लैपटॉप, 32 सिम कार्ड, 52 डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड, विभिन्न बैंकों की 19 पासबुक, एक स्कैनर, पांच आधार कार्ड, चार पैन कार्ड और दो मतदाता पहचान पत्र बरामद किए।

**ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी :** पुलिस का कहना है कि गिरोह महादेव एप की तर्ज पर 'लोटस बुक' नामक एप संचालित कर रहा था। इसके जरिए क्रिकेट, फुटबॉल, कैसीनो और अन्य ऑनलाइन गेम के नाम पर लोगों से पैसे ठगे जाते थे।

## संदिग्ध हालत में किसान की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक किसान की मौत हो गई। परिजनों ने शराब में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान बागर गांव वार्ड नंबर-12 निवासी रमून राय के पुत्र सूर्यवंश राय(54) के तौर पर हुई है। है। घटना सिकरहटा थाना क्षेत्र की है। मृतक के बड़े भाई ओम नारायण राय ने बताया कि वह प्रतिदिन नशा करता था। वह कुछ लोगों के साथ नशा करने के लिए गांव में ही गया हुआ था। रात करीब दस बजे घर वापस लौटा था। वह लड़खड़ा कर चल रहा था। इसके बाद वह सो गया। सुबह में जब परिजन उसे उठाने गए तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं :** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। भाई ओम नारायण राय ने आशंका जताई है कि शराब में ही जहर मिलाकर पिलाया गया है। हालांकि किसी व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया है। मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार ने बताया कि मौत अभी संदिग्ध लग रहा है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। टीम ने साक्ष्य को इकट्ठा किया है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## शिक्षक संघ गोपगुट की बैठक, प्रखंड सम्मेलन के लिए संयोजन समिति गठित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट), भोजपुर की ओर से शनिवार को बड़हरा प्रखंड के शिक्षकों की बैठक प्रखंड कार्यालय के निकट परमा कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट), भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। बैठक में शिक्षक संघ गोपगुट के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं कोईलवर प्रखंड के कोषाध्यक्ष मंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी महीनों में प्रस्तावित प्रखंड सम्मेलन की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए एक संयोजन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संजय कुमार को संयोजक, सुनील कुमार को सचिव तथा राम लखन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं मोहम्मद मुस्ताक आलम, सत्य प्रकाश, रामकुमार भारती, यशवंत कुमार, संजय कुमार गुप्ता, हरेंद्र कुमार को समिति का सदस्य बनाया गया।

## इटाढ़ी और चौसा रेलवे फाटक स्थायी रूप से बंद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** बक्सर में लंबे समय से प्रतीक्षित इटाढ़ी और चौसा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इन पुलों पर अब आवागमन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही, वर्षों से लोगों की आवाजाही का प्रमुख माध्यम रहे इटाढ़ी और चौसा-कोचस रेलवे फाटक स्थायी रूप से बंद किए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने दोनों फाटकों पर घेराबंदी का कार्य शुरू कर दिया है। इन रेलवे क्रॉसिंगों पर आवाजाही बंद करने की प्रक्रिया भी आज से शुरू कर दी जाएगी। बंद करने से पहले रेलवे फाटक पर एक सूचना लगाई गई है, जिसमें लिखा है कि "LC No. 70 इटाढ़ी गुमटी (दिनांकः 31.05.2026) से स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, कृपया उपरिगामी पुल का प्रयोग करें, असुविधा के लिए खेद है।" रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि




रेलवे सुरक्षा मानकों के अनुसार, किसी भी स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण सड़क और रेल यातायात के बीच सीधे संपर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है।

**आरओबी बनने के बाद फाटक बंद :** उन्होंने स्पष्ट किया कि जब किसी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बन जाता है, तो सुरक्षा की दृष्टि से लेवल क्रॉसिंग को चालू रखना उचित नहीं माना जाता। इसी नियम के तहत इटाढ़ी और चौसा रेलवे फाटक को स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। दरअसल, इन दोनों रेलवे फाटकों पर वर्षों से लोगों को जाम और लंबी प्रतीक्षा की समस्या का सामना करना पड़ता था। ट्रेन गुजरने के दौरान फाटक बंद होते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। इससे स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती थी। कई बार एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन भी फाटक बंद होने के कारण जाम में फंस जाते थे, जिससे गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती थीं।

**ओवरब्रिज चालू होने के बाद आवागमन की सुविधा :** अब रेलवे ओवरब्रिज चालू होने के बाद वाहन चालकों को बिना रुके आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। रेलवे स्टेशन रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव घटने से शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम होने की उम्मीद है। हालांकि, लोगों के लिए यह बदलाव केवल सुविधा का विषय नहीं है। इटाढ़ी और चौसा रेलवे फाटक से कई पीढ़ियों की यादें जुड़ी हुई हैं। वर्षों तक इन फाटकों ने जिले के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित किया और अब इनके बंद होने के साथ एक युग का अंत भी माना जा रहा है। एक ओर लोग आधुनिक सुविधा के रूप में आरओबी के संचालन को लेकर उत्साहित हैं, तो दूसरी ओर पुराने रेलवे फाटकों से जुड़े भावनात्मक रिश्तों को भी याद कर रहे हैं।

# सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी, छह हिरासत में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जासो रोड के विष्णुपुरी मोहल्ले में सेक्स रैकेट संचालित किए जाने की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने एक निजी मकान में छापेमारी की, जहां से चार पुरुषों और दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को काफी समय से उक्त मकान में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। स्थानीय लोगों के बीच भी मकान में अज्ञात लोगों के लगातार आने-जाने को लेकर चर्चाएं होती रही थीं। सूचना मिलने के बाद



पुलिस ने बिना देर किए मकान की घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान मकान मालिक लक्ष्मण पांडेय को भी हिरासत में लिए जाने की बात सामने आई है। मकान मालिक के भाई ने ही पुलिस को दी सूचना : बताया जा रहा है कि इस मामले में सबसे अहम भूमिका मकान मालिक के भाई बंशीधर पांडेय ने निभाई। बंशीधर पांडेय ने बताया कि उन्हें पहले से इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि कई लोगों द्वारा लगातार इस तरह की शिकायतें की जा रही थीं, जिसके बाद उन्होंने स्वयं पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। उनका कहना था कि पारिवारिक संपत्ति का गलत तरीके से उपयोग किए जाने के कारण परिवार की छवि प्रभावित हो रही थी और आसपास के लोगों को भी परेशानी हो रही थी। मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को भी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद सुधाकर सिंह पहुंचे कश्मीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने लोकसभा की कृषि, पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति के शैक्षणिक दौरे के तहत कश्मीर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध डल झील का दौरा किया और इसके सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यटन महत्व को करीब से समझा। उन्होंने झील से जुड़े लोगों के जीवन और आजीविका के विभिन्न पहलुओं का भी अवलोकन किया। सांसद सुधाकर सिंह ने बताया कि डल झील सिर्फ एक प्रमुख पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आजीविका का आधार भी है। उन्होंने जानकारी दी कि झील के भीतर लगभग 50 छोटे गांव और बस्तियां मौजूद हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। झील और इसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 50 से 60 हजार लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस जलस्रोत पर निर्भर हैं।

**सिंघाड़ा और कमल की खेती करते है स्थानीय :** उन्होंने बताया कि यहां के निवासी सिंघाड़ा और कमल की खेती करते हैं, मछली पालन में संलग्न हैं, और पर्यटन से जुड़े विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से अपने परिवारों का भरण-पोषण करते हैं। डल झील का यह पूरा तंत्र प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने भ्रमण के दौरान सांसद सुधाकर सिंह की मुलाकात बिहार के मुंगेर जिले के असरगंज निवासी नागेश्वर साह से हुई। नागेश्वर साह लगभग 20 वर्ष पहले रोजगार की तलाश में बिहार से कश्मीर आए थे। वर्तमान में वे डल झील क्षेत्र में अपना झालमूढ़ी का व्यवसाय चला रहे हैं।


**छोटे व्यवसायों के माध्यम से जीवन को बनाया बेहतर :** सांसद ने बताया कि अपने छोटे से व्यवसाय के दम पर नागेश्वर साह ने न केवल अपनी तीन बेटियों की शादी की, बल्कि अपना मकान भी बनवाया। उनकी यह कहानी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। सुधाकर सिंह ने कहा कि देश के कई हिस्सों में कश्मीर को लेकर विभिन्न धारणाएं प्रचलित हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी भिन्न है। उन्होंने जोर दिया कि यहां के मेहनतकश लोगों ने खेती, व्यापार, पर्यटन और छोटे व्यवसायों के माध्यम से लगातार अपने जीवन को बेहतर बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी क्षेत्र को पूर्वाग्रहों के आधार पर नहीं, बल्कि वहां के लोगों के संघर्ष, मेहनत और उपलब्धियों के आधार पर समझा जाना चाहिए।

**बिहार का शख्स कश्मीर में कर रहा व्यवसाय :** सांसद ने कहा कि भारत का हर क्षेत्र अपनी अलग पहचान, संस्कृति और संभावनाओं से समृद्ध है तथा कश्मीर इसका एक सुंदर उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज बिहार का एक व्यक्ति कश्मीर में जाकर बिना किसी भेदभाव के अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता है और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस दिन रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में कश्मीर के लोग भी बिहार आकर बिना किसी भेदभाव के काम कर सकेंगे और अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे, उस दिन बिहार के वास्तविक विकास की परिकल्पना साकार होगी। सांसद ने कहा कि राज्यों के बीच आपसी सहयोग, रोजगार के अवसरों का विस्तार और सामाजिक समरसता ही देश को और अधिक मजबूत बनाने का मार्ग है।

# अस्पताल परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों से आवागमन प्रभावित, व्यवस्था सुधार की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोईलवर में पार्किंग व्यवस्था सही नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अस्पताल परिसर में वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से आए दिन अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है, जिससे न सिर्फ मरीजों को आने-जाने में परेशानी होती है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होने लगी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। उनके साथ आने वाले परिजन भी दोपहिया और चारपहिया वाहनों से अस्पताल आते हैं। लेकिन परिसर में पार्किंग के लिए कोई निर्धारित स्थल नहीं होने के कारण लोग मुख्य मार्ग, भवन के आसपास तथा खाली स्थानों पर वाहन खड़े कर देते हैं। इससे अस्पताल के भीतर आवागमन बाधित हो जाता है और कई बार मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर के साथ ले जाने में भी कठिनाई होती है। प्रवेश द्वार तक पहुंचने में परेशानी सबसे



गंभीर स्थिति तब उत्पन्न होती है जब किसी मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल लाया जाता है। बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण एंबुलेंस को प्रवेश द्वार तक पहुंचने में दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार आपातकालीन स्थिति में रास्ता जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ जाती है। अस्पताल आने वाले लोगों का यह भी कहना है कि कई बार वाहन एक-दूसरे के आगे-पीछे खड़े कर दिए जाते हैं। ऐसे में काम समाप्त होने के बाद लोगों को अपनी गाड़ी निकालने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार वाहन मालिकों की तलाश करनी पड़ती है, जिससे समय की बर्बादी के साथ विवाद की स्थिति भी बन जाती है। स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल परिसर में चिन्हित पार्किंग स्थल विकसित करने, वाहनों के लिए दिशा-निर्देश तय करने तथा आपातकालीन मार्ग को हर हाल में खाली रखने की मांग की है। पूर्व नगर उपाध्यक्ष राज कुमार उर्फ राजू यादव, बिस सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक तथा भाजपा नगर महामंत्री अजित कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था समय की आवश्यकता है। इससे मरीजों को राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में भी सुविधा होगी। पार्किंग का है पर्याप्त जगह इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त जगह उपलब्ध है। वाहनों को व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी सुरक्षा कर्मियों की भी है। उन्होंने बताया कि सोमवार से पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने की पहल की जाएगी, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व दुग्ध दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने पशुपालकों और डेयरी किसानों को दी शुभकामनाएं

**पटना**। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर पशुपालकों और डेयरी उद्योग से जुड़े किसानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दूध केवल एक खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। साथ ही यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है। बिहार के विकास में दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से डेयरी उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और आधुनिक तकनीक, बेहतर पशुपालन तथा गुणवत्तापूर्ण डेयरी प्रबंधन के माध्यम से इस क्षेत्र को और अधिक विकसित किया जा सकता है। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी लोगों से स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है तथा आने वाली पीढ़ियों को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण उपलब्ध कराया जा सकता है।

### वैश्विक माता-पिता दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने अभिभावकों को किया नमन

**पटना**। डॉ. प्रेम कुमार ने वैश्विक माता-पिता दिवस के अवसर पर सभी अभिभावकों को सादर नमन करते हुए प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि माता-पिता समाज के संस्कार, त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ प्रेम के सर्वोच्च जीवंत स्तंभ हैं। परिवार और समाज के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय होती है। माता-पिता ही बच्चों के प्रथम शिक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत होते हैं, जो उन्हें जीवन के हर चरण में सही दिशा प्रदान करते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एक आदर्श, सशक्त और सभ्य समाज की नींव परिवार से पड़ती है और परिवार की इस नींव को मजबूत बनाने में माता-पिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर त्याग और संघर्ष करते हैं तथा विपरीत परिस्थितियों में भी परिवार को संबल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक माता-पिता दिवस हमें अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि आधुनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच भी हमें अपने माता-पिता के लिए समय निकालना चाहिए और उनके प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों से माता-पिता के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही एक सशक्त परिवार, समृद्ध समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है।

### बिहार में डीआरआई की बड़ी कार्रवाई, 104.9 किलो गांजा जब्त; दो तस्कर गिरफ्तार

**पटना**। राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI) ने बिहार में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 104.9 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में अवैध तस्करी से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। डीआरआई द्वारा 30 मई 2026 को की गई यह कार्रवाई राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और उसके सप्लाई नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल संगठित गिरोहों पर लगातार नजर रखी जा रही है और उनके खिलाफ समन्वित अभियान चलाए जा रहे हैं। डीआरआई के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार में लगभग 46.5 करोड़ रुपये मूल्य के मादक एवं साइकोट्रोपिक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इस अवधि में विभिन्न मामलों में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए मादक पदार्थों में 107.5 किलोग्राम चरस, 1277.81 किलोग्राम गांजा, 18.92 किलोग्राम हाई-ग्रेड कैनबिस (हाइड्रोपोनिक वीड), 6 किलोग्राम कोकीन, 112.8 ग्राम हेरोइन तथा अवैध रूप से डायवर्ट की गई कोडीन आधारित कफ सिरप की 8012 बोतलें शामिल हैं। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थों की तस्करी में शामिल संगठित सिंडिकेट्स को निशाना बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान केंद्र सरकार की 'नशा मुक्त भारत' मुहिम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी इसी तरह के अभियान जारी रहेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वैशाली पुलिस ने लौटाए 210 चोरी-गुम मोबाइल, 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 60 लाख रुपये के फोन मिले

**हाजीपुर**। बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत वैशाली पुलिस ने रविवार को 210 चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 60 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने एक कार्यक्रम आयोजित कर मोबाइल धारकों को उनके फोन वापस सौंपे। मोबाइल पाकर लोगों ने वैशाली पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसपी सिहाग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। यह बरामदगी जिला आसूचना इकाई के साथ गठित टेक टीम द्वारा सीईआईआर (CEIR) पोर्टल के माध्यम से लगातार की जा रही है। यह टीम गुम या चोरी हुए मोबाइलों का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान की शुरुआत से अब तक वैशाली पुलिस कुल 1904 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिससे कई लोगों के चेहरे पर खुशी लौटी है। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि मोबाइल चोरी या गुम होने पर नजदीकी थाने में सनहा (शिकायत) दर्ज कराना चाहिए। इसके बाद जिला आसूचना इकाई और सभी थानों की एक टीम पोर्टल के जरिए लगातार मोबाइलों को बरामद करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, जिसके लिए एक अलग टेक टीम बनाई गई है। एसपी सिहाग ने बताया कि इस वर्ष (2026) में अब तक कुल 941 मोबाइल फोन वास्तविक धारकों को लौटाए जा चुके हैं। इसमें 25 जनवरी को 200, 25 फरवरी को 164, 30 मार्च को 165, 29 अप्रैल को 202 और 31 मई 2026 को 210 मोबाइल शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने अधिक मोबाइल बरामदगी करने वाले थानों को पुरस्कृत भी किया। बिदुपुर थाना की पुलिस अवर निरीक्षक रचना तिवारी ने 39 मोबाइल, जंदाहा थाना की पुलिस अवर निरीक्षक शालिनी कुमारी ने 22 मोबाइल और रुस्तमपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार ने 21 मोबाइल रिकवर कराए हैं।

### प्रमुख के गाड़ी चालक को युवकों ने घसीटकर पीटा, बाइक सही से चलाने का बोलने पर विवाद

**हाजीपुर**। वैशाली प्रखंड प्रमुख निर्मला देवी की गाड़ी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान उनकी गाड़ी का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया और उनके स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। बदमाशों ने प्रमुख के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। यह घटना 28 मई को हुई थी। प्रमुख के घर पर काम करने वाला स्टाफ लक्ष्मण कुमार वैशाली के मदारना बाजार में राशन का सामान लेने गया था। वहां बाइक सवार दो युवकों, अंकित कुमार और आकाश कुमार (दोनों बेलसर थाना क्षेत्र के निवासी), ने उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी में टक्कर मार दी। जब लक्ष्मण कुमार ने उन्हें बाइक सही ढंग से चलाने को कहा, तो दोनों भाइयों अंकित और आकाश ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के बाद दोनों युवक प्रमुख के आवास पर पहुंच गए और वहां उन्होंने प्रमुख के गाड़ी चालक को घसीटकर पीटा। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर प्रमुख प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# उत्पात टीम से झड़प करने वाले 4 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**❐ ट्रेन में हाथापाई के बाद फरार हो गए थे सभी, अन्य की गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी**

**पटना**। रेल पुलिस ने महिला सहित चार अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में जहाना खातून उर्फ खुशबू, अंकित कुमार, वीरेंद्र कुमार उर्फ लालू और रंजन शर्मा है। पुलिस ने इनके पास से 6 मोबाइल फोन, दो बाइक और 3.27 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। रेल डीएसपी कंचन राज ने बताया कि यह घटना 27 मई को हुई थी। ट्रेन संख्या 12336 भागलपुर एलटीटी दिलदारनगर से दानापुर की ओर जा रही थी। बक्सर से खुलने के बाद उत्पात टीम ट्रेन में शराब तस्करी के खिलाफ जांच कर रही थी।

जांच के दौरान टीम ने एक महिला को पकड़ा, जिसके बाद उसके अन्य साथियों के साथ उत्पात टीम की हाथापाई और झड़प हो गई। इसी बीच, तस्करों ने कुशलपुर हाल्ट के पास ट्रेन की चेन पुलिंग कर मौके से फरार हो गए थे। मामला बक्सर का है। दानापुर में रविवार को रेल पुलिस ने पीसी कर जानकारी दी है।

**14 अज्ञात पर एफआईआर हुई थी:** घटना को लेकर बक्सर रेल थाना में खुशबू उर्फ जहाना खातून सहित 14 अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 116/26 दर्ज किया गया था। रेल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर, नामजद महिला तस्कर को पहले गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य पुरुष तस्करों को भी पकड़ा गया।

फरार चल रहे अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## गले में दुपट्टा फंसने से नाबालिग की मौत मवेशी चराने के लिए घर से निकला था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**♦ खेलने के लिए आम के पेड़ पर झूला बना रहा था**

**पटना**। पटना के फुलवारी शरीफ में 14 साल के किशोर की मौत हो गई। मृतक सुदर्शन मांझी का बेटा आदित्य कुमार है। जो आम के बगीचे में बकरी चराने गया था। उसके साथ गांव के और भी नाबालिग गए थे। आदित्य के पास एक दुपट्टा भी था। झूला झूलने के लिए दुपट्टे को वो आम के पेड़ पर बांध रहा था। इसी दौरान दुपट्टा उसके गले में फंस गया। गला दबने से उसकी हालत खराब हो गई। वो वही गिर गया। बाकी बच्चे दौड़कर गांव पहुंचे और लोगों को जानकारी दी। ग्रामीण जब तक आदित्य के पास पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई। घटना मझौली गांव की है।

किसी ने इस घटना की सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की कोशिश की, लेकिन परिवार के लोग शुरुआत में इसके लिए तैयार नहीं थे। परिजनों को समझाने में पुलिस को लगभग 3 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। काफी समझाने के बाद परिवार के सदस्य राजी हुए, जिसके बाद आदित्य के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया गया।

फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस को हादसे की सूचना मिली है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेजा गया है। सूचना मिलते ही मैनपुर अंडा पंचायत के मुखिया सुनील यादव और सरपंच मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की। जिला प्रशासन और सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## रोहिणी बोलीं- हिम्मत है तो सरकार जबरन बंगला खाली करवाए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के नोटिस पर लालू परिवार सरकार के खिलाफ एकजुट दिख रहा है। इस मुद्दे पर लालू यादव की बेटी अब रोहिणी आचार्य भी खुलकर सामने आई हैं। रोहिणी ने सरकार को चैलेंज देते हुए सोशल मीडिया X पर लिखा, 'अगर हिम्मत है तो जबरन बंगला खाली करवाए सरकार...।' उन्होंने लिखा कि जनता को मुद्दे से भटकाने के लिए सरकार इस तरह की दबंगई कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याएं सुलझाने में नाकाम रही है, लेकिन विपक्षी नेताओं को परेशान करने में पूरी ताकत लगा रही है। उनके मुताबिक यह सुशासन मॉडल नहीं, बल्कि बदले की राजनीति का मॉडल है। इधर, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भी राबड़ी आवास खाली कराए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। पप्पू यादव ने कहा, 'मुख्यमंत्री जी राबड़ी देवी आपके लिए भी मां के समान हैं उनका अपमान मत करिए। अहंकार छोड़ दीजिए।' भवन निर्माण विभाग की ओर से पूर्व CM राबड़ी देवी को 20 साल पुराना सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। विभाग का राबड़ी देवी को ये तीसरा नोटिस है। नोटिस में कहा गया है कि ये आवास अब डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन (पशुपालन) मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित है। बिहार चुनाव-2025 के बाद ही राबड़ी देवी को नया 39 हार्डिंग रोड बंगला आवंटित किया गया था। इस पर राबड़ी देवी ने कहा, '10 सर्कुलर रोड वाला अवास किसी भी कीमत पर खाली नहीं करेंगे।

## ट्रेन में मिली लाश अकड़ चुकी थी, कोच अटेंडेंट ने कहा- प्रयागराज के बाद कोच खाली हो गया था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। पुणे-दानापुर स्पेशल (01449) शनिवार को लाश मिली थी। ट्रेन पुणे से चलकर दानापुर रेलवे स्टेशन पर दिन के 11 बजे पहुंची थी। प्लेटफार्म नंबर-2 पर खड़ी थी। डेढ़ घंटे तक किसी को पता नहीं चला कि बंद कोच में लाश है। दोपहर साढ़े 12 बजे सफाईकर्मी महिला कोच के पास पहुंचे तो वो अंदर से बंद था। इसके बाद आरपीएफ की टीम पहुंची। इमरजेंसी विंडो से देखा तो युवक की लाश बेल्ट से लटकी है। FSL की टीम बुलाई गई। टीम ने RPF-GRP को बताया कि कुछ घंटे पहले मौत हुई है। बॉडी पूरी तरह से अकड़ गई है। वहीं, रेल पुलिस के अनुसार कोच अटेंडेंट आकाश-नीतीश ने जानकारी दी थी कि प्रयागराज के बाद कोच पूरी तरह से खाली हो गया था।

**दानापुर में नहीं हुई घटना:** GRP मानकर चल रही है कि दानापुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी में घटना नहीं हुई है। ऐसा इसलिए क्यों कि स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में कोई संदिग्ध कोच के अंदर जाता नहीं दिख रहा है। जिस युवक की बॉडी मिली है, वो भी कोच में जाता नहीं दिखा है। दानापुर GRP ने प्रयागराज RPF और GRP से संपर्क कर पूरी घटना के बारे में जानकारी दी है। शव की पहचान के लिए भी बातचीत हुई है।

**लेट से पहुंची थी गाड़ी:** यह ट्रेन पुणे से चलकर दानापुर पहुंचती है। ट्रेन को शुक्रवार रात 2:45 में पहुंचना था, पर ट्रेन देरी से शनिवार सुबह करीब 11:15 बजे स्टेशन पहुंची। घटना के कारण ट्रेन का रेक भी देर से तैयार हो सका, जिससे दानापुर से वापसी में ट्रेन करीब सवा 2 बजे रवाना हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**युवक के पास सिर्फ रूमाल मिला था:** युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। पहचान अभी नहीं हुई है। युवक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल या अन्य सामान बरामद नहीं हुआ। जेब से केवल एक रूमाल मिला है। पैर भी खाली थे। न चप्पल पहना था और न जूता। युवक ने मैरून रंग की टी-शर्ट और काले रंग की जींस पहन रखी थी। अभी तक युवक के शव की पहचान नहीं हो पाई है। बॉडी मोर्चरी में रखी गई है। इधर, दोनों कोच अटेंडेंट से पूछताछ की तैयारी है। क्योंकि इनलोगों ने ही कोच खाली होने की जानकारी रेलवे को दी थी।

रेल डीएसपी कंचन राज ने बताया था कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इलाहाबाद से ट्रेन खुलने के बाद संबंधित बोगी में कोई यात्री नहीं चढ़ा था और ट्रेन का दरवाजा बंद था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। युवक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही।

# पुलिस की कार्रवाई में 50 लीटर से अधिक शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर विदेशी एवं देसी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से कुल 50.625 लीटर शराब बरामद की गई है। सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के खरात पंचायत अंतर्गत बलियारी गांव में छापेमारी के दौरान विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बलियारी गांव निवासी शिवनारायण साव के पुत्र कुणाल कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से 10.375 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

वहीं एक अन्य कार्रवाई में कटिहार जिले के कलीगंज थाना क्षेत्र के हसनगंज निवासी विजय कुमार मंडल, पिता विष्णु देव मंडल, को 35.625 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब के साथ तीन अन्य तस्करों को भी दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में सोनकुकरा-भोजपुर निवासी अशोक बिंद का पुत्र विक्रांत कुमार, नागेश्वर बिंद का पुत्र रहीश कुमार तथा जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के सुलेमानपुर निवासी सुबेलाल प्रसाद का पुत्र धीरेंद्र कुमार शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। सभी आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमोशनल टूर से पहले संचिता बासु ने पटना में की गंगा आरती, सीजन-2 की सफलता के लिए मांगा आशीर्वाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। अभिनेत्री संचिता बासु ने अपने आगामी प्रमोशनल टूर की शुरुआत से पहले आध्यात्मिकता का सहारा लेते हुए पटना के गंगा घाट पर आयोजित गंगा आरती में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट ठुकरा के मेरा प्यार की सफलता और दर्शकों के प्यार के लिए मां गंगा से आशीर्वाद मांगा। संचिता बासु ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गंगा आरती में हिस्सा लिया और आगामी सीजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कामना की कि दर्शकों का भरपूर स्नेह और समर्थन उन्हें पहले की तरह मिलता रहे तथा उनका नया प्रोजेक्ट सफलता के नए आयाम स्थापित करे।

गंगा घाट पर अभिनेत्री का यह आध्यात्मिक और धार्मिक रूप लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भी उनके साथ आरती में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और उन्हें आगामी प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, गंगा आरती से जुड़ी उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। प्रशंसक उनके इस कदम की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा से जुड़ा सकारात्मक संदेश बता रहे हैं।

गौरतलब है कि ठुकरा के मेरा प्यार को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई है। ऐसे में प्रमोशनल टूर से पहले संचिता बासु का गंगा आरती में शामिल होना उनके नए प्रोजेक्ट को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पटना जू में चलेगी ईको फ्रेंडली टॉय ट्रेन, जुलाई से ट्रैक बिछेगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। पटना जू में ईको-फ्रेंडली ट्रेन चलेगी। जुलाई महीने से ट्रैक बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। इसे बिछाने में 4 से 5 महीने लगेंगे और साल के अंत तक इस पर रेल सेवा शुरू कर दी जाएगी। ट्रेन के लिए इंजन और बोगी पहले मैसूर से आने वाली थी, लेकिन अब समस्तीपुर रेल फैक्ट्री में तैयार की जाएगी। दानापुर रेल मंडल की ओर से 3.7 किमी लंबा नया ट्रैक बनाया जाएगा। प्रशासन ने 5 करोड़ 81 लाख 73 हजार की राशि दानापुर रेल मंडल को ट्रांसफर कर दी है। रेलवे की ओर से जल्द काम शुरू करने का आश्वासन दिया गया है।

**ट्रेन में कुल 4 बोगियां होंगी, एक साथ 120 यात्री करेंगे सफर:** पर्यावरण और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए बैटरी से संचालित ईको फ्रेंडली इंजन का इस्तेमाल होगा। ट्रेन में कुल 4 बोगियां होंगी। इसमें हर में 20 से 30 यात्रियों को बैठने की क्षमता होगी। ट्रेन चिल्ड्रेन स्टेशन से शुरू होकर हाइना पिंजरा, जू हास्पिटल, शेर, बाघ और भालू के बाड़ों से गुजरते हुए पक्षी पिंजरे तक जाएगी। पर्यटक को पूरे जू का भ्रमण करने के दौरान नया अनुभव मिलेगा। हर दिन 5 से 10 हजार दर्शक पटना जू आते हैं। इस काम में देरी पर जू के एक अधिकारी ने बताया कि पहले से बिछे ट्रैक में कर्व अधिक है। खासकर जिराफ के इनक्लोजर के पास यह बहुत तीखा है। इसलिए विशेषज्ञ पहले के ट्रैक से अधिक चौड़ी पटरी बिछाना चाहते थे। कम चौड़े ट्रैक पर घुमाव के दौरान ट्रेन के डिरेल का खतरा रहता है।

## सीपीएम के वरिष्ठ नेता कॉमरेड सोने लाल का निधन, वामपंथी आंदोलन को अपूरणीय क्षति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**मसौढ़ी**। कॉमरेड सोने लाल का रविवार शाम निधन हो गया। वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीएम) के पटना जिला सचिव मंडल के सदस्य तथा बिहार राज्य किसान सभा के पटना जिला सचिव थे। 68 वर्षीय वामपंथी नेता के निधन की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं, किसान नेताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पूर्व उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जांच में अपेंडिक्स फटने की समस्या सामने आने के बाद उनका ऑपरेशन कराया गया था। हालांकि ऑपरेशन के बाद भी उनकी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका और पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

कॉमरेड सोने लाल लंबे समय से किसानों, मजदूरों और समाज के वंचित तबकों के अधिकारों की लड़ाई से जुड़े रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का अधिकांश समय ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने, किसानों की समस्याओं को उठाने और जन आंदोलनों का नेतृत्व करने में समर्पित किया। उनके नेतृत्व में किसान सभा ने पटना जिले में कई महत्वपूर्ण किसान आंदोलनों को दिशा दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव नसीरनाचक ले जाया जाएगा, जहां अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, किसान नेता और शुभचिंतक गांव पहुंचने की तैयारी में जुट गए हैं।

सीपीएम और किसान सभा के नेताओं ने उनके निधन को वामपंथी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। नेताओं ने कहा कि कॉमरेड सोने लाल एक संघर्षशील, सादगीपूर्ण और जनपक्षधर नेता थे, जिन्होंने जीवन के अंतिम समय तक किसानों और मेहनतकश लोगों की आवाज बुलंद की। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और किसान संगठनों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। शोक संदेशों में कहा गया है कि कॉमरेड सोने लाल का पूरा जीवन संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का प्रतीक रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

# श्री रामलला पूजा समिति ने शुरू की दुर्गा पूजा की तैयारी, स्वरवेद महामंदिर धाम की प्रतिकृति बनेगी आकर्षण का केंद्र

एजेंसी। रांची



आगामी श्री दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री रामलला पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों, संरक्षकों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक की शुरुआत समिति अध्यक्ष अशोक चौधरी ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं सदस्यों के स्वागत के साथ की। उन्होंने कहा कि समिति पिछले दो वर्षों से भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है और इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने बताया कि आगामी 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को इस बार और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में वाराणसी स्थित स्वरवेद महामंदिर धाम का भ्रमण किया था। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रांची जिला स्कूल मैदान में स्वरवेद महामंदिर धाम की भव्य प्रतिकृति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में समिति ने अपने प्रथम वर्ष में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की थी, जबकि वर्ष 2025 में गुजरात के भुज स्थित स्वामीनारायण मंदिर के स्वरूप को पूजा पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। दोनों वर्षों में लाखों श्रद्धालुओं ने पंडाल का अवलोकन किया और समिति के प्रयासों की सराहना की। बैठक के दौरान स्वरवेद महामंदिर धाम की विशेषताओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि वाराणसी के सारनाथ से लगभग चार किलोमीटर दूर उमरहा गांव में स्थित यह भव्य मंदिर वर्ष 2023 में बनकर तैयार हुआ था। लगभग तीन लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह सात मंजिला परिसर विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्रों में से एक माना जाता है, जहां एक साथ करीब 20 हजार लोग ध्यान कर सकते हैं। मंदिर की ऊंचाई लगभग 180 फीट है तथा इसके निर्माण में मकराना संगमरमर और गुलाबी बलुआ पत्थरों का उपयोग किया गया है। इसकी दीवारों पर स्वरवेद के हजारों श्लोक उत्कीर्ण हैं। समिति के अनुसार, इस महामंदिर का उद्घाटन वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसके शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर किया था। मंदिर के गर्भगृह में सद्गुरु की प्रतिमा स्थापित है और इसकी भव्य वास्तुकला श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती है। रात्रि में रंग-बिरंगी रोशनी से सुसज्जित होने पर इसका स्वरूप और भी आकर्षक दिखाई देता है। महासचिव कुणाल अजमानी ने पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, उपायुक्त, एडीएम तथा अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के सहयोग से ही विशाल आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। समिति के मुख्य संरक्षक रांची के सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ हैं, जबकि संरक्षकों में दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, योगेंद्र प्रसाद, राजेश कश्यप, संजय यादव, सीपी सिंह और नवीन जायसवाल शामिल हैं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक एवं विधायक सीपी सिंह ने कहा कि श्री राम लला पूजा समिति राज्य की प्रमुख पूजा समितियों में से एक है। उन्होंने सभी सदस्यों से तन, मन और धन से सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि समिति को जब भी किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, वह हरसंभव सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। बैठक के दौरान पंजाबी हिंदू बिरादरी का अध्यक्ष मनोनीत होने पर समिति के महासचिव कुणाल अजमानी को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष प्रकाश धेलिया, उपाध्यक्ष प्रेमचंद श्रीवास्तव, धीरज तनेजा, रोहित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सह सचिव राजू पोद्दार, मनीष सराफ, प्रवीण सिंह, सह कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर श्रद्धालुओं ने बांटा शर्बत और चना प्रसाद



**पूर्वी सिंहभूम।** सिखों के पांचवें गुरु, महान संत और शहादत के प्रतीक श्री गुरु अर्जन देव जी की 401वीं शहादत को समर्पित एक विशाल छबील का आयोजन रविवार को सोनारी राम मंदिर चौक पर किया गया। यह आयोजन सोनारी गुरुद्वारा संस्थापक सदस्य कमेटी के तत्वावधान में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में राहगीरों, वाहन चालकों और आम लोगों के बीच ठंडा मीठा शर्बत तथा चना प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही सेवा कार्य में जुटे श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा के अनुरूप निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। कार्यक्रम में उन परिवारों और सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनका योगदान सोनारी गुरुद्वारा साहिब के निर्माण और विकास में रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी की शहादत धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सत्य के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में से एक है, जिसकी प्रेरणा आज भी समाज को मिलती है। कार्यक्रम के दौरान संगत के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्य किया। सोनारी थाना शांति समिति के सदस्य प्रदीप लाल, हरिदास, अभय, अरविंद सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता बाबू माझी सहित कई गणमान्य लोग भी सेवा में शामिल हुए। आयोजन की शुरुआत अरदास के साथ हुई, जिसमें समस्त मानव जाति और विश्व कल्याण की कामना की गई।

### युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के आदिवासी क्लब के समीप झाड़ियों से रविवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान शकोंसाई रोड नंबर-2 निवासी 24 वर्षीय विकास सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में विकास के सिर पर किसी धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंका गया है। परिजनों ने बताया कि विकास सिंह शनिवार देर रात अपने भगिने से मिलने उलीडीह क्षेत्र गया था। मुलाकात के बाद वह घर लौटने के लिए निकला, लेकिन रात काफी बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। परिवार के सदस्यों ने उससे लगातार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद परिजन पूरी रात उसकी तलाश में जुटे रहे, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह उलीडीह की एक युवती ने परिजनों को फोन कर बताया कि आदिवासी क्लब के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। शव को देखते ही उन्होंने उसकी पहचान विकास सिंह के रूप में की। पहचान होते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की खबर मिलते ही रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उलीडीह थाना प्रभारी एमडी शौकत अली ने बताया कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही घटना में शामिल आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुत्री की डंडे से पीटकर हत्या, आरोपित पिता को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधा



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के खेड़ियाटांगर गांव में शनिवार रात एक पिता ने अपनी पुत्री की डंडे से मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार लालसिंह पूर्ति ने अपनी छह वर्षीय पुत्री सोनिया पूर्ति की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार रात सोनिया पूर्ति घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पिता लालसिंह पूर्ति ने अचानक डंडा उठाकर उस पर हमला कर दिया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपित ने अपनी पत्नी पर भी हमला किया और आसपास मौजूद लोगों को भी मारने का प्रयास करने लगा। उसकी हरकतों से परिवार और गांव के लोग दहशत में आ गए। घायल सोनिया को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृत बच्ची की मां ने बताया कि लालसिंह पिछले दो-तीन दिनों से ठीक से खाना-पीना नहीं कर रहा था। उसे बुखार भी था और वह नियमित रूप से दवा नहीं ले रहा था। घटना से पहले वह अपने आप से बातें कर रहा था और उसका व्यवहार असामान्य प्रतीत हो रहा था। खाना खाने के बाद उसने उल्टी भी की थी। इसके कुछ देर बाद उसने अचानक डंडा उठाकर बेटी पर हमला कर दिया और परिवार के अन्य सदस्यों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। परिजनों ने बताया कि लालसिंह पूर्ति के पांच बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और चार बेटियां शामिल हैं। सोनिया पूर्ति परिवार की सबसे छोटी संतान थी। घटना के बाद गांव में आक्रोश और मातम का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### सांसद और विधायक ने किया छात्रावास का शिलान्यास



**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा और खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने रविवार को मुरहू प्रखंड के गुटूहातु (डोंबारी) स्थित आवासीय विद्यालय परिसर में 50 शैय्या वाले छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कल्याण विभाग की ओर से लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से इस छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रावास निर्माण से दूर-दराज के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनकी पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए छात्रावास के निर्माण से आवासीय विद्यालय की क्षमता बढ़ेगी तथा अधिक संख्या में छात्र इसका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पांडया मुंडू, कांग्रेस सहकारिता विभाग के महासचिव नईमुद्दीन खान, जिला परिषद सदस्य दयामनी मुंडू, चंद्र प्रभात मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदुमती मुंडा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के बेहतर इलाज के लिए झारखंड आने का दिया प्रस्ताव

एजेंसी। रांची



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वह अपने घायल भतीजे अभिषेक बनर्जी को बेहतर चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के लिए झारखंड भेजें। उन्होंने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अभिषेक बनर्जी को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डॉ. अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार के दबाव, भय अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हुई है या उपचार में कोई बाधा उत्पन्न हुई है, तो इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। डॉ. अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य और मानवता किसी भी राजनीतिक विचारधारा या प्रतिस्पर्धा से ऊपर हैं। ऐसे मामलों में सभी दलों और सरकारों को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच होगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## डोरंडा में तनवीर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में हुए तनवीर अंसारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल किए गए बुलेट के लोहे के लेग गार्ड को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, फिरदौस नगर मनीटोला निवासी खतीजा खातून की शिकायत पर 26 मई को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके पति तनवीर अंसारी के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में बदल गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तनवीर अंसारी और मुख्य आरोपित जावेद अख्तर के परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और झगड़े की घटनाएं हो चुकी थीं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि 26 मई की सुबह जावेद अख्तर और मोहम्मद इजाज अपने घर के पास मौजूद थे। उसी दौरान तनवीर अंसारी बाइक से वहां पहुंचा। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि जावेद अख्तर ने बाइक के लोहे के लेग गार्ड से तनवीर अंसारी पर पीछे से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद भी उनके साथ मारपीट की गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों जावेद अख्तर और मो. इजाज को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दीपिका ने रविवार को बताया कि शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों परिवारों के बीच पुराना विवाद ही इस घटना की मुख्य वजह बना। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## राशन नहीं मिलने पर उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम



पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा निवासी रविन्द्र ठाकुर ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के एक दुकानदार पर छह वर्षों से पूरा राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने इस संबंध में एक लिखित आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रविवार को रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि उनके राशन कार्ड संख्या 202005265297 में परिवार के पांच सदस्य दर्ज हैं, लेकिन उन्हें पिछले छह वर्षों से केवल एक यूनिट के आधार पर राशन दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि बड़ी बाजार स्थित पीडीएस दुकान के संचालक निसार अहमद परिवार के सभी सदस्यों के हिस्से का राशन नहीं देते हैं। आवेदन में रविन्द्र ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया है कि कोरोना काल के दौरान मिलने वाली कई सरकारी सुविधाओं से भी उन्हें वंचित रखा गया। उनके अनुसार साड़ी, धोती, लुंगी, चना दाल सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिला। उन्होंने दावा किया है कि वर्ष 2021 से 2026 तक राशन वितरण का रिकॉर्ड सादे कॉपी में केवल एक यूनिट के आधार पर दर्ज किया गया, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में 25 किलोग्राम राशन दर्शाया गया है। मामले की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और खाद्य सचिव को भी भेजी गई है।

## झारखंड में 6 जून तक गर्जन और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

एजेंसी। रांची



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आगामी 6 जून तक मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, एक जून को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है। वहीं दो, तीन और चार जून को उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तरी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष भागों में गरज के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, पांच जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में तथा छह जून को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों और आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। राज्य के कई जिलों में तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से लगभग 9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची समेत कई जिलों में मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। बादलों की मौजूदगी और हालिया बारिश के कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार बोकारो में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर सुरक्षित स्थानों में शरण लेने की सलाह दी है।

## झारखंड सरकार पर भाजपा के आरोप निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : विनोद पांडेय

एजेंसी। रांची




झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी है और वे सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। इसके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा को केंद्र सरकार की नीतियों और उनके प्रभावों पर भी जवाब देना चाहिए। उनके अनुसार भाजपा के नेता और प्रवक्ता विभिन्न आंकड़ों और दावों के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहे हैं। झामुमो महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर लंबे समय से आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाला जाता रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वैश्विक स्तर पर कीमतों में कमी आती है, तब उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक क्यों नहीं पहुंचाया जाता। उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती लागत का सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। विनोद कुमार पांडेय ने दावा किया कि राज्य सरकार रोजगार, शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास जनता के मुद्दों पर कोई ठोस और सकारात्मक एजेंडा नहीं बचा है, इसलिए वह आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति पर निर्भर है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की जनता राजनीतिक बयानों और वास्तविक कार्यों के बीच अंतर को भली-भांति समझती है तथा विकास और जनहित के मुद्दों पर अपना निर्णय लेने में सक्षम है।

## रांची से लापता मां-बेटी बिहार के आरा से सकुशल बरामद, फिरौती कॉल की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

एजेंसी। रांची





राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई मां-बेटी को पुलिस ने बिहार के आरा जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों के गायब होने के बाद परिजनों से एक लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया था। अब मां-बेटी के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है। दरअसल, झारखंड पुलिस में कार्यरत सुधीर कुमार सिंह की पत्नी सुनीता देवी और उनकी 19 वर्षीय बेटी काजल कुमारी शनिवार को अचानक लापता हो गई थीं। दोनों के एक साथ गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। परिजनों ने उनकी तलाश के लिए पोस्टर भी जारी किए थे और लोगों से सूचना देने की अपील की थी। मामले को लेकर सुधीर कुमार सिंह ने धुर्वा थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर दी और दोनों की तलाश के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए। इसी दौरान एक नया मोड़ तब आया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सुधीर कुमार सिंह और उनके बेटे से एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की। लगातार आ रहे इन फोन कॉल्स ने मामले को अपहरण की आशंका से जोड़ दिया था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे फिरौती की मांग की गई थी। हटिया पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने रविवार को बताया कि मां-बेटी को बिहार के आरा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में अपहरण की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों किन परिस्थितियों में रांची से आरा पहुंचीं और इस पूरे घटनाक्रम के पीछे क्या कारण थे। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि हाल के दिनों में मां और बेटी साइबर ठगी का शिकार हुई थीं। बताया गया है कि साइबर अपराधियों ने उन्हें ब्लैकमेल कर लगभग 80 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच के दायरे में रखे हुए है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इस घटना का संबंध साइबर अपराधियों या किसी अन्य संगठित साजिश से तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मां-बेटी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। फिलहाल दोनों सुरक्षित हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेघालय में भारत समेत 13 देशों ने किया सैन्य अभ्यास, 400 से अधिक सैनिक शामिल हुए



**उमरोई, एजेंसी।** मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में आयोजित 13 देशों का बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' शनिवार को समाप्त हुआ। हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सैन्य सहयोग मजबूत करने के उद्देश्य से मेघालय में 18 से 31 मई तक आयोजित इस अभ्यास में 20 महिला सैनिक समेत 400 से अधिक सैनिकों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि 'पार्टनरशिप ऑफ रीजनल आर्मीज फार ग्रोथ एंड ट्रांसफार्मेशन इन द इंडियन ओशन रीजन' (प्रगति) अभ्यास में भारत, भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम के सैनिक शामिल हुए। यह बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास का यह पहला संस्करण था। अभ्यास में विभिन्न देशों की सेनाओं ने संयुक्त अभियानों के जरिये अपनी समन्वित युद्ध क्षमता और आतंकवाद रोधी कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ उपस्थित थे। अभ्यास में भाग लेने वाले देशों के छह उप प्रमुखों समेत 40 से अधिक वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भी शिरकत की। अभ्यास के निदेशक कर्नल संदीप पूनिया ने कहा कि प्रगति का अर्थ है 'हिंद महासागर क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय सेनाओं की साझेदारी'। अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने फिक्की और आर्मी डिजाइन ब्यूरो के सहयोग से स्वदेशी रक्षा उपकरणों और अत्याधुनिक सैन्य तकनीकों की प्रदर्शनी भी आयोजित की। इसमें आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत विकसित रक्षा प्रणालियों और अगली पीढ़ी के सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

### गाजियाबाद के वैशाली फुटओवर ब्रिज पर अतिक्रमण और बिजली की बर्बादी

**साहिबाबाद, एजेंसी।** वैशाली सेक्टर-एक में यूपी गेट रेडलाइट के नजदीक फुटओवर ब्रिज



पर अतिक्रमण और रात में व्यर्थ में बिजली फूंकने के शिकायत स्थानीय लोगों ने की है। आरोप है कि फुटओवर ब्रिज पर रात में लोगों ने सोने के लिए इंतजाम कर रखा है। इसके अलावा विज्ञापन एजेंसियां रात में बोर्ड की लाइटें जलाकर ऊर्जा की बर्बादी कर रही हैं। समाजसेवी डॉ. सुनील वेद ने बताया कि नगर निगम के पोर्टल पर नगर आयुक्त से इसकी शिकायत की गई है। इसके अलावा जिलाधिकारी और जीडीए अधिकारियों से भी फुटओवर ब्रिज पर अतिक्रमण संबंधी शिकायत दी है। लाखों रुपये की लागत से जनता की सुविधा के लिए बनाया गया यह फुट ओवर ब्रिज वर्तमान में केवल शोपीस बनकर रह गया है। लोगों ने इसको रैन बसेरा बना लिया है और यहां सोने का पक्का इंतजाम किया हुआ है। इसके अलावा रखरखाव के अभाव में यहां भारी गंदगी रहती है, जिसके कारण आम लोग इसका उपयोग करने से कतराते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ऊर्जा और ईंधन बचाने का संदेश दे रहे हैं लेकिन विज्ञापन पर लगी भारी लाइटें ऊर्जा की बर्बादी हैं। इन्हें रात 10 बजे के बाद बंद कराना चाहिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि फुटओवर ब्रिज और आसपास से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# मानसून में दर्द देंगी साइबर सिटी की उखड़ी सड़कें, विभागीय सुस्ती से दुर्घटनाओं और जाम का बढ़ा खतरा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** मानसून आने में एक महीना बचा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की सुस्ती को देखकर लगता नहीं है कि इस बार भी वर्षा के मौसम से पहले शहर की सड़कें दुरुस्त हो पाएंगी। सेक्टरों, कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर जगह-जगह गड्ढों तथा उखड़ी सड़कों ने लोगों के सफर को दर्द भरा बना दिया है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में सड़कें चलने लायक तक नहीं बची हैं। सेक्टर नौ, 14, 15, सेक्टर-15 पार्ट टू, 31, 38, 39, 40, सुशांत लोक, सेक्टर 44, 45, 46, 55, 56, न्यू कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, सेक्टर चार-सात, बसई रोड, पटौदी रोड, ओल्ड द्वारका एक्सप्रेस-वे और सेक्टर-82 सहित शहर के कई हिस्सों में सड़कें जर्जर हो चुकी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जून माह तक मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य पूरा नहीं हुआ तो मानसून के दौरान हालात और बिगड़ जाएंगे। वर्षा के दौरान गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ेगा और



ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित होगी। अभी से कई सड़कों पर वाहन चालकों को जाम और वाहनों के खराब होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुग्राम शहर में करीब 935 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क है। इसमें लगभग 285 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़कें जीएमडीए के अधीन आती हैं, जबकि 650 किलोमीटर लंबी आंतरिक सड़कें नगर निगम के जिम्मे हैं। इसके अलावा कई सड़कें पीडब्ल्यूडी और एचएसवीपी के अधीन भी हैं। अलग-अलग विभागों में जिम्मेदारी बंटी होने के कारण कई बार मरम्मत कार्य समय पर शुरू नहीं हो पाता। नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 वार्ड आते हैं और अधिकांश वार्डों में सड़क मरम्मत की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर पैचवर्क अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि कुछ क्षेत्रों में अभी तक काम शुरू ही नहीं हुआ।

नगर निगम की ओर से करीब सौ किलोमीटर लंबी माडल सड़कों का निर्माण भी प्रस्तावित है, लेकिन यह परियोजना भी धीमी गति से चल रही है। अधिकारियों के अनुसार अमेरिका-ईरान युद्ध के असर के कारण तारकोल की उपलब्धता प्रभावित हुई है और निर्माण सामग्री की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। इसका असर सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों पर पड़ रहा है। नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के कार्य जारी हैं। पिछले दिनों लगभग सभी सड़कों के टेंडर कर दिए गए थे।

# सिद्दरमैया से डीके शिवकुमार तक... कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन से कांग्रेस को क्या हैं उम्मीदें?

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस का यह 'सर्जिकल ऑपरेशन' सिद्दरमैया सरकार के तीन साल पूरे होने के बाद सामने आई कमियों के उसके आकलन और डीके शिवकुमार के नेतृत्व से उसकी उम्मीदों पर आधारित है। इस कदम के पीछे उसकी नजरें भविष्य की राजनीतिक लड़ाइयों पर टिकी हैं, 2028 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव। सिद्दरमैया से शिवकुमार को सत्ता सौंपने का यह बदलाव उस अनौपचारिक समझौते पर आधारित है, जो मुख्यमंत्री के चुनाव के समय इन दोनों नेताओं के बीच शीर्ष पद के लिए हुई कड़ी खींचतान के बाद किया गया था।

लेकिन सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव ऐसे सही समय पर हो रहा है जब एक नई शुरुआत करके उस सत्ता-विरोधी लहर के असर को कम किया जा सकता है, जो कर्नाटक में हर सरकार के खिलाफ पैदा हो जाती है। राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर लगातार चल रही अटकलों ने आम लोगों की नजर में कांग्रेस की छवि को नुकसान पहुंचाया है। डीकेएस से तीन तरह की उम्मीदें हैं। शहरी मतदाताओं और युवाओं को अपने साथ जोड़ना और वोक्कालिगा समुदाय को एकजुट करना। यह भी उम्मीद की जा रही है कि वह शासन के बारे में एक नई



सोच पैदा करेंगे।

कांग्रेस के रणनीतिकार इसे उस नुकसान की भरपाई के लिए बहुत जरूरी मानते हैं जो कर्नाटक में सत्ता में रहने वाली किसी भी पार्टी को अक्सर उठाना पड़ता है।

हालांकि डीकेएस उस मजबूत किसान समुदाय से आते हैं जो बेंगलुरु और पुराने मैसूर इलाकों में बसा हुआ है, लेकिन बीजेपी और जेडीएस के गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। जबकि एक साल पहले हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था।

साथ ही यह भी उम्मीद है कि सत्ता में होने के बावजूद शिवकुमार की 'खास तरह की राजनीति' और संगठन पर उनकी पकड़ शहरी वोटरों को पार्टी की ओर आकर्षित करेगी। पार्टी के एक प्रबंधक ने कहा, 'वह ऐसे व्यक्ति हैं जो यह काम कर सकते हैं।'

## सोनीपत के वजीरपुरा और सैनीपुरा के स्कूलों में होगी विशेष मरम्मत, विभाग ने मांगी रिपोर्ट

*गोहाना, एजेंसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गोहाना विकास एवं धन्यवाद रैली में की गई घोषणा पर अब अमल शुरू हो गया है। मौलिक शिक्षा विभाग के अधीक्षक (सिविल निर्माण) ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर गांव वजीरपुरा और सैनीपुरा स्थित सरकारी विद्यालयों में विशेष मरम्मत कार्यों के लिए फिजिबल रिपोर्ट और ले-आउट तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग की तरफ से दो दिन पहले पत्र जारी करके स्थानीय अधिकारियों से दोनों विद्यालयों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक मरम्मत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट मिलने के बाद मरम्मत कार्यों की रूपरेखा तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने गोहाना में आयोजित विकास एवं धन्यवाद रैली के दौरान क्षेत्र के लोगों की मांग पर गांव वजीरपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय और गांव सैनीपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विशेष मरम्मत करवाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के अनुरूप अब शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक दस्तावेज और तकनीकी रिपोर्ट मांगी गई है। वजीरपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षों के साथ भवन के आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाएंगे, जबकि सैनीपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी भवन की स्थिति के अनुसार विशेष मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए दोनों विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।*

## छत्तीसगढ़ में खाकी दागदार: किशोरी को गर्भवती बताकर रातभर थाने में पीटा, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही व पुलिस की अमानवीयता का खामियाजा एक किशोरी को भुगतना पड़ा। जहां गलत मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गर्भवती बताकर एक 14 वर्षीय किशोरी को कथित तौर पर रातभर थाने में पीटा गया। इस मामले में शनिवार को निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव और महिला प्रधान आरक्षक जयश्री सिंह को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, गलत रिपोर्ट देने के आरोप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल अफसर डा. मौन्या साहू को हटा दिया गया है। बता दें कि किशोरी को तीन बार प्रेग्नेंसी टेस्ट में पाजिटिव बताया गया, जबकि चौथी बार जिला अस्पताल में हुई जांच में रिपोर्ट नेगेटिव आई। 25 मई को पेट दर्द की शिकायत पर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां जांच में उसे गर्भवती बताया गया। इसके बाद किशोरी और उसके परिवार को घर जाने दिया गया। लेकिन रात 10 बजे पुलिस किशोरी को जन्मदिन की पार्टी से उठाकर थाने ले आई और पूरी रात वहां बिठाए रखा। इसके साथ ही गांव में झूठी बातें फैलाकर परिवार को अपमानित भी किया गया। पुलिस ने किशोरी से सुबह पांच बजे तक पूछताछ की। स्वजन का आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। महिला कांस्टेबल द्वारा किशोरी का गला दबाने, गाली-गलौच और मारपीट करने के आरोप भी लगाए गए हैं। दूसरे दिन राजनांदगांव जिला अस्पताल की जांच में उसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। चिकित्सकों ने जांच में उसके गले में सूजन बताई है, जो कि गला दबाने की वजह से हुई है। एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि महिला आरक्षक पर लगे आरोपों की जांच डीएसपी स्तर पर कराई जा रही है। गलत जांच रिपोर्ट ने प्रेग्नेंसी किट की खरीद प्रक्रिया और उसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि संबंधित फर्म से खरीदी गई प्रेग्नेंसी किट में तकनीकी खामी हो सकती है। इसी संदेह के आधार पर औषधि प्रशासन विभाग ने किट का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। अब लैब परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद ही किट की गुणवत्ता और कथित गड़बड़ी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# फरीदाबाद में 'तांत्रिक' के झांसे में फंसी महिला, पारिवारिक समस्या दूर करने के नाम पर 18,500 रुपये ठगे

**फरीदाबाद, एजेंसी।** पारिवारिक परेशानियां दूर कराने और पूजा-पाठ के जरिए समाधान का दावा करने वाले कथित तांत्रिक ने सेक्टर-89 निवासी महिला को झांसे में लेकर 18,500 रुपये की ठगी कर ली। महिला ने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। पैसे लेने के बाद कथित तांत्रिक ने फोन उठाना बंद कर दिया। शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-89 स्थित फेरस सिटी फेज-दो निवासी सीमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पारिवारिक समस्याओं से परेशान थी और पूजा करवाना चाहती थी। इसी दौरान इंस्टाग्राम पर उसे 'कृष्णा तांत्रिक' नाम का पेज दिखाई दिया।

बातचीत के दौरान उसे एक मोबाइल नंबर दिया गया, जिस पर संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि वह उसकी सभी परेशानियां दूर कर देगा। महिला के अनुसार कथित तांत्रिक ने शुरुआत में 10 लाख रुपये खर्च आने की बात कही और आधी रकम अग्रिम जमा कराने का दबाव बनाया। महिला के मना करने पर वह लगातार वाट्सएप काल और संदेश भेजकर रुपये जमा कराने के लिए कहता रहा। आखिरकार 22 फरवरी को उसने महिला



को एक क्यूआर कोड भेजा और उपलब्ध रकम भेजने को कहा। महिला ने अपने खाते से 18,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद जब महिला ने काम के बारे में पूछा तो उससे और पैसे मांगे जाने लगे। महिला ने रुपये वापस मांगने शुरू किए तो पहले बहाने बनाए गए और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया गया।

कुछ समय बाद संबंधित नंबर भी बंद हो गया। महिला ने बताया कि बाद में उसने इंस्टाग्राम पर दिख रहे दूसरे नंबर पर किसी अन्य नाम से संपर्क किया तो वहां भी उसी तरह रुपये मांगने की बात सामने आई। इसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। उसने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और बाद में पुलिस को लिखित शिकायत दी।

## ग्रेटर नोएडा की सोसायटी में बिल्डर ने बढ़ाया मेंटेनेंस शुल्क, निवासियों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इकोविलेज एक सोसायटी में मेंटेनेंस प्रबंधन में निवासियों के बीच रार थमने का नाम नहीं ले रही है। मेंटेनेंस प्रबंधन की टीम ने रखरखाव शुल्क में बढ़ोतरी की है। बिल्डर के इस कदम से आक्रोशित निवासियों ने रविवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस संबंध में सोसायटी के लोगों ने बताया कि अब तक दो रुपये 36 पैसे स्क्वायर फीट के हिसाब से रखरखाव शुल्क वसूला जा रहा था। जिसमें बिल्डर प्रबंधन ने 86 पैसे की और वृद्धि कर दी है। बिल्डर ने बढ़ी दर एक जून से वसूलने का नोटिस जारी किया है। समिति के लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। बेसमेंट में गंदगी फैली हुई है। कूड़े का ढेर लगा हुआ है। इसे लेकर निवासी संक्रमण फैलने की आशंका जता रहे हैं। उसके बावजूद बिल्डर प्रबंधन का सफाई व्यवस्था के प्रति कोई ध्यान नहीं है। सोसाइटी में लिफ्ट रखरखाव की दिशा में बिल्डर प्रबंधन ने कोई कदम नहीं उठाए हैं। आए दिन लोग लिफ्ट में फंसे रहते हैं। अग्निशमन उपकरणों की स्थिति खस्ता हाल है। पहले कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस दिशा में भी मेंटेनेंस प्रबंधन ने कोई कदम नहीं उठाया है।

# अभिषेक पर हमले के बाद राहुल गांधी ने ममता को किया फोन, इलाज के लिए की हैदराबाद ले जाने की पेशकश

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद विपक्षी एकजुटता देखने को मिल रही है। टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने खुद उनसे फोन पर बात की है। शनिवार देर रात पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने बताया कि राहुल गांधी ने उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के इलाज के लिए मदद की पेशकश की है और जरूरत पड़ने पर पूरा साथ देने का भरोसा दिलाया है।

### हैदराबाद या कहीं भी करा सकते हैं इलाज: ममता

ममता बनर्जी ने राहुल गांधी से हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने मुझे फोन किया और कहा कि अगर किसी भी चीज की जरूरत हो, तो मैं उन्हें बता सकती हूं। उन्होंने यहां तक कहा कि वे अभिषेक बनर्जी को इलाज के लिए हैदराबाद या किसी भी दूसरी जगह ले जा सकते हैं। यह घटना तब हुई जब अभिषेक बनर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर इलाके में चुनाव के बाद हुई हिंसा से पीड़ित परिवारों से मिलने गए थे। इसी दौरान उन पर कथित तौर पर हमला कर दिया गया।

सोनारपुर से सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रदर्शनकारी टीएमसी नेता के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और उन पर पत्थर, अंडे और



जूते फेंके जा रहे हैं। कुछ दृश्यों में यह भी दिखा कि धक्का-मुक्की के दौरान अभिषेक बनर्जी की शर्ट फट गई और सुरक्षाकर्मी उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाल कर ले गए। अभिषेक बनर्जी ने खुद इस हमले को पहले से सोची-समझी साजिश बताया है। उन्होंने घटनास्थल पर पर्याप्त पुलिस बल न होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि देखिए उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह सब पहले से तय था। इलाके में कोई पुलिस मौजूद नहीं थी। वे मुझे मारना चाहते हैं।

अस्पतालों और डॉक्टरों पर दबाव का आरोप

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह गंभीर आरोप भी लगाया कि घटना के बाद अभिषेक बनर्जी के इलाज को लेकर अस्पतालों और डॉक्टरों पर दबाव बनाया जा रहा है। ममता ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग सभी अस्पतालों और बड़े अधिकारियों को धमका रहे हैं कि अभिषेक बनर्जी को भर्ती न किया जाए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि उनका इलाज हो। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर के साथ बैठी थी, तो उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें पुलिस से धमकी भरे फोन आ रहे थे। डॉक्टर दुखी हैं, लेकिन वे दबाव में हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सोनारपुर में सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। किसी सांसद पर हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं है। यह उन लोगों पर हमला है।

# वायु सेना के जहाजों से नहीं रुकेगा पेपर लीक, सिस्टम सुधारें', केजरीवाल का केंद्र पर हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पेपर लीक होने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों को निष्प्रभावी बताया है। केजरीवाल ने इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा कि इसके लिए सिस्टम ठीक करना होगा, कहा कि अगर सिस्टम को ठीक करना है तो सबको मिलकर कुछ करना होगा, अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा।

शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर केजरीवाल ने कहा कि मैं खुद आइआइटी से इंजीनियर हूं, इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता।

### सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं



उन्होंने कहा कि कहा कि शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़े पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? केजरीवाल ने कहा कि सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। अगर कोई अच्छी नीयत वाली सरकार होती, तो वह देखती कि लीकेज कहां से हो रही है और उसे प्लग करती।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला और लोकतंत्र की असली परीक्षा

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति इस देश का नागरिक नहीं है। इससे उन लोगों को निश्चित तौर पर राहत मिली है।लोकतंत्र में किसी भी चुनाव की शुचिता इस बात पर निर्भर करती है कि जनप्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया कितनी संवैधानिक, निष्पक्ष और पारदर्शी है। यह तभी सुनिश्चित हो पाता है, जब मतदाता चुनाव में मतदान की वास्तविक पात्रता रखते हों और तमाम चुनावी कार्य स्वतंत्र तरीके से संपन्न कराए जाएं।इसकी जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर होती है और वह समय-समय पर मतदाता सूची में संशोधन करता रहता है, ताकि जो व्यक्ति मतदान के लिए पात्र नहीं है या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है, मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कुछ राज्यों में पिछले दिनों इसे लेकर कई तरह के विवाद खड़े हो गए।यहां तक कि इसके औचित्य पर भी सवाल उठाए गए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि निर्वाचन आयोग को एसआइआर कराने का पूरा अधिकार है और यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है। स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव की अनिवार्यता को आगे बढ़ाने में यह महत्त्वपूर्ण कड़ी है।गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सबसे पहले सवाल उठे थे। विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया के समय को लेकर प्रश्न उठाया था। उनका कहना था कि चुनाव से ठीक पहले ही यह प्रक्रिया क्यों शुरू की गई, जबकि निर्वाचन आयोग इसे एक साल पूर्व भी करवा सकता था। इसके बाद आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं करने को लेकर भी विवाद हुआ, जो सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और अंततः निर्वाचन आयोग को इस मामले में अपने कदम पीछे खींचने पड़े।इसके बाद सवालों का यह सिलसिला उत्तर प्रदेश से होते हुए पश्चिम बंगाल तक पहुंचा और शीर्ष अदालत को फिर इसमें दखल देना पड़ा। बिहार में एसआइआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका निपटारा करते हुए न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21(3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है।शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति इस देश का नागरिक नहीं है। इससे उन लोगों को निश्चित तौर पर राहत मिली है, जिनके नाम तकनीकी कारणों से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और अब उन्हें इस बात की चिंता सताने लगी है कि कहीं आगे चलकर उनकी नागरिकता खतरे में न पड़ जाए। यह बात सच है कि चुनावों की शुचिता को बरकरार रखने के लिए मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है, लेकिन कोई पात्र व्यक्ति तकनीकी कारणों से मताधिकार से वंचित न हो, इसकी जिम्मेदारी भी निर्वाचन आयोग की ही है।पिछले दिनों बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में जिस तरह से लाखों लोग मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के बाद मतदान नहीं कर पाए, वह वास्तव में चिंताजनक है। हालांकि, मताधिकार से वंचित होने की स्थिति रोकने के लिए शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि नागरिकता के आधार पर हटाए गए सभी नामों के मामलों को चार सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकारी के पास भेजा जाए और उन्हें अगले विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनावों से पहले अपना निर्णय देना होगा।

*शासन-प्रशासन के शीर्ष स्तर पर काबिज बैठे हुए ताकतवर लोगों में देश भर में वाहनों के लंबे-चौड़े काफिले का त्याग करने की फिलहाल तो एक होड़ लगी हुई है। हालांकि उन लोगों का यह कदम वास्तव में दिल से खर्चों में कटौती करते हुए जीवन में सादगी अपनाने की धरातल पर एक स्थाई पहल है या सिर्फ मीडिया व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपनी कुछ पोस्ट डालकर के वाहवाही लूटने की एक नौटंकी मात्र है।*

## देश व समाज हित में डीजल व पेट्रोल की बचत के साथ-साथ स्थाई सादगी समय की मांग!

**(दीपक कुमार त्यागी)**

वैसे तो देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही यह मुहिम धरातल पर धीरे-धीरे रंग लाती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर के आम कार्यकर्ताओं तक ने सर्वप्रथम बड़े पैमाने पर इस मुहिम में शामिल होकर के इसको एक आंदोलन का रूप देने का कार्य किया। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते जिस समय पूरे विश्व के सामने ऊर्जा संकट व मंहगाई सुरसा राक्षसी की तरह मूंह खोलकर के देश की दौलत को निगलने के लिए खड़ी है, उस दौर में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीजल व पेट्रोल को बचाने व सोना ना खरीदने की सभी देशवासियों से अपील की है, क्योंकि मोदी की इस अपील पर अमल करने से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाला बोझ कम से कम कुछ तो कम होगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर होने का अवसर भी मिलेगा। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी की इस अपील के बाद से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मोदी के द्वारा चलाई जा रही इस राष्ट्रहित की मुहिम में शामिल होने की होड़ लग गई है। हालांकि अभी तो अधिकतर लोग सांकेतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस मुहिम में ज्यादा जुड़ रहे हैं, लेकिन सांकेतिक ही सही एक बहुत अच्छी पहल में कम से कम लोगों के जुड़ने की शुरुआत तो हुई और आने वाले दिनों में उम्मीद है कि इस पहल पर बड़े पैमाने पर आम लोग भी अमल करेंगे। वैसे तो देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही यह मुहिम धरातल पर धीरे-धीरे रंग लाती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर के आम कार्यकर्ताओं तक ने सर्वप्रथम बड़े पैमाने पर इस मुहिम में शामिल होकर के इसको एक आंदोलन का रूप देने का कार्य किया। जिसके बाद से ही देश भर में ज्यूडिशियरी, शीर्ष नौकरशाह, कर्मचारी व आम जनमानस तक भी मोदी की इस मुहिम में अब बड़े पैमाने पर शामिल होते हुए नज़र आ रहे हैं। शासन-प्रशासन के शीर्ष स्तर पर काबिज बैठे हुए ताकतवर लोगों में देश भर में वाहनों के लंबे-चौड़े काफिले का त्याग करने की फिलहाल तो एक होड़ लगी हुई है। हालांकि उन लोगों का यह कदम वास्तव में दिल से खर्चों में कटौती करते हुए जीवन में सादगी अपनाने की धरातल पर एक स्थाई पहल है या सिर्फ मीडिया व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपनी कुछ पोस्ट डालकर के वाहवाही लूटने की एक नौटंकी मात्र है, यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। लेकिन अच्छी बात यह है कि कम से कम युद्ध के माहौल के चलते जब पूरी दुनिया ऊर्जा व आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़ी है, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस अपील पर भारत में धरातल पर अमल शुरू होना देश व समाज हित के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है। लेकिन विचारणीय तथ्य यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह मुहिम कुछ समय की ना होकर के देश व समाज हित में धरातल पर दीर्घकालीन स्थाई रूप ले पायेगी, हालांकि यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। लेकिन पूरी दुनिया में जिस तरह से युद्धों के चलते बेहद ही तनावपूर्ण माहौल चल रहा है, उस माहौल का स्पष्ट रूप से संदेश है कि अब वह दौर आ गया है जब देश व समाज के हित में जनता के टैक्स के पैसे के दम पर राजा-महाराजाओं की तरह पूरी शानो-शौकत व ठाट-बाट से जीवन व्यतीत कर रहे शासन-प्रशासन के लोग सादगी से जीवनयापन करने की आम जनमानस के सामने नज़ीर पेश करते हुए लोगों को भी सादा जीवन उच्च विचार के लिए प्रेरित करें। वैसे भी देखा जाए तो अब देश व दुनिया में वह दौर शुरू हो गया है, जब देश व समाज के हित की बातें सिर्फ और सिर्फ सरकारी दफ्तरों में बैठकर के आम जनमानस पर अपने विचार या नियम-कानून बना कर के थोप देने मात्र से ही पूरी नहीं हो जाती है, बल्कि उस पर अमल करवाने के लिए शासन-प्रशासन में बैठे हुए ताकतवर लोगों को भी स्वयं अनुशासित होकर के जीवन पथ पर सादगी व जवाबदेही को अपनाकर उदाहरण पेश करना चाहिए, तब ही आम जनमानस भी उन लोगों की देखा-देखी उस पर अमल करने का कार्य करेगा। लेकिन आज के वीवीआईपी बनकर के दिखाने वाले दौर में जिस तरह के राजसी ठाट-बाट के साथ कुछ राजनेताओं व शासन-प्रशासन में बैठे हुए कुछ लोग सरकारी व निजी दौरों के दौरान अनाप-शनाप खर्चा करते हैं, क्या ऐसे लोग के द्वारा देश व समाज हित में उन सभी अनावश्यक खर्चों में स्वयं ही कटौती करने की पहल करके जनता के सामने एक बड़ी मिसाल कायम नहीं करनी चाहिए। विचारणीय तथ्य यह भी है कि आजकल देश में जिस तरह से सरकारी या गैरसरकारी लोगों के मन में अपने आपको एक बड़ा वीवीआईपी दिखाने की चाह रहती है, वह चाहते देश व समाज हित में ठीक नहीं है, क्योंकि इन लोगों को वीवीआईपी दिखाने की चाहत में सिस्टम का बड़ा तामझाम, लग्जरी मंहगी गाड़ियों के लंबे-चौड़े काफिले, चार्टर प्लेन आदि दिखावे पर जनता के द्वारा देश के विकास के लिए दिये गये टैक्स की काफी धनराशि का दुरुपयोग होता है, जिसको तत्काल रोका जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों के द्वारा अपना भौकाल बनाने के लिए व दिखावे के लिए ली गयी अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था और रखरखाव में होने वाले अतिरिक्त खर्चों को भी अब बिल्कुल सीमित करना चाहिए। क्योंकि जिस तरह से चंद लोग सिस्टम में बैठे कुछ ताकतवर लोगों की कृपा से सरकारी अमले की आड़ में जनता के टैक्स के पैसों पर मौज मस्ती करते हुए जनता का ही आये दिन उत्पीड़न करते हैं, यह किसी से भी छिपा हुआ नहीं है, सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों से सांठ-गांठ करके हमारे प्यारे देश में धनपशु, दलाल व अपराधी तक भी सरकारी सुरक्षा व सुविधाओं के भौकाल का आनंद लें रहे हैं, जो नियम कायदे व कानून पसंद देशभक्त देशवासियों के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। देश व समाज हित में जनता के द्वारा टैक्स के रूप में दी गई धनराशि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, युवाओं, महिलाओं, किसानों और उधोग-धंधों आदि के साथ-साथ देश के सर्वांगीण विकास पर खर्च हो। देश की जनता के टैक्स का धन देश के विकास और आम जनमानस की भलाई में लगे, न कि वीवीआईपी बनने की चाहत के बेफिजूल के खर्चो और शानो-शौकत में लगे। इसलिए अब देश व समाज हित में वह समय आ गया है जब शासन व प्रशासन में बैठे लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोना ना खरीदने व डीजल और पेट्रोल बचाने की पहल को दो कदम आगे बढ़ाते हुए स्वयं ही अनुशासित होकर के जीवन पथ पर सरलता व सादगी अपनाकर देश व समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगें और भारत का नव निर्माण करते हुए देश को विश्व गुरु बनायेंगे। अधिवक्ता, स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## दुर्लभ खनिजों की नई वैश्विक जंग- भारत-अमेरिका समझौते के पीछे छिपा असली रणनीतिक खेल

**(पुष्परंजन)**

अपने इसे लेख में बता रहे हैं कि एक कामयाब यात्रा का सेहरा बांध कर अमेरिका के विदेश मंत्री अपने वतन लौटे हैं। इस तरह अमेरिका ने क्वाड देशों के साथ चर्चा कर अपने लिए दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।भारत और अमेरिका ने जरूरी खनिजों एवं दुर्लभ धातुओं की आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए अहम समझौते किए हैं, जिसमें उनका खनन और प्रसंस्करण भी शामिल है। इन समझौतों पर बीते मंगलवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका में उनके समकक्ष मार्को रूबियो ने हस्ताक्षर किए। रूबियो चार दिन की भारत यात्रा पर थे।उनकी इस यात्रा के आखिरी दिन 'क्वाड' (जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं) के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उसी दिन अलग से क्वाड देशों के बीच जरूरी खनिजों की आपूर्ति को लेकर एक रूपरेखा की घोषणा की। इसके साथ भारत के दुर्लभ एवं जरूरी खनिजों के भंडार के बारे में भी जानकारी साझा की गई। भारत-अमेरिका के बीच यह समझौता अहम हो सकता है, लेकिन इसमें परस्पर हितों का ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी है।एक कामयाब यात्रा का सेहरा बांध कर अमेरिका के विदेश मंत्री अपने वतन लौटे हैं। इस तरह अमेरिका ने क्वाड देशों के साथ चर्चा कर अपने लिए दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। यह बेहद महत्त्वपूर्ण है, लेकिन कई दृष्टि से विचारणीय भी है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी दस्तावेज में कहा गया कि क्वाड देशों की सरकारें और निजी कंपनियां इस पहल के लिए ऋण गारंटी, सब्सिडी और दीर्घकालिक खरीद समझौतों का उपयोग करते हुए बीस अरब डॉलर जुटाने का इरादा रखती हैं। इन देशों का उद्देश्य इस धन को खनन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण परियोजनाओं में लगाना है, ताकि महत्त्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति पर उनकी निर्भरता कम हो सके। 'दुर्लभ खनिज' क्या हैं और वे इतने महत्त्वपूर्ण क्यों हैं? इसका जवाब है कि ये ऐसे गैर-ईंधन खनिज हैं, जिनका उपयोग बैटरी, घड़ियां, वायरिंग, सैन्य हार्डवेयर, सेमीकंडक्टर और अन्य तकनीकी उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है। जरूरी खनिजों में 17 दुर्लभ खनिज तत्त्व शामिल हैं, जिनमें लैंथेनाइड (धात्विक तत्व), स्कैंडियम और यट्रियम की मांग सबसे अधिक है। स्कैंडियम का उपयोग एयरोस्पेस और खेल उपकरण बनाने में किया जाता है। यट्रियम का उपयोग लेजर और सिरेमिक के निर्माण में होता है। लैंथेनाइड, उच्च तापमान वाले स्थायी चुंबक बनाने में इस्तेमाल होता है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और पवन चक्कियों के काम आता है। गौरतलब है कि निकल, कोबाल्ट, लिथियम, एल्युमीनियम और जिंक सबसे जरूरी खनिजों में से हैं। अमेरिका बारह जरूरी खनिजों के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। वह 29 अन्य जरूरी खनिजों के लिए अपनी जरूरत का कम से कम आधा हिस्सा आयात करता है।

## आज का राशिफल

### मेष
कार्यक्षेत्र में आज आपको किसी अचानक मिलने वाले काम या ज्यादा जिम्मेदारी का सामना करना पड़ सकता है। आपके भीतर गजब की कॉम्पिटिटिव ऊर्जा और दृढ़ संकल्प बनाए रखेगी। टीमवर्क, प्रेजेंटेशन और संवाद कौशल को पूरा सहयोग दे रहे हैं, विशेषकर मीडिया, लेखन और मार्केटिंग से जुड़े लोग अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### वृष
कार्यक्षेत्र में आज का दिन आपसे कूटनीति और धैर्य की मांग करता है। आपके करियर में कुछ अप्रत्याशित बदलाव ला सकती है। जो लोग पार्टनरशिप में काम कर रहे हैं, उन्हें बहुत संभलकर चलने की जरूरत है। कार्यस्थल पर किसी की आलोचना या फीडबैक पर भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया देने से बचें।

### मिथुन
करियर और व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन बेहद शानदार रहने वाला है। दिन आपको प्रोफेशनल ग्रोथ और नई विजिबिलिटी दिलाएगी। आपकी बुद्धि और प्रैक्टिकल सोच वरिष्ठ अधिकारियों को काफी प्रभावित करेंगे। आपको कार्यस्थल में विरोधियों पर आसानी से विजय दिलाएंगे।

### तुला
करियर के लिहाज से आज का दिन बहुत ही प्रॉडक्टिव साबित होगा। मजबूत स्थिति आपके कार्यक्षेत्र में महत्वाकांक्षा, अधिकार और मान-सम्मान को बढ़ाएगी। आपको अपने सीनियर्स का साथ मिलेगा। पार्टनरशिप के कामों में थोड़ी सावधानी बरतें। वित्तीय रूप से आज का दिन सावधानीपूर्वक योजना बनाने पर स्थिर रहेगा।

### वृश्चिक
कार्यक्षेत्र में आज आपकी प्रेशर झेलने की क्षमता और क्राइसिस मैनेजमेंट का हुनर खुलकर सामने आएगा। आपके बॉस और सहकर्मी आपकी समस्या सुलझाने की कला और भरोसेमंद स्वभाव की उच्च सराहना करेंगे। आपको कड़ी मेहनत करने की शारीरिक और मानसिक क्षमता देगी। ऑफिस की किसी भी प्रकार की गुटबाजी या सहकर्मियों के साथ तीखी बहस से खुद को पूरी तरह दूर रखें।

### धनु
आज का दिन भविष्य की बड़ी योजनाएं बनाने और लंबी अवधि के प्रोजेक्ट्स पर रिसर्च करने के लिए बहुत अच्छा है। उच्च बौद्धिक कौशल और दूरदर्शिता को मजबूत सहारा देंगे, जिससे सीनियर्स आपके विचारों की सराहना करेंगे। हालांकि, दैनिक कार्यों को पूरा करते समय जल्दबाजी से बचें, अन्यथा छोटी-मोटी गलतियों को सुधारने में बाद में अधिक समय लग सकता है।

### कर्क
करियर के मामले में आज का दिन काफी डिमांडिंग और व्यस्तता से भरा रह सकता है। आपसे कड़ा अनुशासन और निरंतर प्रयास की मांग करती है। आपकी बौद्धिक क्षमता और रणनीतिक प्लानिंग बेहतरीन रहेगी। सहकर्मियों और प्रोफेशनल संपर्कों का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस की बैठकों में अपनी वाणी को पूरी तरह संयमित और शांत रखें।

### सिंह
आज का दिन काफी एक्टिव और ऊर्जावान रहने वाला है। तीव्र महत्वाकांक्षा और लीडरशिप क्वालिटीज को बढ़ाएगी, जिससे आपको अपने काम के लिए सराहना मिल सकती है। आज का दिन बैक-स्टेज प्लानिंग और गोपनीय व्यावसायिक चर्चाओं के लिए अत्यधिक उपयुक्त है। धन के मामले में आज बहुत ही संभलकर चलने की जरूरत है।

### कन्या
करियर के मामले में आज का दिन बहुत ही धैर्य और निरंतर मेहनत से संभालने का है। आपसे कार्यस्थल पर कड़ा परिश्रम और मैच्योर व्यवहार की मांग करती है। आपको नई रणनीतियां बनाने, फाइल मैनेजमेंट और भविष्य की व्यावसायिक प्लानिंग करने में बहुत मदद करेगी।

### मकर
करियर के लिहाज से आज का दिन टीमवर्क और साझेदारियों के माध्यम से बेहतरीन परिणाम हासिल करने का है। आपके विचार सहकर्मियों और क्लाइंट्स के बीच आपको बेहद लोकप्रिय बनाएंगे। बारीक डिटेल्स पर ध्यान दें। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रूप से स्थिर रहेगी, लेकिन घर की सुख-सुविधाओं और घरेलू साज-सज्जा पर आपके खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### कुंभ
करियर के मामलों में आज का दिन ज्यादा कॉम्पिटिटिव रहेगा और आप अपनी कार्यकुशलता साबित कर पाएंगे। आपके संवाद कौशल, टीमवर्क और कठिन समस्याओं को चुटकियों में हल करने की क्षमता को सपोर्ट करेगी। आप किसी भी प्रतियोगी स्थिति में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑफिस की आंतरिक राजनीति से पूरी तरह दूर रहकर केवल अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

### मीन
करियर के लिहाज से आज का दिन अपनी रचनात्मकता और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन करने का है। आपके आइडियाज और प्लानिंग को बहुत मजबूत बनाएगी, विशेषकर टेक्निकल, रिसर्च और क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बड़ी सफलता लेकर आ सकता है। गजब का साहस और कार्यक्षेत्र में पहल करने की शक्ति देंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 6109



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. प्रसिद्ध भारतीय सरोदवादक जिनका आज जन्म दिन 9 अक्टूबर 1945 है (7)
6. हानि, नुकसान (2)
7. स्वेद, श्रमकण (3)
8. जो रिश्तें में नाना के पिता हों (4)
10. प्रत्येक पक्ष की तीसरी पक्ष, तीज (3)
12. भारत के प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी (6)
16. तीन घंटे या एक पहर का समय (2)
18. पुरानी फिल्मों के पार्श्व गायक (सिर्फ नाम)(3)
19. माथा, मस्तक, पेशानी (3)
21. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, शरीर का एक संवेदी अंग (2)
22. जिसका कोई नाम न हो, अनामक (3)
23. धर्म संप्रदाय, मार्ग, रास्ता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. वैशाख शुक्ल तृतीया जिसे आखातीज भी कहा जाता है (6)
2. बुद्धि, अक्ल, समझ (2)
3. प्रथा, रीति, कायदा, नियम, रिवाज (3)
4. गोबर आदि से लेप करना, हाथ से फैलाना (3)
5. मुंह से झटके से हवा के बाहर निकलने की आवाज (2)
8. समाचार, खबर, संदेश, संदेसा (उर्दू)(3)
9. अभियोग, मुकदमा, याचिका (3)
11. अवरोहित, गिरा हुआ, जाति निर्वासित (3)
13. यातायात में दो पहिया वाहन चलाने वाले के लिए आवश्यक सुरक्षित पहनावा (3)
14. भगवान शकर का एक ना, इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक भूत का चरित्र निभाया है (4)
15. आंख का परदा, नयनपट (3)
17. घर्षण करना, घिसना, रगड़ना (3)
20. ब्रिगेड, फौजी दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)

### वर्ग पहेली 6108 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रे | म | चं | द | | | स | |
| त | म | गा | | अ | चा | न | क |
| रा | | क | मा | न | | ऑ | ल |
| ज | मी | र | | ब | र | फ | |
| | ट | ना | ट | न | | इं | क |
| सा | र | | टो | | अ | डि | ग |
| ध | | | ल | | ब | या | र |
| ना | म | दे | ना | | ला | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# सूर्यवंशी को एशियन गेम्स टीम में मिल सकती है जगह

- बीसीसीआई ने आईओए को भेजी 30 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट, सूर्यकुमार यादव बाहर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आईची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स के लिए इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन को 30 संभावित मेंस प्लेयर्स की लिस्ट भेज दी है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट में भारत के मौजूदा टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल नहीं हैं, जबकि युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है।

**वेस्टइंडीज सीरीज के कारण दो अलग-अलग टी-20 टीमें बनेंगी** - भारत को एशियन गेम्स के दौरान ही घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज खेलनी है। दोनों टूर्नामेंट की तारीखें आपस में टकरा रही हैं। वेस्टइंडीज सीरीज में 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेले जाने हैं। वहीं, एशियन गेम्स में मेंस टीम के मुकाबले 24 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच होंगे। इस कारण बीसीसीआई दो अलग-अलग टी-20 टीमें तैयार करेगा।

**गिल वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में व्यस्त रहेंगे** - शुभमन गिल के वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम की कप्तानी करने की उम्मीद है, इसलिए उन्हें एशियन गेम्स के लिए नहीं चुना गया है। वहीं, सूर्यकुमार यादव को लेकर समझा जाता है कि वे 2028 ओलिंपिक गेम्स और अगले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल नहीं हैं। यही वजह है कि उनका नाम एशियन गेम्स की लिस्ट में भी नहीं है।

श्रेयस, संजू और तिलक कप्तानी की रेस में

एशियन गेम्स की इस 30 सदस्यीय लिस्ट में कप्तानी के लिए तीन मुख्य दावेदार शामिल हैं। इनमें श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और तिलक वर्मा के नाम शामिल हैं, जिन्हें कप्तान बनाया जा सकता है।

**हर्षित राणा भी फिट होने की उम्मीद में लिस्ट में** - गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह का नाम शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा के तब तक फिट होने की उम्मीद है, इसलिए उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के साथ लिस्ट में रखा गया है।

**स्पिनर्स में अक्षर, सुंदर और हर्ष के नाम शामिल** - स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और हर्ष दुबे जैसे फ्रंटलाइन गेंदबाजों को लिस्ट में जगह मिली है। हालांकि, इन चारों में से केवल दो को ही एशियन गेम्स के लिए चुना जाएगा, जबकि बाकी दो खिलाड़ी वेस्टइंडीज सीरीज में खेलेंगे। हांगझोऊ एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे ऋतुराज गायकवाड का भी नाम शामिल है।

### आईओए को भेजी गई 30 खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट

यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, आयुष बडोनी, हर्ष दुबे, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, शिवम दुबे, विप्रज निगम, हर्षित राणा, यश ठाकुर, वॉशिंगटन सुंदर।



# मनु और सम्राट ने जीता रजत

**विश्वकप में भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा**

**म्यूनिख, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सम्राट राणा की जोड़ी ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय जोड़ी को चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन याओ कियानशुन और हू काई ने बेहद करीबी मुकाबले में मात्र 0.3 अंक के अंतर से हराया। इस रजत पदक के साथ भारत ने प्रतियोगिता का समापन दो स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ किया और पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

### फाइनल में रोमांचक मुकाबला

फाइनल की शुरुआत भारतीय जोड़ी के लिए धीमी रही। पहले पांच-पांच शॉट्स की सीरीज के बाद भारत 100.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर था। सम्राट ने 51.0 और मनु ने 49.0 अंक बनाए। दूसरी सीरीज में मनु ने शानदार वापसी करते हुए 51.5 अंक जुटाए, जबकि सम्राट ने 49.9 अंक हासिल किए। इसके बाद भारतीय जोड़ी दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तीसरी सीरीज के बाद भारत ने चीन से अंतर घटाकर सिर्फ 0.1 अंक कर दिया। मनु ने 51.8 और सम्राट ने 50.7 अंक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहली एलिमिनेशन सीरीज के बाद भारतीय जोड़ी ने 2.2 अंकों की बढ़त बना ली थी। मनु ने 30.9 और सम्राट ने 30.5 अंक हासिल किए, जबकि चीनी जोड़ी दबाव में दिखाई दी।हालांकि, अगले चरण में सम्राट के 31.2 अंकों के बावजूद मनु के कुछ कमजोर शॉट्स के कारण चीन ने वापसी कर ली। 21वें शॉट के बाद भारत की 2.2 अंकों की बढ़त खत्म हो गई और चीनी जोड़ी 0.2 अंक आगे निकल गई। अंतिम सीरीज में मनु ने 10.6 का शानदार शॉट लगाया, लेकिन सम्राट केवल 8.8 अंक ही जुटा सके। इसके बाद चीन ने बढ़त बनाए रखी और भारतीय जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन की दूसरी जोड़ी शेन यीहाओ और बू शुआइहांग ने कांस्य पदक जीता।

### क्वालिफिकेशन में दूसरी भारतीय जोड़ी 10वें स्थान पर

क्वालिफिकेशन राउंड में भारत की दूसरी जोड़ी सुरुची सिंह और श्रवण कुमार 575-20× के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रही। सुरुची ने 291-11× और श्रवण ने 284-9× का स्कोर किया।दिन के पहले सत्र में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय जोड़ियां पदक दौर में जगह नहीं बना सकीं। एलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बाबूता की जोड़ी 630.0 अंकों के साथ 14वें स्थान पर रही। आर्या बोर्से और शाहू तुषार माने की जोड़ी 629.6 अंकों के साथ 16वें स्थान पर रही। इस स्पर्धा में चीन के वांग जिफेई और शेंग लिहाओ ने स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे की जैनेट हेग डुएस्टैड और जॉन-हर्मन हेग ने रजत, जबकि चीन की हान जियायु और मा सिहान की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

**डायने पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को हराया**

# कोको गॉफ का अभियान समाप्त नाओमी ओसाका अगले दौर में

**पेरिस, एजेंसी।** मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ का फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में खिताब का बचाव करने का सफर तीसरे दौर में ही थम गया लेकिन नाओमी ओसाका ने अपना शानदार अभियान जारी रखा। गॉफ को इस मैच में एक ऐसी खिलाड़ी ने पराजित किया जिसने लंबी बेसलाइन रैलियों और कोर्ट कवरेज में इस अमेरिकी खिलाड़ी का डटकर मुकाबला किया। यह खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा थीं, जिन्होंने शनिवार को तीसरे दौर में गॉफ पर 4-6, 7-6 (1), 6-4 से जीत हासिल की।

इससे पहले ओसाका ने अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में लगभग तीन घंटे में 18 वर्षीय अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी इवा जोविक को 7-6 (5), 6-7 (3), 6-4 से हराया। ओसाका का अगला मुकाबला नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका से होगा जिन्होंने डारिया कसाटकिना को 6-0, 7-5 से हराया।

### फिर से जीत दर्ज की

इसके अलावा जुआन मैनुअल ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को हराने के बाद फिर से पांच सेट की जीत दर्ज की। उन्होंने मार्टिन लैंडालुस को पांच घंटे, 58 मिनट में 6-4, 6-7 (7), 7-6 (4), 6-7 (4), 7-6 (8) से हराया। जुआन का अगला मुकाबला 2021 में विंबलडन के फाइनलिस्ट रहे माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्हें फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (3), 5-7, 6-7 (4), 6-4, 7-6 (13) से हराने में पांच घंटे, 13 मिनट लगे।

### चौथे राउंड में जगह बनाई

वहीं, फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेर का दौर जारी है। फ्रांस की डायने पैरी ने शनिवार को छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में जगह बनाई। इस साल के फ्रेंच ओपन से पहले पैरी पांच बार ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में पहुंची थीं, लेकिन कभी भी अंतिम-16 में जगह नहीं बना पाई थीं। शनिवार को कोर्ट फिलिप-शैट्रिए पर पेरिस की शोरगुल भरी भीड़ के सामने खेलते हुए पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को दो घंटे 44 मिनट तक चले तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराया। पुरुष वर्ग में अलेजांद्रो तबिलो ने 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी मोइसे कौमे को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 (9) से पराजित किया।



**29 छक्के, 313 रन;**

# नेपाल टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरी बार बनाया 300+ स्कोर

**काठमांडू (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 फाइनल से पहले क्रिकेट जगत में नेपाल की बल्लेबाजी ने तहलका मचा दिया। एशियाई खेल पुरुष टी20 क्वालिफायर में नेपाल ने चीन के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 313/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर चीन को 92 रन पर समेटकर 221 रन से एकतरफा जीत दर्ज की। इस जीत के साथ नेपाल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो बार 300 से ज्यादा रन बनाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है।

**कुशल भुर्तेल ने मचाया कोहराम** - नेपाल के सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने चीन के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने सिर्फ 43 गेंदों में 129 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 16 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। भुर्तेल ने अपनी पारी के दौरान एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने 35 गेंदों में शतक पूरा किया, जो टी20 क्रिकेट की सबसे तेज पारियों में से एक है।

**मल्ला और पौडेल ने भी बरसाए रन** - भुर्तेल के आउट होने के बाद भी नेपाल की रनगति नहीं रुकी। कुशल मल्ला ने 47 गेंदों पर 85 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने सिर्फ 21 गेंदों में नाबाद 69 रन ठोक दिए।

# हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास

**महिला टी20 क्रिकेट में ऐसा करने वाली तीसरी बल्लेबाज बनीं**



**ब्रिस्टल (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में हरमनप्रीत महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाली दुनिया की तीसरी बल्लेबाज बन गईं।

ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में हरमनप्रीत ने रन चेज के दौरान यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया। हालांकि उनकी 22 गेंदों में 28 रन की पारी भारत को जीत नहीं दिला सकी, लेकिन उन्होंने अपने नाम एक खास रिकॉर्ड जरूर दर्ज करा लिया।

हरमनप्रीत अब न्यूजीलैंड की अनुभवी बल्लेबाज सूजी बेट्स और भारतीय स्टार ओपनर स्मृति मंधाना के साथ इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गई हैं। 37 वर्षीय हरमनप्रीत ने अब तक 196 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 4019 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 29.77 और स्ट्राइक रेट 109.93 रहा है। उनके नाम एक शतक और 16 अर्धशतक भी दर्ज हैं।

**स्मृति और सूजी से पीछे, लेकिन इतिहास में दर्ज हुआ नाम** -महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम है। उन्होंने 183 मैचों में 4720 रन बनाए हैं। वहीं स्मृति मंधाना 165 मैचों में 4325 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। मौजूदा खिलाड़ियों में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू 3752 रन के साथ 4000 रन के आंकड़े के सबसे करीब हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारत को मिली हार

169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 20 ओवर में 142/9 रन ही बना सकी और उसे 26 रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन मध्यक्रम में लगातार डॉट गेंदें खेलने की वजह से रन गति पर असर पड़ा। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा कि मध्य ओवरों में जरूरत से ज्यादा डॉट गेंदें खेलने से टीम पर दबाव बढ़ गया। उन्होंने माना कि अगर बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करते रहते तो नतीजा अलग हो सकता था। तीन मैचों की टी20 सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच निर्णायक मुकाबला 2 जून को टॉन्टन में खेला जाएगा।

# पीएसजी ने लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग खिताब जीता

**सेलिब्रेशन में तोड़फोड़ और आगजनी, 416 लोग गिरफ्तार, 7 सुरक्षाकर्मी घायल**

**पेरिस (एजेंसी)।** चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की जीत के सेलिब्रेशन ने भगदड़ का रूप ले लिया। रविवार तड़के फ्रांस के अलग-अलग शहरों में तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा की कई घटनाएं हुईं। पुलिस ने 416 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।गृह मंत्रालय के अनुसार सबसे ज्यादा तनाव पेरिस में रहा, जहां 280 लोगों को हिरासत में लिया गया। झड़प में 7 पुलिसकर्मी घायल हुए। आंतरिक मामलों के मंत्री लॉरेंट नुनेज ने हिंसा की निंदा करते हुए स्थिति को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। बुडापेस्ट में खेले गए ईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में पीएसजी ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। उसने लगातार दूसरी बार खिताब जीता। पीएसजी ने पिछले साल म्यूनिख में इंटर मिलान को 5-0 से हराया था। अब 1993 के बाद अपने टाइटल को डिफेंड करने वाला दुनिया का दूसरा क्लब बना। टूर्नामेंट के इतिहास में पीएसजी लगातार दो बार खिताब जीतने वाला 10वां क्लब बना। रियल मैड्रिड के बाद पहली बार किसी टीम ने ऐसा किया, इतिहास में 10वां क्लब चैंपियंस लीग के मॉर्डन एरा में रियल मैड्रिड ही अपना टाइटल डिफेंड करने में सफल रहा था। रियल मैड्रिड ने 2016 से 2018 के बीच तीन बार ट्रॉफी जीती थी। अब इस लिस्ट में पीएसजी का नाम भी जुड़ गया है।






खिताब जीतने के बाद पीएसजी के मैनेजर लुइस एनरिक भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, मेरे अंदर अभी मिक्स फीलिंग्स हैं। उत्साह भी है और थकान भी, सब कुछ एक साथ है। लेकिन यह इस पूरे सीजन का सबसे शानदार पल है। हम अभी भी चैंपियंस हैं, वो भी लगातार दो बार। यह वाकई अद्भुत और अविश्वसनीय है।

# 1000वें वनडे में पाकिस्तान की जीत, ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया; मिन्हास का कमाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने शनिवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में 21 वर्षीय स्पिनर अराफात मिन्हास ने अपने वनडे डेब्यू को यादगार बनाते हुए पांच विकेट झटके और पाकिस्तान की जीत के नायक बने। यह मुकाबला पाकिस्तान के वनडे इतिहास का 1000वां मैच भी था। इसके साथ ही पाकिस्तान भारत (1075) और ऑस्ट्रेलिया (1020) के बाद 1000 वनडे खेलने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया।

**डेब्यू मैच में मिन्हास का ऐतिहासिक प्रदर्शन** - बाएं हाथ के स्पिनर अराफात मिन्हास ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए और वनडे डेब्यू में पांच विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए। स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं




दिया। मिन्हास को अबरार अहमद (2/44) और सलमान अली आगा (1/21) का भी अच्छा साथ मिला। उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 44.1 ओवर में 200 रन पर सिमट गई। मिन्हास ने मैच के बाद कहा, 'दबाव तो था, लेकिन मुझे ऐसे माहौल का आनंद लेना पसंद है। मेरा पूरा ध्यान इस मौके का भरपूर फायदा उठाने पर था।' टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मिन्हास ने कप्तान जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन और कैमरून ग्रीन को जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल में डाल दिया। एक समय टीम 16वें ओवर में 68 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने 55 रन बनाए, जबकि मैथ्यू रेनशॉ 61 रन के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। हालांकि कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और पूरी टीम 200 रन पर आउट हो गई।

**बाबर और गाजी ने संभाली जिम्मेदारी** - 2015 के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी कर रहे बाबर आजम ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया। उन्होंने 94 गेंदों में 69 रन बनाए और अपना 38वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए। यह उनके वनडे करियर का पहला अर्धशतक था। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 127 रन जोड़कर पाकिस्तान को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नाथन एलिस ने बाबर और घोरी दोनों को आउट किया, लेकिन तब तक पाकिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंच चुका था।

**छक्के के साथ खत्म किया मैच** - लक्ष्य के करीब पहुंचने के बाद अराफात मिन्हास ने बल्ले से भी योगदान दिया। उन्होंने 17 गेंदों में नाबाद 18 रन बनाए और मार्नस लाबुशेन की गेंद पर सीधा छक्का लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 42.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 202 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## डिफेंडिंग चैंपियन कोको गॉफ फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन में कल रात बड़ा उलटफेर हुआ। डिफेंडिंग चैंपियन कोको गॉफ तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गईं। 30वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा ने उन्हें 4-6, 7-6 (1), 6-4 से हराया। हार के बाद अमेरिकी स्टार गॉफ ने माना कि वे अहम मौकों का फायदा नहीं उठा सकीं। ऑस्ट्रिया की पोटापोवा ने लंबी बेसलाइन रैलियों में बेहतर नियंत्रण दिखाया। उन्होंने निर्णायक मौकों पर अंक लेकर जीत हासिल की। दूसरी ओर, जापान की नाओमी ओसाका ने अपने करियर के 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में जीत दर्ज की।

**ओसाका ने जोविच को हराया, अब सबालेंका से मैच** - ओसाका ने अमेरिका की इवा जोविच को 7-6 (5), 6-7 (3), 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई।

## न्यूज बाइट्स

### औरंगाबाद का नाम आदित्य नगर करने के लिए एमएलसी दिलीप सिंह को सौंपा ज्ञापन

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** देश दुनिया में विख्यात प्राचीनतम सूर्य देव की मंदिर जो हमारी संस्कृति की प्रतिनिधित्व करती है। जिसके नाम पर जिला औरंगाबाद का नाम बदलकर आदित्य नगर करने की अभियान केशव लोकमंच ने विगत छह माह से शुरू किया। पुरी कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत जिला से केंद्र तक सक्षम कार्यालय और मंत्रालयों में दस्तावेज संचिकास्त कराया । केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।अब विधानसभा और विधान परिषद जैसे सदन के पटल पर नाम परिवर्तन का प्रस्ताव पारित हो इसके लिए सभी प्रतिनिधियों के ज्ञापन सौंपने के क्रम में आज विधान परिषद श्री दिलीप कुमार सिंह को आदित्य नगर प्रस्ताव का ज्ञापन सौंपा गया। यह विरासत और संस्कृति की संरक्षण, संवर्धन और अपनी संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की एक मुहिम है। यह सामान्य जनमानस की जिज्ञासा और आकांक्षा रही है। विधान परिषद श्री सिंह ने मगही भाषा में सारे दस्तावेजों के जिला से केंद्र तक पहुंचाने की बात सुनाकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा सौभाग्य और गौरव की बात कुछ नहीं हो सकती कि देश और दुनिया में विख्यात सूर्य देव जो संपूर्ण दुनिया को आलोकित करते हैं उनके नाम पर हमारे शहर और जिला का नाम आदित्य नगर हो।

### रफीगंज नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर रविवार को प्रखंड सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। चुनाव में समिति के तीनों सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया दाउदनगर के डीसीएलआर सह निर्वाची पदाधिकारी प्रणव कुमार तथा रफीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी की देखरेख में पूरी की गई। नगर पंचायत में कुल 16 वार्ड पार्षद हैं और सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्य पदों के लिए चुनाव निर्धारित था। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि समिति के तीनों पदों के लिए नुरूल होदा खान, राजेश कुमार और सुबोध कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। प्रत्येक पद पर केवल एक-एक अभ्यर्थी द्वारा नामांकन किए जाने के कारण सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने तीनों नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

तालाब खुदाई कार्य में बाधा डालकर मांगी थी लेवी, पुलिस-एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हथियारों के साथ दबोचे गए आरोपी, सभी आरोपियों ने पूछताछ में कबूला अपराध

# नक्सली संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने वाले छह अपराधी गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के बंदेया थाना क्षेत्र में नक्सली संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने और तालाब खुदाई कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 26 मई को बंदेया थाना क्षेत्र के चपरा गांव में तालाब खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने कार्यस्थल पर पहुंचकर खुद को भाकपा (माओवादी) से जुड़ा बताते हुए एक धमकी भरा पत्र दिया और लेवी की मांग की। पत्र में रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। मामले को लेकर बंदेया थाना में कांड संख्या 53/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान 27 मई की रात करीब एक बजे तालाब खुदाई कार्य में लगे कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोग मौके पर पहुंचकर कार्य बंद कराने तथा मशीनों को आग के हवाले करने की धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मामले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

तकनीकी विश्लेषण, गुप्त सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के कराई गांव निवासी उदय कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने चपरा गांव से संटू यादव को एक देशी कट्टा के साथ दबोच लिया। इसके बाद चपरा बधार क्षेत्र में छापेमारी कर एक अन्य देशी कट्टा, एक थर्नेट तथा एक मास्केट (राइफल) बरामद की गई। हथियार बरामदगी के मामले में बंदेया थाना कांड संख्या 57/26 भी दर्ज किया गया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र से तीन अन्य आरोपियों तथा बंदेया थाना क्षेत्र से एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में गया जिले के कराई गांव निवासी उदय कुमार, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, मंझियावां गांव निवासी रंजीत कुमार उर्फ नन्हें तथा बिजहरी गांव निवासी अनिल यादव उर्फ राजेंद्र यादव सहित कुल छह लोग शामिल हैं। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी नक्सली संगठन का नाम लेकर स्थानीय लोगों, संवेदकों और कार्य एजेंसियों में भय का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि गिरफ्तार अपराधियों का किसी संगठित आपराधिक गिरोह अथवा प्रतिबंधित नक्सली संगठन से प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

# दो जून को जिले की विभिन्न पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर, समस्याओं का होगा समाधान

- बारूण, औरंगाबाद, देव, मदनपुर, रफीगंज, कुटुम्बा, नबीनगर, ओबरा, दाउदनगर, गोह एवं हसपुरा प्रखंडों की चयनित पंचायतों में शिविर लगेंगे।
- जिला प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में दो जून को विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं, शिकायतों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करना है। जिला प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के नागरिकों से निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार बारूण प्रखंड के पिपरा एवं धनगाई पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड के पड़रावाँ एवं खैरा बिन्द पंचायत, देव प्रखंड के पवई एवं खरकनी पंचायत तथा मदनपुर प्रखंड के पिपरौरा एवं वार पंचायत में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे।

इसी प्रकार रफीगंज प्रखंड के पौथु, इटार, लट्टा एवं कजपा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड के भरौंधा, कर्मा बसंतपुर, डुमरा एवं घेउरा पंचायत, नबीनगर प्रखंड के महुआंव एवं अंकोरहा पंचायत तथा ओबरा प्रखंड के तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत में भी शिविर आयोजित होंगे। वहीं दाउदनगर प्रखंड के शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड के हथियारा, बनतारा, अमारी एवं तेयाप पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड के पीरु एवं पुरहारा पंचायत में भी आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने कहा है कि शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहेंगे, जो लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित पंचायतों में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। 'आपकी समस्या — प्रशासन का समाधान' की भावना के साथ आयोजित इन सहयोग शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** शहर के रामराज नगर स्थित भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 134वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय संवेदनाओं तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे प्रेरणादायी व्यक्तियों और सामुदायिक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सामान्य नागरिकों द्वारा किए जा रहे असाधारण कार्य विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव सामूहिक प्रयासों और जनसहभागिता से ही संभव है।

# घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप, शिक्षक ने पत्नी और साले पर मारपीट का आरोप लगाया

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद शहर के वार्ड संख्या-14 स्थित शाहपुर अखाड़ा मोहल्ले में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक शिक्षक ने अपनी पत्नी और साले पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। घायल शिक्षक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घायल की पहचान 31 वर्षीय संजीत कुमार के रूप में हुई है, जो शाहपुर अखाड़ा निवासी स्वर्गीय राजेंद्र भगत के पुत्र हैं। संजीत कुमार सदर प्रखंड के भगवान बिगहा स्थित नई प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

संजीत कुमार ने बताया कि उनकी शादी इसी वर्ष 24 फरवरी को ओबरा बाजार निवासी सुरेश कुमार मालाकार की पुत्री श्वेता कुमारी से हुई थी। उन्होंने बताया कि माता-पिता के निधन के बाद उनका पालन-पोषण उनके चाचा और चाची ने किया था, जिसके कारण वह आज भी उनके साथ रहते हैं। उनका आरोप है कि विवाह के बाद से उनकी पत्नी चाची के साथ रहने को लेकर असहज थी और अलग घर बसाने का दबाव बना रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। शिक्षक के अनुसार शनिवार की रात पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया, जिसके बाद पत्नी ने अपने मायके वालों को सूचना दी। सूचना मिलने पर उसके पिता और अन्य परिजन वहां पहुंचे। मामले की सूचना पर डायल-112 पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को नगर थाना ले जाया गया। थाने में काफी देर तक बातचीत और समझौते का प्रयास किया गया, जिसके बाद दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज दिया गया।

संजीत कुमार का आरोप है कि थाने से निकलने के दौरान उनकी पत्नी ने अपने भाई अभिषेक राज उर्फ आदित्य को उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाया। उन्होंने बताया कि किसी तरह वह वहां से घर लौट आए। रविवार सुबह उनकी पत्नी अपने भाई के साथ फिर घर पहुंची और दोनों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे उनके चचेरे भाई ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल शिक्षक ने आरोप लगाया है कि मारपीट के बाद उनकी पत्नी और साला घर में रखे 40 हजार रुपये नकद तथा करीब दो लाख रुपये मूल्य के गहने लेकर चले गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि पत्नी अपने निजी आभूषण भी साथ ले गई है। घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इस मामले में शिक्षक की पत्नी श्वेता कुमारी अथवा उनके मायके पक्ष का बयान सामने नहीं आ सका है। ऐसे में पुलिस दोनों पक्षों के दावों और आरोपों की जांच कर रही है। फिलहाल यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# खाना का पैसा मांगने पर होटल में घुसकर की मारपीट, मैनेजर समेत चार घायल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर थाना क्षेत्र स्थित नीलम पैलेस होटल में खाना का बकाया भुगतान मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शनिवार दोपहर कुछ युवक थार वाहन से होटल पहुंचे और होटल कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की। घटना में होटल के मैनेजर समेत चार लोग घायल हो गए। पूरी वारदात होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घायलों में पौथु थाना क्षेत्र के हरबंशा गांव निवासी होटल मैनेजर मनीष कुमार, झारखंड के पलामू जिले के कसमार गांव निवासी वेटर पिंटू कुमार, माली थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी सफाई कर्मी रीमा देवी तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा निवासी वीणा देवी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पिपरडीह निवासी पिंटू कुमार और विकास कुमार अपने दो अन्य साथियों के साथ काले रंग की थार वाहन से होटल पहुंचे। होटल पहुंचते ही उन्होंने काउंटर पर बैठे मैनेजर मनीष कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची महिला कर्मियों को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। पीड़ितों के अनुसार सफाई कर्मी रीमा देवी और उनकी सहकर्मी वीणा देवी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों महिलाओं के बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से उनकी पिटाई की। साथ ही जातिसूचक गालियां देने का भी आरोप लगाया गया है। होटल कर्मियों का आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने मैनेजर से सोने की अंगूठी, मोबाइल फोन और काउंटर में रखे करीब 25 हजार रुपये भी छीन लिए। इतना ही नहीं, घटना के बाद आरोपित होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, ताकि उनके खिलाफ सबूत न बच सके।

# औरंगाबाद नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के पांच सदस्य निर्विरोध निर्वाचित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के सभी पांच सदस्य रविवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। बिहार नगरपालिका अधिनियम (संशोधन) 2026 के तहत नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। निर्धारित समय सीमा तक समिति के पांच पदों के लिए केवल एक-एक उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। किसी भी पद के लिए अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया, जिसके कारण सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित सदस्यों में श्रीमती शोभा सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार, मलका बानो तथा श्रीमती पिंकी कुमार शामिल हैं। निर्वाचन की औपचारिक घोषणा के बाद सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन सभी वार्ड पार्षदों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नवगठित सशक्त स्थायी समिति नगर परिषद के विकास कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नगर परिषद परिसर में आयोजित इस प्रक्रिया के दौरान जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निर्विरोध निर्वाचन के बाद निर्वाचित सदस्यों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति में अशोक सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने पर बरौली में खुशी की लहर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के रूप में अशोक सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके निर्वाचन पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अशोक सिंह के पैतृक गांव बरौली के लोगों ने विशेष रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। बरौली के अजीत मिश्रा मुकेश सिंह अविनाश सिंह सुरेंद्र सिंह मनोज सिंह रंग बहादुर सिंह महेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने कहा कि अशोक सिंह का निर्विरोध निर्वाचन होना उनके प्रति लोगों के विश्वास और लोकप्रियता का प्रतीक है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के रूप में अशोक सिंह नगर परिषद क्षेत्र के विकास, जनहित और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# दाउदनगर और ओबरा के इंडियन ऑयल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और ईंधन आपूर्ति को लेकर विभिन्न स्तरों पर चर्चाओं के बीच दाउदनगर और ओबरा क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने दावा किया है कि उनके यहां पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। दाउदनगर के भखरुआं स्थित कुमार ब्रदर्स, बुधन बिगहा स्थित मां सरस्वती फ्यूल्स तथा ओबरा प्रखंड के ऊब स्थित श्री हरि जानकी नाथ सर्विसेस में नियमित रूप से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति की जा रही है। तीनों पेट्रोल पंप इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से संबद्ध हैं।

कुमार ब्रदर्स के संचालक शैलेश कुमार ने बताया कि उनकी इकाई को कंपनी की ओर से पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि कुछ क्षेत्रों में ईंधन आपूर्ति पूर्व की तुलना में कम होने के कारण मांग के अनुरूप उपलब्धता प्रभावित हो रही है। हालांकि, संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उनके यहां आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है और ग्राहकों को निर्बाध रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। शैलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में दाउदनगर क्षेत्र में पेट्रोल 114.46 रुपये प्रति लीटर, डीजल 100.40 रुपये प्रति लीटर तथा एक्सपी-95 (ब्रांडेड पेट्रोल) 123.36 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध है। पंप संचालकों ने वाहन चालकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आवश्यकता अनुसार सामान्य रूप से ईंधन क्रय करने की अपील की है। उनका कहना है कि फिलहाल उनके प्रतिष्ठानों पर पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है।

# औरंगाबाद के दो युवा क्रिकेटरों का यंग स्टार क्रिकेट लीग में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के कमदरपुर गांव के दो प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों, विशाल कुमार सिंह और अभिषेक सिंह का राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता यंग स्टार क्रिकेट लीग में चयन होने से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। दोनों खिलाड़ियों की सफलता को गांव और जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कमदरपुर गांव, पोस्ट-चैनपुर, थाना-माली निवासी विशाल कुमार सिंह का चयन यंग स्टार क्रिकेट लीग की अंडर-19 कैटामाउंट्स टीम में गेंदबाज के रूप में हुआ है। उनके पिता का नाम राजीव कुमार सिंह है। 16 अप्रैल को दानापुर में आयोजित ट्रायल के दौरान विशाल ने अपनी सटीक और प्रभावशाली गेंदबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बाद 26 मई को घोषित परिणाम में उनका चयन सुनिश्चित किया गया। वहीं किसान परिवार से आने वाले युवा तेज गेंदबाज अभिषेक सिंह ने भी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर यंग स्टार क्रिकेट लीग में जगह बनाई है। अभिषेक के पिता स्वर्गीय कृष्णा सिंह थे। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद उन्होंने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को बनाए रखा और लगातार अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 16 अप्रैल 2026 को आयोजित ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर 26 मई को उनके चयन की घोषणा की गई। यंग स्टार क्रिकेट लीग युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और बड़े मंच तक पहुंचने का अवसर प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण क्रिकेट लीग मानी जाती है।

# रफीगंज में खाद की नहीं है कोई कमी, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं उर्वरक : कृषि पदाधिकारी

- किसानों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आवश्यकता अनुसार ही खाद खरीदने की अपील

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

खरीफ वर्ष 2026 की शुरुआत के साथ उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसानों के बीच फैल रही आशंकाओं के बीच प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या ने स्पष्ट किया है कि रफीगंज प्रखंड में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदने की अपील की है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में प्रखंड के विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं और प्रतिष्ठानों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उनके अनुसार यूरिया के 27,610 बैग, डीएपी के 4,931 बैग, एनपीके के 6,329 बैग तथा एसएसपी के 13,870 बैग उपलब्ध हैं। ऐसे में किसानों को खाद की कमी को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग लगातार उर्वरकों की उपलब्धता पर नजर बनाए हुए है और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों से अपील की गई है कि वे घबराहट में अनावश्यक भंडारण न करें और अपनी जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों की खरीदारी करें।

अमृता कुमारी मौर्या ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि बाजार में पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के अलावा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

# दाउदनगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न, तीन सदस्यों का हुआ निर्वाचन

निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)



दाउदनगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्य पदों के लिए रविवार को निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीओ कक्ष में आयोजित चुनाव में वार्ड पार्षदों ने मतदान कर तीन सदस्यों का चयन किया। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन की देखरेख में संपन्न हुई। निर्वाचन कार्य में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. जफर इमाम, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सतीश राम, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रकाश कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार ने सहयोग किया। चुनाव के लिए सुबह सभी 27 वार्ड पार्षदों की पहचान और जांच के बाद उन्हें मतदान कक्ष में प्रवेश दिया गया। मतदान से पूर्व एसडीओ ने सभी पार्षदों को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

# बकरीद मनाने घर आए युवक की करंट लगने से हुई मौत

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र के कारा गांव में आज 34 साल के युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी हाजी कमरुद्दीन अंसारी के बेटे हिफजुल रहमान के रूप में की गई है। हिफजुल रहमान गुजरात स्थित एक बड़े स्प्रिंग प्लांट में कार्यरत था। बकरीद का त्योहार मनाने के लिए वह कुछ दिन पहले अपने गांव कारा आया था। परिवार वालों के अनुसार उसकी वापसी की टिकट 11 जून की थी और वह जल्द ही फिर से ड्यूटी पर लौटने वाला था। लेकिन घर लौटने की खुशी के बीच एक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। बताया जाता है कि घर में हाल ही में नया इनवर्टर लगाया गया था।

बिजली कटौती के दौरान परिवार के लोग उसी इनवर्टर से चल रहे पंखे का उपयोग कर रहे थे। रविवार को हिफजुल इनवर्टर से एक अतिरिक्त कनेक्शन जोड़ने के लिए तार जोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गया।